इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, स्वस्थ तनमन तो खुशहाल जीवन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी/चतुर्दशी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 12, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम | 37.0° अधिकतम तापमान | 20.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 53 | सूर्यास्त 18 : 29 | मुरादाबाद, रविवार, 7 अप्रैल 2024

अक्षरा और मनकीरत का गाना 'डिफेंडर' रिलीज...15

महिला को अर्धनग्न कर घुमाया, चार गिरफ्तार

तरन तारन, एजेंसी

- वायरल वीडियों पर पुलिस ने कहा- घटना 31 मार्च की शाम की
- पंजाब के तरन तारन की 55 वर्षीया महिला से हुई घटना

पंजाब के तरन तारन के वल्टोहा गांव में 55-वर्षीया महिला के साथ उसके बेटे के ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे अर्धनग्न करके घुमाया। पीड़िता के बेटे ने युवती से उसके परिजनों की इच्छा के खिलाफ शादी की थी। पुलिस ने मामले में महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी अश्वनी कपूर ने शनिवार को बताया कि वोल्टोहा गांव में महिला से मारपीट और उसे अर्धनग्न कर घुमाने के आरोप में एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में वल्टोहा के जीवन नगर के कुलविंदर कौर, गुरचरण सिंह और शरणजीत सिंह उर्फ सनी और तरनतारन के गांव आबादी अमरकोट अमीरके के सनी है। यह घटना 31 मार्च की शाम को हुई थी। एक महीना पहले पीड़िता का पुत्र एक लड़की संग भाग गया था और शादी कर ली। उन्होंने कहा कि घटना का वीडियो, जिसमें महिला को परेड कराते देखा गया था, आरोपियों ने वायरल किया था।

सिसोदिया को 18 तक जेल से राहत नहीं

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने शनिवार को ईडी के एक मामले में आप नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी। सिसोदिया को राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया। पूर्व उपमुख्यमंत्री को पिछले साल 26 फरवरी को सीबीआई ने और बाद में नौ मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ट्रायल कोर्ट, दिल्ली हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने दोनों मामलों में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। शीर्ष अदालत के जमानत से इनकार के खिलाफ समीक्षा याचिका भी रद कर दी थी। उनकी क्यूरेटिव याचिकाएं भी रद हो चुकी हैं।

प्रधानमंत्री ने सहारनपुर की चुनावी रैली में विपक्ष पर जमकर साधा निशाना

कमीशन के लिए चुनाव लड़ रहा इंडिया गठबंधन : मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो लड़कों की फ्लॉप फिल्म को फिर से रिलीज कर रहा गठबंधन
- भगवा वाहन पर सवार मोदी का गाजियाबाद में पहला रोड शो

गाजियाबाद में रोड शो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडिया गठवंधन कमीशन के लिए है जबकि एनडीए व मोदी सरकार मिशन के लिए है। शक्ति के अपमान को नवरात्र से जोड़ते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस की सोच पर मुस्लिम लीग और वामपंथी हावी हैं। आजादी की लड़ाई लड़ने वाली कांग्रेस दशक पहले खत्म हो चुकी है। गाजियाबाद में भगवा वाहन से पहला चुनावी रोड-शो कर मोदी मतदाताओं को लुभाते दिखे।

प्रधानमंत्री ने शनिवार को सहारनपुर की चुनावी रैली में भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल और कैराना से प्रदीप चौधरी के लिए जनता से वोट की अपील कर रहे थे। मोदी ने कहा कि हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाना चाहते हैं मगर विरोधी सत्ता के लिए तड़प रहे हैं। ये देश का पहला चुनाव है जहां विपक्ष सिर्फ इसलिए चुनाव लड़ रहा है कि भाजपा की 370 से कम व एनडीए की 400 से कम सीटें की जा सके। सपा को तो यहां हर घंटे अपने उम्मीदवार बदलने पड़ रहे हैं वहीं, कांग्रेस को तो उम्मीदवार ही नहीं मिल रहे हैं। मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेशवासी समझदार हैं। यहां दो लड़कों की जो फिल्म पिछली बार फ्लॉप हो चुकी है उसे इंडिया गठबंधन ने फिर से रिलीज किया है।

योगी ने भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए मांगा वोट

मुख्यमंत्री योगी ने विपक्ष की तमाम नाकामियां गिनाते हुए कहा कि हमें जाति-संप्रदाय, तुष्टिकरण या किसी वाद के आधार पर नहीं, बल्कि विकसित भारत की संकल्पना व भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए वोट दें। जिससे हम सभी पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की संकल्पना को साकार होते हुए देख सकें। यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, ब्रजेश सिंह, जसवंत सैनी, सहारनपुर से भाजपा प्रत्याशी राघव लखन पाल शर्मा, सांसद व कैराना से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
लोक दर्पण

इस बार के रविवारीय संस्करण में स्वस्थ तनमन तो खुशहाल जीवन।

सुल्ताना डाकू ने रामनगर और पीलीभीत के जंगलों में डाला था डेरा।

पढ़ें विशेष...

एक नजर

यौन उत्पीड़न में शिक्षक के निलंबन को मंजूरी

नई दिल्ली। उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे दिल्ली सरकार द्वारा संचालित मेडिकल कॉलेज के सहायक प्राध्यापक को निलंबित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। पिछले महीने 22 वर्षीय एमबीबीएस की छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सहायक प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोप पत्र दायर किया था। निलंबन आदेश में सक्सेना ने कहा कि उन्होंने सहायक प्रोफेसर को निलंबित करने और उन पर अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने के प्रस्ताव पर विचार किया है। उन्होंने कहा कि यौन उत्पीड़न की घटना मेडिकल कॉलेज में हुई थी, इसलिए मेडिकल कॉलेज की आंतरिक शिकायत समिति की सिफारिश के अनुसार आरोपी का केवल स्थानांतरण, छात्रों को भयभीत करने वाले माहौल को कम नहीं करेगा।

वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर लगेंगे स्वास्थ्य एटीएम

जम्मू। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रा मार्ग पर नौ स्वास्थ्य एटीएम स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि स्वास्थ्य एटीएम 10 मिनट के भीतर 50 से अधिक मापदंडों की तुरंत जांच कर सकते हैं, जिनमें रक्तचाप (बीपी), शर्करा, शरीर का तापमान, ऑक्सीजन स्तर, बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स), शरीर में वसा सूचकांक, निर्जलीकरण और नब्ज की गति शामिल हैं। श्राइन बोर्ड ने स्वास्थ्य एटीएम और कटरा में एक टेलीमेडिसिन स्टूडियो के लिए हेवलेट पैकार्ड एंटरप्राइज के साथ समझौता किया है।

बंगाल में एनआईए अधिकारियों की टीम पर भीड़ ने किया हमला

2022 विस्फोट मामले में दो साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करके ले जा रही थी एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी

प. बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में भूपतिनगर में 3 दिसंबर 2022 को हुए विस्फोट मामले में दो साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार कर ले जा रही राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया। एजेंसी के प्रवक्ता के मुताबिक हमले में एक अधिकारी घायल और एक वाहन क्षतिग्रस्त हुआ है। लगभग 50 से 60 महिलाओं ने सुबह 6.20 बजे एनआईए के वाहन पर हमला कर तोड़फोड़ की। स्थानीय पुलिस थाने में एनआईए ने प्राथमिकी दर्ज करा दी है। शनिवार की घटना ने पांच जनवरी की घटना की याद दिला दी, जब उत्तरी 24 परगना के संदेशखालि में राशन घोटाले में छापेमारी के दौरान ईडी के अधिकारियों पर हमला हुआ था।

एनआईए प्रवक्ता ने कहा, पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर विस्फोट मामले में बड़ी सफलता मिली। एनआईए ने पूर्वी मेदिनीपुर जिले में भीड़ के प्रतिरोध के बीच दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया। दिसंबर 2022 के विस्फोट में तीन लोगों की मौत हुई थी। दोनों आरोपी बलाई चरण मेइती और मनोब्रत जाना को पांच स्थानों की तलाशी के बाद पकड़ा गया। जाना के घर की तलाशी के दौरान लोगों ने एनआईए के काम में बाधा डालने की कोशिश की। भीड़ ने टीम को भूपतिनगर पुलिस स्टेशन की ओर बढ़ने से रोकने की कोशिश की। एनआईए ने स्थानीय पुलिस थाने में इसकी शिकायत की है।

- हमले में एक अधिकारी घायल और टीम का एक वाहन क्षतिग्रस्त

जाना-मेइती पर आतंक फैलाने की साजिश का आरोप

एनआईए प्रवक्ता ने कहा कि जाना और मेइती पर आतंक फैलाने के लिए देसी बम बनाने और विस्फोट की साजिश का आरोप है। भूपतिनगर में तीन दिसंबर 2022 को कच्चे मकान में हुए विस्फोट में राजकुमार मन्ना, बिस्वजीत और बुद्धदेव मन्ना घायल हुए थे और बाद में तीनों की मौत हो गई थी। राज्य पुलिस ने मारे गए तीनों लोगों के खिलाफ तीन दिसंबर 2022 को प्राथमिकी दर्ज की थी, लेकिन विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धाराएं नहीं लगाई थीं। कलकत्ता हाईकोर्ट के समक्ष याचिका दायर करके मामले की जांच एनआईए को सौंपने का अनुरोध किया गया था। एनआईए ने हाईकोर्ट के 21 मार्च 2023 के आदेश पर चार जून को जांच का जिम्मा लिया और फिर से मामला दर्ज किया।

हमले को गंभीरता से लिया जाए : राज्यपाल

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने एनआईए पर हुए हमले पर कहा कि इस मामले को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि जांच एजेंसियों को परेशान करने की कोशिश से किसी को फायदा नहीं होगा। यह बहुत गंभीर स्थिति है और मामले से गंभीरता से निपटा जाना चाहिए।

एनआईए ने ग्रामीणों पर हमला किया : ममता

बालुरघाट। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर के ग्रामीणों ने एनआईए के अधिकारियों पर हमला नहीं किया, बल्कि एनआईए के अधिकारियों ने ग्रामीणों पर हमला किया। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों की प्रतिक्रिया को आत्मरक्षा में उठाया गया कदम बताया। एजेंसी के अधिकारी जांच के लिए तड़के ग्रामीणों के घरों में घुसे थे।

उत्तर प्रदेश, बिहार में कई स्थानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली। एनआईए ने भाकपा (माओवादी) के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 11 और बिहार के कैमूर जिले में एक स्थान पर आरोपियों व संदिग्धों के ठिकानों की तलाशी ली।

एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, सिम व मेमोरी कार्ड समेत कई डिजिटल उपकरण और प्रतिबंधित नक्सली संगठन के पर्चों जैसे दस्तावेज जब्त किए गए। एनआईए ने पिछले साल 10 नवंबर को बलिया में भाकपा (माओवादी) के हथियारों और गोला-बारूद, आपत्तिजनक दस्तावेज, साहित्य और किताबों की बरामदगी के बाद पांच लोगों की गिरफ्तारी से संबंधित मामले की जांच अपने हाथ में ली थी। एजेंसी ने नौ फरवरी, 2024 को चार लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। अब तक की जांच के अनुसार, प्रतिबंधित संगठन उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश समेत उत्तरी क्षेत्र में सक्रिय है। भाकपा (माओवादी) के नेता, कार्यकर्ताओं और ओवर ग्राउंड वर्कर इस क्षेत्र में संगठन की स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं।

बच्चा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 7 गिरफ्तार

4 से 6 लाख में निःसंतान दंपत्ति को बेचते थे बच्चे

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली और हरियाणा में 7 जगहों पर सीबीआई ने की छापेमारी
- एजेंसी ने डेढ़ दिन और 15 दिन के दो शिशुओं को किया बरामद

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने सोशल मीडिया विज्ञापनों के माध्यम से निःसंतान दंपतियों को बच्चे बेचने वाले सात लोगों को गिरफ्तार करके बाल तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया और अभियान के दौरान दो शिशुओं को बचाया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सीबीआई ने शुक्रवार शाम को दिल्ली और हरियाणा में सात स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया। एजेंसी के अधिकारियों ने डेढ़ दिन और 15 दिन के दो शिशुओं को बरामद किया, जिन्हें गिरोह बेचने की योजना बना रहा था।

सीबीआई ने गिरोह के सात सदस्यों को पकड़ा, जिन्हें बाद में गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में सोनीपत का नीरज और दिल्ली के पश्चिम विहार की इंदु पवार, पटेल नगर का असलम, कन्हैया नगर की पूजा कश्यप, मालवीय नगर की अंजलि, कविता और रितु शामिल हैं। गिरोह फेसबुक पेज और व्हाट्सएप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन के जरिए बच्चे गोद लेने के इच्छुक निःसंतान दंपतियों से संपर्क करता था। सीबीआई प्रवक्ता ने अभियान के बारे में बताया कि गिरोह के लोग वास्तविक माता-पिता के साथ-साथ सरोगेट माताओं से भी बच्चे खरीदते थे और उसके बाद शिशुओं को चार से छह लाख रुपये प्रति बच्चे की कीमत पर बेचते थे। ये आरोपी गोद लेने से संबंधित दस्तावेज में फर्जीवाड़ा करके कई निःसंतान दंपतियों से लाखों रुपये की ठगी करने में भी शामिल थे। तलाशी में सीबीआई ने 5.5 लाख नकद और दस्तावेज जब्त किए। गिरफ्तार आरोपियों सहित 10 लोगों पर आईपीसी के प्रावधानों और किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत मामला दर्ज किया है। तस्करों का एक नेटवर्क गोद लेने के उद्देश्य के साथ अन्य अवैध उद्देश्यों के लिए भी शिशुओं की खरीद-बिक्री करता है।

आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में सपा प्रत्याशी रुचिवीरा समेत दो पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- डिप्टीगंज चौराहा स्थित अपने मकान में जनसभा कराने वाले उमाकांत भी नामजद

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी रुचि वीरा समेत दो लोगों के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में विधानसभा नगर क्षेत्र की फ्लाइंग स्क्वायड टीम-द्वितीय के प्रभारी उमेश कुमार त्रिवेदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शनिवार को दर्ज एफआईआर में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी रुचि वीरा और सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के डिप्टीगंज चौराहा निवासी उमाकांत गुप्ता नामजद हुए हैं। आरोप है कि शुक्रवार देर शाम बलदेव आर्य कन्या इंटर कॉलेज डिप्टीगंज चौराहा के पास उमाकांत गुप्ता के मकान में रुचि वीरा द्वारा बिना अनुमति जनसभा का आयोजन किया गया। एफएसटी द्वितीय के प्रभारी की ओर से कहा गया है कि जानकारी मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे। देखा कि मकान के अंदर बरामदे में प्रत्याशी रुचि वीरा 40-50 व्यक्तियों को संबोधित कर रही थीं।

बरामदे के बाहर जलपान की व्यवस्था भी थी जिसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई है। वहीं शुक्रवार को मुगलपुरा में जामा मस्जिद चौराहा पर रुचि वीरा मुस्लिम समुदाय के लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन कर रही थीं। वहां मौजूद सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव ने उन्हें रोका तो दोनों में नोकझोंक भी हुई थी।

रामनवमी, चुनाव में माहौल खराब करने की थी तैयारी

- आतंकियों से एटीएस और एनआईए कर रहीं पूछताछ

लखनऊ। नेपाल से भारत में प्रवेश करते पकड़े गए तीनों आतंकी रामनवमी और लोकसभा चुनाव में माहौल खराब करने की तैयारी में थे। एटीएस सूत्रों ने यह जानकारी दी। एटीएस और एनआईए उनसे पूछताछ कर रही हैं। एटीएस तीनों को नेपाल और कश्मीर ले जाएगी। पूछताछ में पता चला कि जम्मू-कश्मीर निवासी अल्ताफ एवं उसके मामा गजनफर 10 वर्ष से पाकिस्तान में रह रहे थे। दोनों आईएसआई एजेंट सलीम की मदद से भारत आए थे। पाकिस्तान से ही दोनों आईएसआई और हिजबुल मुजाहिद्दीन के संपर्क में आए थे। जम्मू-कश्मीर पुलिस से एटीएस ने इनका ब्योरा मांगा है। अल्ताफ ने अपने बचाव में कहा कि वह सलीम की मदद से घर वापसी कर रहे थे तभी पकड़े गए। एटीएस इनके पास से बरामद मोबाइल डाटा की जांच कर रही है। क्योंकि एटीएस को भनक है कि तीनों आतंकी किसी बड़ी घटना कराने की फिराक में थे।

गगन शक्ति अभ्यास

उन्नाव जिले में गगन शक्ति 2024 अभ्यास के दौरान आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर आपातकालीन लैंडिंग और टेक-ऑफ करता भारतीय वायु सेना का विमान।

मुख्य अभियुक्त के साथी की तलाश

पेपर लीक मामला

- डा. शरद सिंह से 25 लाख रुपये के बदले हुई थी प्रश्नपत्र की डील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समीक्षा अधिकारी/ सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ/ एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 का प्रश्नपत्र लीक कराने में शामिल व अभ्यर्थियों को पेपर पढ़ाने के आरोपी डा. शरद सिंह की तलाश एसटीएफ ने शुरू कर दी है। शरद ने मोटी रकम देकर पेपर खरीदा था, अभ्यर्थियों को पढ़वाया था। इसी मामले में आरोपी अमित सिंह की गिरफ्तारी के बाद शरद का नाम सामने आया था।

एसटीएफ मामले में मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा, अमित सिंह के अलावा दो अन्य को कौशांबी से गिरफ्तार कर चुकी है। इनसे पूछताछ में शरद का नाम सामने आया था। आरोपियों ने बताया था कि शरद से प्रश्नपत्र के बदले 25 लाख रुपये की डील हुई थी। शरद अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। वह कहां है? क्या कर रहा है? इसकी जानकारी लेने का प्रयास किया जा रहा है। एसटीएफ ने शरद की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी है। विभागीय अफसरों का कहना है कि शरद को भी जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

राजीव नयन को 6 दिन की रिमांड

मेरठ। जिले की एक अदालत ने उत्तर प्रदेश पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले में गिरफ्तार अभियुक्त राजीव नयन मिश्रा को छह दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। एसटीएफ की मेरठ इकाई के एसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में पैरवी के लिए लक्ष्य कुमार सिंह विशेष लोक अभियोजक हैं, जिन्होंने सीजेएम आकांक्षा सिंह की अदालत में राजीव की पुलिस रिमांड के लिए अर्जी दी थी। पेपर लीक करने वाले राजीव को ग्रेटर नोएडा के परी चौक से दो अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। राजीव थाना कंकरखेड़ा, मेरठ के उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम समेत अन्य धाराओं में दर्ज मामले में वांछित था। इसी मामले में उसकी गिरफ्तारी की गई थी। गुरुग्राम के अलावा राजीव ने रीवा के भी रिसॉर्ट में प्रश्नपत्र लीक से जुड़ी गतिविधि को अंजाम दिया था।

वृद्धावस्था पेंशन | वाराणसी, गोरखपुर, अयोध्या व बरेली में वृद्धावस्था लाभार्थियों की संख्या सर्वाधिक

लंबी हुई कतार, एक वर्ष में बढ़ गए नौ लाख पेंशनर्स

राजीव शुक्ला, लखनऊ

46,55,818 लाभार्थी थे वित्तीय वर्ष 2023-2024 में अप्रैल से जून तक

55,68,590 हो गई जनवरी से मार्च 2024 के अंतिम तिमाही में संख्या

> विभाग का प्रयास होता है कि जनहित से जुड़ी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि लोगों को उसका लाभ मिल सके। वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत अधिक से अधिक पात्रों को लाभ दिया गया है।
>
> – कुमार प्रशांत, निदेशक, समाज कल्याण

अमृत विचारः समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का लाभ लेने वालों की संख्या में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। एक वर्ष में वृद्धावस्था पेंशन लेने वालों की संख्या नौ लाख से अधिक बढ़ गई है। विभाग की ओर से योजना के तहत वृद्धों को एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन दी जाती है। इसकी धनराशि हर तिमाही लाभार्थी के बैंक खाते में जाती है। पेंशन के लिए न्यूनतम आयु 60 वर्ष होनी चाहिए। लाभ के लिए ग्रामीण क्षेत्र में 46,080 और शहरी क्षेत्र में 56,460 रुपये प्रति वर्ष से अधिक आय नहीं होनी चाहिए।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में अप्रैल से जून तक तिमाही में पेंशन किस्त भेजने के समय प्रदेश में लाभार्थियों की संख्या 46,55,818 थी। यह जुलाई से सितंबर तक दूसरी तिमाही में बढ़कर 46,66,083 पहुंच गई। अक्टूबर से दिसंबर तक पेंशन लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 52,79,288 हो गई थी। वित्तीय वर्ष समाप्त होने से मार्च में भुगतान किया गया तो पात्रों की संख्या 55,68,590 हो गई। पेंशन का लाभ लेने वालों की बुजुर्गों की संख्या प्रतिमाह औसतन 76,064 बढ़ी है।

पेंशन लाभार्थियों की वृद्धि का आंकड़ा

जिला	जून 2023	मार्च 2024
आगरा	50,649	63,477
अलीगढ़	51,604	60,792
अंबेडकरनगर	113,198	129793
आजमगढ़	142459	172464
अयोध्या	77343	91030
बहराइच	92849	119916
बलिया	104278	125049
बरेली	67358	78469
बस्ती	94042	109073
बाराबंकी	91011	110880

जिला	जून 2023	मार्च 2024
गोरखपुर	128423	157073
हरदोई	102526	125678
जौनपुर	156827	177855
कानपुर देहात	66479	74613
कानपुर नगर	60803	78234
रामपुर	39336	46666
शाहजहांपुर	74,775	89390
उन्नाव	103034	120206
लखनऊ	55759	65931
वाराणसी	83603	102801

रमजान मुबारक

7 अप्रैल, इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 41 मिनट
शिया- 6 बजकर 47 मिनट

8 अप्रैल सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 20 मिनट
शिया- 4 बजकर 25 मिनट

नोट- क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

- क्षत्रिय समाज का होली मिलन कार्यक्रम ज्ञान सरोवर बैंक्वेट हॉल में सुबह 9:30 बजे।
- विकास भवन परिसर में भारतीय किसान यूनियन की पंचायत दोपहर 12:30 बजे।

एक नजर

13 अप्रैल तक पूरा करें मतदान पर्ची वितरण

शाहबाद, अमृत विचार : एसडीएम ने बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि 13 अप्रैल तक मतदान पर्ची वितरण का काम पूरा कर लें। उन्होंने कहा कि किसी बीएलओ ने कोताही बरती तो वह कार्रवाई के लिए तैयार रहे। शनिवार को एसडीएम सुनील कुमार ने बीएलओ को निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करने की बात कही। कहा कि मतदाता सूचना पर्ची मतदाता या उसके परिवार को ही दें। मतदाता को पर्ची देते समय बीएलओ हस्ताक्षर भी कराएगा। यदि कोई बीएलओ पर्ची वितरण का कार्य किसी अन्य से कराता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सभी बीएलओ मतदाता पर्ची वितरण करने की रिपोर्ट निर्वाचन कार्यालय पर दें। 13 अप्रैल तक पर्ची वितरण का कार्य हर हाल में पूरा कर लें।

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परीक्षा देते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

बीए प्रथम वर्ष की परीक्षा में 33 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो गई हैं। प्रथम पाली में बीए प्रथम वर्ष की हिंदी की परीक्षा हुई। इसमें 399 छात्र पंजीकृत थे। इस दौरान 33 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एमजेपी विश्वविद्यालय बरेली की मुख्य परीक्षा शनिवार से शुरू हुई। परीक्षा प्रभारी डॉ. एसएस यादव ने बताया कि महाविद्यालय में 19 मार्च से 17 जून तक मुख्य वार्षिक परीक्षा का आयोजन तीन पालियों में किया जा रहा है। सुबह की पाली सात से 10 और दोपहर की पाली 11 से दो बजे तक होगी। सायंकालीन पाली तीन से छह बजे तक आयोजित की जा रही है। प्रथम पाली में बीए प्रथम वर्ष हिंदी विषय की परीक्षा हुई। इसमें 399 छात्र पंजीकृत थे। इनमें से 33 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

नगर में प्रतिदिन की जाएगी सफाई और फॉगिंग

रामपुर, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद में हुई बैठक में संचारी रोग नियंत्रण को लेकर कर्मचारियों को जरूरी निर्देश दिए गए। फॉगिंग व साफ-सफाई बेहतर रखने के लिए कहा। चेतावनी दी कि काम में लारपवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

शनिवार को संचारी रोग को लेकर बैठक हुई। इसमें ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि एक अप्रैल से शुरू हुए संचारी रोग नियंत्रण अभियान में सफाई का विशेष ध्यान रखना है। प्रतिदिन एंटीलार्वा का छिड़काव व फॉगिंग कराई जाए। उन्होंने मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को आदेश दिया कि प्रतिदिन स्वयं निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को सुचारु बनाए रखें। इस मौके पर मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक डा. अविनाश कुमार, देवेंद्र गौतम और द्वारिका प्रसाद समेत समस्त वार्डों के सुपरवाइजर मौजूद रहे।

बिना भेदभाव करे विकास, ताकि क्षेत्र में बह सके विकास की गंगा

क्षेत्र में विकास का पहिया घुमाने वाला हो सांसद

संवाददाता, दढ़ियाल

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के बीच क्षेत्र के लोग अपनी समस्याओं और सुविधाओं को लेकर होने वाले सांसद से उम्मीदें लगाए बैठे हैं। वह चाहते हैं कि सांसद क्षेत्र में सुविधाएं उपलब्ध कराए। जनता की समस्याओं का समाधान कराने वाला हो।

महिलाओं का कहना है कि क्षेत्र की समस्या को संसद में उठाने वाला सांसद होना चाहिए। सभी को साथ लेकर चले। बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए। महिलाओं का कहना है कि पिछले लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों ने मतदाताओं से वादे तो खूब किए लेकिन चुनाव जीतने के बाद सांसद ने लोगों की समस्या पर ध्यान नहीं दिया। इस बार प्रत्याशी कितनी भी बातें करें लेकिन लोगों की अपेक्षा कुछ और ही है। लोग चाहते हैं कि प्रत्याशी सांसद बनने के बाद जनता के बीच रहकर काम करे। लोगों की समस्याओं का निस्तारण करे। नगर सहित क्षेत्र के मतदाताओं को सांसद से उम्मीद है कि छुट्टा पशुओं से फसलों के नुकसान की समस्या का समाधान हो, सरकारी कार्यालयों में भी सुधार होना चाहिए। जर्जर सड़कों का सुधार हो। बिजली, चिकित्सा आदि में भी सुधार हो। चुनाव जीतने के बाद सांसद लोगों के बीच आए और उनकी समस्याओं को सुने।

सांसद ऐसा हो जो चुनाव में किए गए वादों को धरातल पर भी उतारे। जनता के बीच रहकर विकास कार्य कराए। किसानों की समस्याओं का निस्तारण करने वाला हो। छुट्टा पशुओं से राहत मिलनी चाहिए। **- गुरदीप कौर**

सांसद सबको साथ लेकर चलने वाला होना चाहिए। जनता की समस्याओं पर ध्यान देने वाला हो। मुंडिया गांव में 11 हजार केवीए की लाइन होकर गुजर रही है। इसे हटवाए। **- शाइन जहां**

ऐसा सांसद हो जो जनता को साथ लेकर चले। लोगों के बीच रहकर समस्याओं का समय से निस्तारण करे। जनता के विकास की ओर ध्यान दे। सड़कें बिजली, चिकित्सा अच्छी कराने वाला होना चाहिए। **- शशि पाल**

सांसद बनने के बाद जनता के बीच रहकर करे काम

सांसद जीतने के बाद क्षेत्र में आकर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समय से निस्तारण करने वाला होना चाहिए। रोजगार दिलाने वाला होना चाहिए। सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाने वाला हो। **- कविता**

मतदाता जागरुकता को हुई रंगोली प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में विकास खंड सैदनगर को मिला पहला स्थान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी और प्रभारी अधिकारी स्वीप के निर्देशानुसार व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से रंगोली ओपन प्रतियोगिता का आयोजन शहीद समारक गांधी समाधि पर कराया गया। इसमें विकास खंड सैदनगर को प्रथम स्थान, नगर क्षेत्र को द्वितीय व चमरौआ ब्लॉक को तृतीय स्थान मिला।

मुख्य विकास अधिकारी और प्रभारी अधिकारी स्वीप डा. नन्द किशोर कलाल के निर्देशानुसार व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से रंगोली ओपन प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन कराया। प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य विकास अधिकारी और प्रभारी अधिकारी स्वीप, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन ने किया। इस दौरान सभी विकास खंड के अध्यापकों की टीम द्वारा बनाई गई रंगोली का पर्यवेक्षण उच्च अधिकारियों ने किया। समस्त विकास खंड एवं नगर क्षेत्र के अध्यापकों द्वारा तैयार की गई रंगोली में विकास खंड सैदनगर को प्रथम स्थान, नगर क्षेत्र को द्वितीय व चमरौआ ब्लॉक को तृतीय स्थान मिला।

प्रतियोगिता के दौरान मौजूद शिक्षिकाएं एवं अधिकारी। ● अमृत विचार

नगर क्षेत्र को द्वितीय व चमरौआ ब्लॉक तीसरे स्थान पर रहे

मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने विजेता टीम को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में मुख्य विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सक्सेना, जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां, तृप्ति मेहर, भुजवीर सिंह, अरविन्द कुमार, पंकज कुमार, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

सभी ब्लाकों की शिक्षिकाओं ने किया प्रतिभाग

विकास खंड सैदनगर से रंगोली बनाने वाली टीम में आलिया बी, वैशाली गुप्ता, शबनम आरा, अरुणा सागर, आरती सांगवान, दाइम रजा, विकास खंड नगर क्षेत्र से तलत फातमा, प्रीति कुमारी, शिल्पी अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, खूबी राम, विकास खंड चमरौआ से रीता, नीलम, शगुफ्ता, रानी, राखी, नीता मौजूद रहीं। विकास खंड मिलक से तनुजा, दमयन्ती, हिमानी, आदित्य, नीरज शर्मा, विकास खंड शाहबाद से ऋचा, सुषमा, पूजा, शीतल, ज्योति रहीं। विकास खंड बिलासपुर से सुमन सिंह, रेनू सिंह, नीतू, समरीन, आंचल तथा विकास खंड स्वार से मीनाक्षी, ऊषा, मन्जू, तबस्सुम ने लोकसभा चुनाव में जनपद के मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के संदेश के साथ विभिन्न रंगोलियां बनाई गई। माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। दोनों प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

मीना मंच के गठन के बाद मतदान के लिए जागरूक करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

पावर एंजेल ने मतदान के लिए किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: शनिवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में राज्य परियोजना निदेशक के आदेश पर शैक्षिक सत्र 2024 - 25 में उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मीना मंच का पुनर्गठन किया गया।

मीना मंच के गठन के उपरांत तीनों कक्षाओं के लिए एक-एक पावर एंजेल का चयन किया गया। पावर एंजेल के कार्यों के बारे में चर्चा की गई। बच्चों को मीना मंच के संबंध में जानकारी के लिए चलचित्र एवं मीना की कहानियों का सहारा लिया गया। मीना मंच की तीनों पावर एंजेल ने विद्यालय में नए प्रवेश कराने के लिए आने वाले अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें 19 अप्रैल को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कक्षा छह की पावर एंजेल मुंतहा, कक्षा सात की पावर एंजेल रिजा एवं कक्षा आठ की पावर एंजेल बुशरा एवं शिक्षिकाएं सीमा गौहर, रजनी गुप्ता, नसरीन बी, रजिया बेगम, संगीता यादव आदि उपस्थित रहीं।

पहले मतदान फिर जलपान का लगाया नारा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मतदाता साक्षरता क्लब (ईएलसी) के तत्वावधान में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। शनिवार की दोपहर रैली की शुरूआत प्राचार्य डा. दीपा अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर की।

जन जागरण रैली में एनएसएस स्वयंसेवकों और एनसीसी कैडेटों ने कॉलेज परिसर तथा समीवर्ती क्षेत्रों में लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। लोकसभा चुनाव में 'पहले मतदान फिर जलपान' 'मेरा वोट मेरी पहचान' आदि नारों से जनता में मतदान के प्रति जागरुकता और जिम्मेदारी का अहसास कराया।

रजा डिग्री कॉलेज में रैली निकालते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

रजा डिग्री कालेज के छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली

इस अवसर पर कॉलेज के ईएलसी क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. गजेंद्र सिंह, एनसीसी प्रभारी कैप्टन डा. प्रवेश कुमार, एनएसएस अधिकारी डॉ. राजकुमार, डॉ. नरेश कुमार, डा. इरम नईम तथा रेंजर प्रभारी डॉ. माया भारती एवं रोवर प्रभारी का सहयोग रहा।

छात्रों में दानिश हुसैन, इल्मा मोबीन, पायल, नेहा, पंकज कुमार आदि शामिल रहे।

मानसून से पहले नालों की सफाई शुरू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : बारिश में शहर को जलभराव की स्थिति का सामना न करना पड़े, इसके लिए नगर पालिका ने नालों की सफाई शुरू कर दी है। पहले चरण में बड़े नालों की सफाई का काम किया जा रहा है। बेहतर सफाई हो रही या नहीं इसकी जानकारी करने के लिए पालिका के अधिकारी निरीक्षण कर रहे हैं। पालिका के अधिकारियों का कहना है कि नालों की साफ-सफाई का कार्य बरसात से पहले निपटा लिया जाएगा।

नालों की सफाई नहीं होने पर बारिश में कई मोहल्लों में जलभराव हो जाता है। 2023 में हुई बारिश ने पालिका के दावों की पोल खोल दी थी। शहर में चारों ओर पानी ही पानी नजर आ रहा था। स्थिति यह हो गई थी कि गली-मोहल्लों में लोगों ने नाव चलाकर रास्तों को पार किया था। इसके बाद अधिकतर मोहल्लों में कई दिनों तक जलभराव रहा था। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था। ऐसी स्थिति उत्पन्न न होने पाए इसके लिए मानसून आने से पहले ही नगर पालिका प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। शुरुआत में नगर पालिका गांधी समाधि, बापू मॉल, तोपखाना वाल्मीकि बस्ती, बिलासपुर गेट, पहाड़ी गेट समेत शहर के अधिकतर क्षेत्रों में बड़े नालों की साफ-सफाई कराई जा रही है। पालिकाध्यक्ष ने हिदायत दी है कि नालों से निकली स्लिट को ट्राली में भरकर टंचिंग ग्राउंड में ही डालें।

जेल रोड स्थित नाले की सफाई करती जेसीबी। ● अमृत विचार

शहर में नालों की साफ-सफाई कराई जा रही है। पहले बड़े नालों की तलीझाड़ सफाई कराकर और स्लिट निकालवाई जा रही है। इसके बाद अन्य नालों की सफाई कराई जाएगी। यह काम बरसात से पहले निपटा लिया जाएगा।
-दुर्गेश्वर त्रिपाठी, ईओ, नगर पालिका परिषद

शहर में हैं छोटे-बड़े और मझले 84 नाले

मानसून आने से पहले नगर पालिका परिषद ने शहर के नालों की साफ-सफाई कराने की तैयारी की है। इसके लिए टीमों का गठन कर लिया गया है। 15 जून से पहले इसे पूरा कर लेना है। शहर में कुल 84 नाले हैं। इनमें ज्वालानगर, चीनी मिल, बाबा दीप सिंह नगर, पहाड़ी गेट, बिलासपुर गेट, घेर कलंदर खां, चाह खजान खां, पीला तालाब, दोमहला, नालापार, जेल रोड, मोरी गेट, शुतरखाना, पुराना गंज, मंगल की पैंठ, मजार हाफिज शाह जमाल उल्लाह साहब की दरगाह, शाहबाद गेट, हाथीखाना, ईदगाह, गांधी समाधी आदि प्रमुख नाले हैं।

मौसम 50 साल का रिकार्ड तोड़ सकती है गर्मी, पहाड़ी क्षेत्रों में इस बार तापमान सामान्य से 2.3 डिग्री ज्यादा रहने का अनुमान

बढ़ी तपिश, 36 डिग्री सेल्सियस पहुंचा अधिकतम तापमान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो इस वर्ष की गर्मी पिछले 50 वर्ष का रिकार्ड तोड़ सकती है। अप्रैल के दूसरे पखवाड़े से लू चलने के आसार हैं। सभी प्रकार की खड़ी फसल में उचित नमी बनाए रखने के लिए हल्की सिंचाई करें। जनपद में पारा लगातार चढ़ रहा है। शनिवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री पहुंच गया।

मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि अप्रैल से जून के बीच गर्मी खूब रहेगी। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पहाड़ी इलाकों में भी इस बार तापमान सामान्य से 2.3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहने का अनुमान है। मौसम का अब तक का मिजाज देखें तो अप्रैल में औसत तापमान 29 डिग्री रहता है। लेकिन इस साल अप्रैल के शुरुआती दिनों में ही तापमान 32 से 36 डिग्री रहा। शुक्रवार को तापमान 34 डिग्री और शनिवार को 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है ककि मई और जून में तापमान 45 डिग्री को भी पार कर सकता है।

धूप से बचने को छाता लगाकर जाती महिला।

हाल-ए-मौसम

- आद्रता- 26 प्रतिशत
- वायु वेग- 13 किमी. प्रतिघंटा

मामूली लापरवाही बना सकती है कई बीमारियों का शिकार

आयुर्वेद के डा. अनीस अहमद बताते हैं कि इस मौसम में थोड़ी सी लापरवाही भी कई बीमारियों का शिकार बना सकती है। गर्मी से बचने का सबसे अच्छा तरीका है कि मौसमी सब्जियां और फल खाए जाएं। खीरा, ककड़ी, तरबूज, खरबूजा, टमाटर में काफी पानी होता है। इन्हें अपने खाने का हिस्सा बनाएं। कहते हैं कि गर्मियों में मसालेदार और तले हुए खाने से बचें। गरम मसाला तो बिलकुल न खाएं। अगर खाना ही है तो इलायची और सौंफ जैसे ठंडे मसालों का इस्तेमाल कर सकते हैं। गर्मी में छाछ और रसदार फलों का सेवन करें। पुदिना और प्याज खाएं।

रोजाना पीयें दस गिलास पानी

डा. कुलदीप चौहान का कहना है कि तेज धूप से चेहरे पर इंफेक्शन हो जाता है। नमी और गर्मी में हर तरह की त्वचा फीकी पड़ जाती है। इसलिए गर्मियों में चेहरे को साफ रखना जरूरी होता है। सूरज की तेज किरणों से त्वचा को बचाने लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल करना जरूरी है। कड़ी धूप और गर्मी में कम से कम आठ से दस गिलास पानी पिएं। बाहर जाते समय पानी की बोतल साथ रखें। र नारियल पानी पीते रहें। अगर शरीर में पानी की कमी हो जाए तो थोड़ा सा नमक और चीनी मिला कर पानी पीएं। धूप से आने के बाद तुरंत पानी न पिएं।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में 10 अप्रैल तक मौसम शुष्क रहने और तापमान में हल्की बढ़ोत्तरी के आसार हैं। गेहूं की पकी फसल की कटाई के लिए उपयुक्त समय है। गन्ना और चारे की फसल में हल्की सिंचाई कर उचित नमी बनाए रखें। **-डा. उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ**

पीएम आवास योजना में 968 लोगों को मिली छत

रामपुर, अमृत विचार : प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति जनपद में बेहतर है। लक्ष्य के अनुपात में दूसरी किस्त जारी करने के मामले में रामपुर प्रदेश में तीसरे स्थान पर पहुंच चुका है। वित्तीय वर्ष में जिले को 3389 आवासों का लक्ष्य मिला था। इसमें से 3316 लाभार्थियों के खाते में दूसरी किश्त भेजी जा चुकी है।

जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक एके मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत जनपद की प्रगति बेहतर है। इस योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 3389 लाभार्थियों को पक्की छत उपलब्ध कराने का लक्ष्य मिला था। इसे से 3316 लाभार्थियों के खाते में पहली किस्त और 3264 के खाते में दूसरी किस्त भेजी जा चुकी है। वहीं 1364 लाभार्थियों को तीसरी किस्त भेजी जा चुकी है। 968 लाभार्थियों के आवास बनकर तैयार हो चुके हैं।

लोकसभा चुनाव के लिए तैनात किए गए मजिस्ट्रेट

रामपुर, अमृत विचार : जिला मजिस्ट्रेट जोगिन्दर सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त मतदान कार्मिकों को 18 अप्रैल को मंडी स्थल में ईवीएम एवं अन्य सामग्री वितरित होगी। 19 अप्रैल को मतदान के बाद सामग्री जमा कराते समय अधिकारियों की ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में लगाई गई है। मंडी के मुख्य द्वार पर डिप्टी कलेक्टर अमन देओल, मंडी परिसर में डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी को तैनात किया गया है। मजिस्ट्रेट अपने ड्यूटी स्थल पर 18 अप्रैल की प्रात: सात बजे उपस्थित होकर कार्य समाप्ति तक तथा 19 अप्रैल को मतदान समाप्ति के बाद मंडी समिति परिसर में पोलिंग पार्टियों के आगमन से कार्य समाप्ति तक उपस्थित रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी ड्यूटीरत मजिस्ट्रेट अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) लालता प्रसाद शाक्य के सम्पर्क में रहेंगे।

एक नजर

डूंगरपुर मामले में गवाह से हुई जिरह

रामपुर, अमृत विचार : डूंगरपुर के एक मामले में शनिवार को गवाह से जिरह हुई। अब इस मामले में आठ अप्रैल को सुनवाई होगी। सपा के शासन में डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के नाम मारपीट, तोड़फोड़, लूटपाट व डकैती जैसे आरोप लगे थे। इस तरह के कई मामले गंज थाने में 2019 में दर्ज हुए थे। इन मामलों में सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां को भी आरोपी बनाया गया है। यह सभी मामले में कोर्ट में विचाराधीन हैं। डूंगरपुर प्रकरण के एक मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए कोर्ट (सेशन ट्रायल) में हो रही है। शनिवार को पत्रावली जिरह में लगी थी। इसमें गवाह रामवीर से बचाव पक्ष ने बहस की। इसके बाद सुनवाई के लिए आठ अप्रैल की तिथि नियत कर दी है।

50 लीटर शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : पुलिस ने 50 लीटर शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। मिलक पुलिस ने 20 लीटर शराब के साथ सुखलाल निवासी ग्राम सल्ता पल्ता थाना मीरगंज जनपद बरेली और छोटेलाल निवासी ग्राम गोलकुंडा को प्राथमिक विद्यालय गोलकुंडा के पास से 20 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है। इसके अलावा भोट पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को 10 लीटर शराब के साथ पकड़ा है। पुलिस के अनुसार अरोपी रामौतार ग्राम गुजरैला का निवासी है। उसे ग्राम सतरखेड़ा पुलिस के पास से मिलक मुंडी वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

हादसे में वृद्धा की मौत

मिलक, अमृत विचार : सड़क हादसे में वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शहजादनगर

थाना क्षेत्र के गांव नानकार निवासी 65 वर्षीया कटोरी देवी होली पर गांव जमापुर स्थित मायके आई थी। शनिवार को वह नाती वीरेंद्र सिंह के साथ अपने घर लौट रही थी। मोगा ढाबा के पास अज्ञात वाहन ने वीरेंद्र की बाइक को टक्कर मार दी। इसमें कटोरी देवी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। वीरेंद्र को मामूली चोटें आयीं। राहगीरों ने घायल कटोरी देवी को सरकारी अस्पताल भेज दिया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद वृद्धा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कुछ देर बाद कटोरी देवी ने इलाज के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया।

शरारती तत्वों ने खंडित कीं मंदिर की मूर्तियां, रोष

मिलक थाना क्षेत्र के गांव निसवी का मामला, पुलिस जांच में जुटी, गांव में तरह-तरह की हो रहीं चर्चाएं

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : धार्मिक उन्माद फैलाने वालों ने मंदिर परिसर में रखीं मूर्तियों को खंडित कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर ग्रामीणों में आक्रोश है। पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच में जुट गई। मामले को गरमाते देख पुलिस ने ग्रामीणों को नई मूर्तियां लेने भेज दिया है।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव निसवी में आबादी के बीचों-बीच करीब 50 वर्ष पुराना मंदिर है। यहां ग्रामीण पूजा-अर्चना करते हैं। करीब 20 वर्ष से पुजारी रामदास मंदिर की देखभाल करते हैं। दस दिन बाद शुक्रवार की शाम मंदिर का पुजारी गांव पहुंचा। मंदिर में दीपक जलाकर देवी-देवताओं की आरती उतारी। इस दौरान भगवान गणेश की मूर्ति चटकी हुई दिखी। पुजारी ने उसने नजरअंदाज कर दिया। शनिवार की सुबह रोजना की तरह पुजारी मंदिर की साफ-सफाई में जुट गया। झांड़ू लगते समय छोटे शिव मंदिर का दरवाजा खोला तो वह उसके ऊपर गिर गया। उसने देखा कि दरवाजा टूटा हुआ था। अन्य मंदिरों में जाकर देखा तो बड़े मंदिर में शिवलिंग भी अपने स्थान से हटा हुआ था। नंदी भी अपने स्थान से हटे हुए थे। कार्तिक भगवान और गणेश की मूर्ति खंडित थीं। श्रीराम दरबार मंदिर में देखा तो राम और लक्ष्मण की मूर्ति नीचे गिरी हुई थी। मूर्तियों को खंडित देख पुजारी के हाथ-पांव फूल गए। उसने आनन-फानन में मंदिर के लाउडस्पीकर से मूर्तियां खंडित होने की सूचना ग्रामीणों को दी। कुछ ही देर में तमाम ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। सूचना पाकर कोतवाल धनंजय सिंह भी पुलिस बल के साथ गांव पहुंच गए। उन्होंने मंदिर के पुजारी व ग्रामीणों से घटना के बारे में जानकारी की। पुजारी ने अज्ञात लोगों द्वारा मूर्तियों को खंडित करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। उधर मामले को बढ़ता देख कोतवाल ने पुलिस के साथ कुछ संभ्रांत लोगों को मूर्तियां लाने के लिए रवाना कर दिया। मंदिर में मूर्तियों के खंडित होने से गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

पुजारी से घटना के बारे में पूछते कोतवाल धनंजय सिंह। ● अमृत विचार

घटना के बाद मंदिर में ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

मंदिर का टूटा गेट। ● अमृत विचार

कब्रिस्तान की जगह को लेकर दो समुदायों में है विवाद

मंदिर में असामाजिक तत्वों द्वारा देवी-देवताओं की मूर्ति खण्डित करने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। दूसरे समुदाय पर मूर्तियां खंडित करने का आरोप लगाया जा रहा। कयास लगाए जा रहे हैं कि गांव में लोगों ने कब्रिस्तान के नाम पर ग्राम समाज की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। इसका विरोध किया जा रहा है। इसे लेकर दोनों समुदाय में विवाद है। करीब तीन माह पूर्व लोगों ने कब्रिस्तान की दीवार का निर्माण किया था। शिकायत के बाद प्रशासन ने कोई संज्ञान नहीं लिया। ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से बनी कब्रिस्तान की दीवार को गिरा दिया गया था।

एक वर्ष पूर्व मंदिर से चोरी हुआ था घंटा

ग्रामीणों ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व मंदिर का बड़ा घंटा चोरी हो गया था। घटना की सूचना पुलिस को दी थी। लेकिन आज तक चोर का पता नहीं लग सका। मंदिर के पुजारी ने बताया कि करीब एक वर्ष पूर्व सुबह मंदिर में आरती हो रही थी। इसकी आवाज लाउडस्पीकर के माध्यम से गांव में गूंज रही थी। कुछ देर बाद पड़ोस में रहने वाले दूसरे समुदाय का एक युवक मंदिर में आया और साउंड सिस्टम बंद कर दिया था। इस पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई थी। इसके बाद ग्रामीणों ने मंदिर में 48 घंटे की रामायण करायी थी।

बेहतर स्वास्थ्य के लिए जंक फूड से दूर रहें छात्र-छात्राएं

रामपुर/मिलक, अमृत विचार : शनिवार को स्कूलों और कालेजों में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस दौरान योग व मेडिटेशन व अच्छे खान-पान के बारे में जागरूक किया गया। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए कहा। छात्र-छात्राओं को जंक फूड से दूर रहने के लिए कहा। ताजे फल व सब्जियों का सेवन करने के लिए प्रेरित किया गया। जंक फूड से शरीर को होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी।

मिलक के लार्ड बुद्ध इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक कपिल देव कोरी ने बताया कि सात अप्रैल को विश्व स्वास्थय दिवस मनाया जाना था। लेकिन रविवार के चलते शनिवार को ही विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इसमें अध्यापकों ने छात्रों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायामों और योगासन करा कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के बारे में बताया। इसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रतिभा सिंह, स्नेहल गंगवार, तान्या गुप्ता, हर सिमरन कौर, महिमा गंगवार, प्रतीक्षा गंगवार, हेमंत कुमार आदि उपस्थित रहे।

दहेज उत्पीड़न में पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, स्वार

- दो लाख रुपये और कार की मांग पूरी न करने पर महिला को घर से निकाला
- उत्तराखंड के गांव पच्चावाला निवासी सोहन सिंह से हुई थी संदीप कौर की शादी

अमृत विचार : दो लाख रुपये और कार की मांग पूरी न करने पर दहेज लोभियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तहसील क्षेत्र के गांव नूरपुर-हुजूरपुर निवासी मनोहर सिंह ने अपनी बेटी संदीप कौर की शादी छह वर्ष पूर्व उत्तराखंड की तहसील काशीपुर थाना कुंडेश्वरी के गांव पच्चावाला निवासी सोहन सिंह के साथ की थी। शादी के बाद से ही पति समेत भाई सतनाम सिंह, जेठानी परमजीत कौर, सास मनजीत कौर, साहब सिंह, शिन्दर कौर शादी में मिले दहेज से खुश नहीं थे। वह दो लाख रुपये एवं कार की मांग करने लगे। महिला ने असमर्थता जताई तो उसे प्रताड़ित करने लगे। परिजनों एवं रिश्तेदारों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह दहेज की मांग पर अड़े रहे। इस पर महिला के मायके वालों ने उन्हें 50,000 दे दिए। इसके बावजूद 29 अप्रैल को उन्होंने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता मायके आ गई और परिजनों को पूरी बात बताई। इसके बाद पीड़िता ने दहेज लोभी ससुराल वालों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रंजिश के चलते दबंगों ने युवक को पीटा

स्वार, अमृत विचार : रंजिश के चलते दबंगों ने तमंचे व धारदार हथियारों के बल पर युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर एवं सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना के आधार पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

गांव जालफनगला निवासी रेहान व गांव कल्लू की मडैया निवासी आरिफ में रंजिश है। रेहान का आरोप है कि 25 अप्रैल को आरिफ, साजिद, गांव रसूलपुर निवासी मौअज्जम, तौसीफ, गांव मुकर्रमपुर निवासी नदीम, शानू, गांव मिलक काजी निवासी समीर तमंचे व धारदार हथियार लेकर तहसील के निकट आ गए और गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध पर मारपीट कर उसे घायल कर दिया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित सीसीटीवी फुटेज लेकर कोतवाली पहुंचा। इसके बाद रेहान के चाचा ने पुलिस को तहरीर दी।

बेटे के साथ हादसे का झांसा देकर महिला को ठगा

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार : बैंक से पैसे निकालने आई एक महिला दिन-दहाड़े ठगी का शिकार हो गई। ठगों ने उसके बेटे के साथ होने वाली दुर्घटना का हवाला देते हुए पहले पूजा सामग्री मंगवाई। इसके बाद उसके कानों में पड़े सोने के कुंडल और पर्स में रखे 2500 रुपये लेकर रफूचक्कर हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला से जानकारी लेकर बैंक के सीसीटीवी कैमरे खंगाले।

तहसील क्षेत्र के डोहरिया गांव के रहने वाले राम किशोर की पत्नी लालदेई शनिवार की पूर्वाह्न 11 बजे अपने पुत्र के साथ माठखेड़ा रोड के समीप मोहल्ला बाजार कलां में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक से पैसे निकालने गई थी। महिला का पुत्र उसे बैंक छोड़कर किसी कार्य से चला गया। महिला बैंक से एक हजार रुपए निकालकर घर लौट रही थी। तभी दो युवक उसे बैंक से कुछ दूर ले गए। उन्होंने महिला को उसके बेटे के साथ होने वाली दुर्घटना का हवाला देते हुए झांसे में ले लिया। इसके उपाय के लिए युवकों के कहने पर महिला ने उन्हें पूजा सामग्री लाकर दी। फिर ठगों ने महिला के कानों से सोने के कुंडल उतरवा लिए। उसके पर्स में रखे करीब 2500 रुपये भी अपने कब्जे में कर लिए और रफूचक्कर हो गए। महिला के शोर मचाने पर भीड़ लग गई। मौके पर मौजूद वार्ड सभासद रीतु कुमारी की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह पहुंचे और पीड़िता से घटना की जानकारी लेकर बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। लेकिन, ठगों का कुछ पता नहीं चल सका।

जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। ● अमृत विचार

ठगी की घटना के बाद रोती महिला।

इससे पहले भी हो चुकी हैं कई घटनाएं

तंत्र-मंत्र के नाम पर महिला से ठगी की यह घटना पहली नहीं है। इससे पूर्व भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। अभी तक इन घटनाओं से संबंधित कोई भी ठग पकड़ा नहीं गया है। इससे पुलिस की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। शहर में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था होने के बावजूद इस तरह के ठग पुलिस की गिरफ्त से दूर है। लोगों का कहना है कि सीसीटीवी कैमरों की निगरानी होने के बाद भी लोग सुरक्षित नहीं हैं, ऐसे व्यवस्था का क्या फायदा।

टांडा पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री पकड़ी

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार: कोतवाली पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पांच बने-अधबने तमंचे, दो बंदूक व कारतूस और शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पुलिस सक्रिय है। शुक्रवार की रात कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम अहमदाबाद से निर्माणाधीन बैराज को जाने वाले रास्ते पर कोसी नदी के किनारे अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री पर छापा मारा। पुलिस ने आले हसन निवासी ग्राम मझरा जवाहरगंज, थाना स्वार को मौके से गिरफ्तार करते हुए पांच बने-अधबने तमंचे, दो बंदूक, पांच कारतूस 315 बोर, दो कारतूस 12 बोर तथा शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

सात दिन बाद भी दुष्कर्म के आरोपियों को नहीं पकड़ सकी पुलिस

पटवाई, अमृत विचार : पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें उसने बताया था कि शुक्रवार को उसकी 16 वर्षीया बेटी कमरे में सो रही थी। रात करीब 11 बजे थाना क्षेत्र के गांव रहटगंज निवासी लाखन और मड़ैया जौलपुर निवासी मनवीर उसका अपहरण करके ले गए थे।

तड़के करीब चार बजे किशोरी मंदिर के पास दिखाई दी। पीड़ित ने आवाज लगाई तो आरोपी उसे सड़क पर फेंक कर फरार हो गए। इस घटना में किशोरी का हाथ टूट गया था। किशोरी ने अपने साथ दुष्कर्म की बात बताई थी। पुलिस ने दुष्कर्म की बजाय अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। शनिवार को थानाध्यक्ष ने बताया कि जब तक पीड़िता के बयान कोर्ट में नहीं हो जाते तब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया जाएगा।

चारा लेने गए ग्रामीण पर अज्ञात लोगों ने चाकू से किया हमला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : खेत से पशुओं का चारा लेने गए ग्रामीण पर कुछ लोगों ने चाकू से हमला करके घायल कर दिया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर आ गए। मगर आरोपी मौका पाकर फरार हो गए। परिजनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अहमदनगर जागीर निवासी अब्दुल बासित बैल्डर है। सुबह के समय वह पशुओं के लिए चारा लेने खेत पर गया था। इस दौरान कुछ लोगों ने अचानक उस पर चाकू से हमला कर दिया। उसको बुरी तरह घायल कर दिया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर आ गए। तब आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। लोगों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार चल रहा है। सूचना मिलने के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

अस्पताल में भर्ती अब्दुल बासित।

- सिविल लाइन थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस को दी तहरीर
- आसपास के लोगों के पहुंचने पर फरार हुए आरोपी

सट्टे की खाईबाड़ी करते नौ लोग गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : सिविल लाइन पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 42 सट्टा डायरी, एक पेटीएम स्केनर, आठ मोबाइल, दो हैडफोन, 24,810 रुपये और एक बाइक मिली है।

सिविल लाइन पुलिस शुक्रवार की रात चेकिंग कर रही थी। तभी सूचना मिली कि नौ लोग पनवड़िया फाटक के पास पूरन सैनी के मकान में सट्टा लगा रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी करके सभी को दबोच लिया। पुलिस की कार्रवाई से मोहल्ले में खलबली मची गई। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर पुलिस ने आरोपी मिन्टू, विशाल, जसपाल, पन्ना लाल, आकाश कुमार, असलम, ईश्वर सिंह, राजेश लाला के खिलाफ जुआ अधिनियम में कार्रवाई की है। आरोपियों का चालान कर दिया गया है।

शाहबाद में होटल की चेकिंग करती पुलिस। ● अमृत विचार

पुलिस ने संदिग्धों की तलाश में होटलों में की छापेमारी

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में सुरक्षा को लेकर पुलिस सख्ती बरत रही है। पुलिस ने शनिवार को होटलों में छापेमारी अभियान चलाया। संदिग्धों की तलाश में पूछताछ भी की।

लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण कराने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। वाहनों से लेकर ऐसे ठिकानों की जांच की जा रही है, जिसे संदिग्ध अपना अड्डा बना सकते हैं। इसी कड़ी में शनिवार को कोतवाल ओमकार सिंह ने फोर्स के साथ नगर के ढाबे-होटलों में जांच की। उन्होंने बताया कि संदेह के आधार पर होटल आदि चेक किए गए। संचालकों को चेतावनी दी गई कि यदि संदिग्ध व्यक्ति को शरण दी तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। होटल में कमरा देने से पहले आधार कार्ड आदि भली भांति जांच लें। इस दौरान बाइक पर तीन सवारियों के चालान भी काटे गए।

सलाह योग और संतुलित खानपान से उम्र को मात दे रहे वरिष्ठ नागरिक, स्वस्थ रहने के लिए अपनाएं बेहतर जीवन शैली

संतुलित खानपान व नियमित व्यायाम से रहें स्वस्थ

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : उर्दू और फारसी के विश्व प्रसिद्ध शायर मिर्जा असद उल्लाह खां गालिब का एक शेर है-तंग दस्ती अगरचे हो गालिब/ तंदरुस्ती हजार नेमअत है। अर्थात गरीबी हो लेकिन, स्वास्थ्य सही है तो यह सबसे बड़ी नेमअत है। इसलिए जिंदगी में व्यस्तता चाहे कितनी भी ज्यादा हो जाए, हमें अपनी सेहत को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। स्वस्थ रहना चाहते हैं तो इसका सीधा तरीका भी जानना होगा।

अच्छी सेहत के लिए अच्छी जीवनशैली होनी जरूरी है। स्वस्थ जीवनशैली में सही खान-पान, व्यायाम, वजन को बनाए रखना और तनाव को नियंत्रित करना शामिल होता है। यह कहना है शहर के उन वरिष्ठ नागरिकों का जो नियमित योग, उचित खानपान और दिनचर्या से उम्र को मात दे रहे हैं। इनका कहना है कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए अच्छे मन का होना बेहद जरूरी है। चिकित्सकों के अनुसार सुबह सूरज उगने से पहले ही उठने की आदत डालें। सुबह के समय वायुमंडल में ऑक्सीजन की मात्रा अधिक होती है और सूरज निकलने के बाद यह कम होने लगती है। आप सुबह जल्दी जागेंगे तो फ्रेश महसूस करेंगे। सुबह उठने की आदत धीरे-धीरे बनने लगेगी। रात को जल्दी सोने की आदत डालें। इसके लिए कैलोरी बर्न करना उतना ही आसान होगा। सुबह जल्दी उठने में भी आसानी रहेगी। रात में कम से कम सात घंटे की नींद जरूरी है। दिन में आधा घंटे से ज्यादा न सोएं। इसके अलावा कार्यालय में लंबे समय तक डेक्स वर्क न करें। बल्कि थोड़े-थोड़े समय के बाद ब्रेक जरूर लें। अच्छी सेहत के लिए हर घंटे बाद कम से कम 5-10 मिनट का ब्रेक लें। डेस्क से उठकर थोड़ा-बहुत टहले तो बेहतर है।

मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार है। इस विचार के प्रति हमे सदैव जागरूक रहने की आवश्यकता है। नियमित दिनचर्या, पोषण और स्वच्छता अच्छे स्वास्थ्य के पिलर हैं। प्रतिदिन हृदय केंद्रित ध्यान की आदत मानसिक स्वास्थ्य को बनाये रखने में स्थायित्व प्रदान करती है।
- डा. कुलदीप चौहान, आयुर्वेदिक मनोचिकित्सक

स्वास्थ्य जागरुकता के लिए विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया जाता है। इस विशेष दिवस पर हमें अच्छे स्वास्थ्य की बातों को लेकर जागरूक होने का अवसर मिलता है। जैसे सही समय पर पोषक तत्वों से युक्त आहार लेना, शारीरिक व्यायाम, समय-समय पर स्वास्थ की जांच करना आदि। यदि हमें कोई समस्या है तो चिकित्सक से तुरंत जांच करानी चाहिए। **- डा. एसपी सिंह, सीएमओ**

यह भी अपनाएं

- सुबह जल्दी उठना
- नियमित योग, व्यायाम
- खाने में हरी सब्जियां, पौष्टिक आहार
- साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

व्यापारी से रंगदारी मांगने में भाजपा नेता पर रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार : व्यापारी से भाजपा के नगर अध्यक्ष को रंगदारी मांगना भारी पड़ गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नगर अध्यक्ष पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। आरोपी ने डेयरी संचालक पर तीन लाख रुपये हड़पने का आरोप भी लगाया है।

गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला पीर की पैठ निवासी सुभान खां का कहना है कि उसकी ज्वालानगर में दूध की डेयरी है। आरोप है कि आशु गुप्ता ने खुद को भाजपा का नगर अध्यक्ष बताते हुए हर माह 15,000 रुपये देने की बात कही। यह सुनकर सुभान की तबियत खराब हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के इंद्रप्रस्थ कालोनी निवासी आशु गुप्ता का कहना है कि उसने तीन जनवरी 2021 को सुभान को तीन लाख रुपये उधार दिए थे। सुभान के मन में खोट आ गया है। पुलिस ने सुभान और जुल्फिकार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्रामीण की हत्या में एक दोषी को दस साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- दो दोषियों को जानलेवा हमले में सात-सात साल की कैद

अमृत विचार : रंजिश के चलते ग्रामीण की हत्या करने के मामले में जिला जज की कोर्ट ने दोषी फईम को 10 साल की कैद और 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जबकि दो दोषियों को जानलेवा हमले में सात-सात वर्ष की सजा और पांच-पांच हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

मामला शाहबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला कानून गोयान से जुड़ा है। चार जनवरी 2015 को गांव निवासी फारुख जानवर चराने जंगल में गया था। इस दौरान उसका गांव के ही फईम से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। उस समय लोगों ने दोनों को शांत करा दिया था। शाम को आरोपी दरांती और डंडे लेकर पीड़ित के घर आ गए थे और अनवार तथा उसके बेटे महबूब से गाली-गलौच कर दी थी। इस दौरान मारपीट कर दी थी। इसमें अनवार, फैसल और महबबू घायल हो गए थे। तीनों को अस्पताल लाया गया था। जहां अनवार को डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। इस मामले में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई थी। पुलिस ने विवचेना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई जिला जज की कोर्ट में हुई। जिला शासकीय अधिवक्ता अमित सक्सेना ने बताया कि कोर्ट ने धारा 304 में फईम को 10 साल की कैद और 10 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई। जबकि दोषी सईम और अकबर को जानलेवा हमले में सात-सात वर्ष का कारावास और प्रत्येक को पांच-पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जबकि साक्ष्य के अभाव में रुस्तम और सरवरी को बरी कर दिया गया।

दीवार में ट्रैक्टर-ट्राली लगने पर चालक को पीटा

मसवासी, अमृत विचार : दीवार में ट्रैक्टर-ट्राली लगने के बाद चालक को मारपीट करके घायल कर दिया। चालक के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

नगर निवासी कलुआ ट्रैक्टर-ट्राली से किसानों का सामान ढोने का काम करता है। शुक्रवार की शाम मोहल्ले के किसान का लहसुन भरकर ला रहा था। रास्ता तंग होने की वजह से मोहल्ले के ही आकिब की दीवार से ट्रैक्टर-ट्राली भिड़ गई। इसे लेकर दोनों में कहासुनी व गाली-गलौच होने लगी। आरोपी चालक के साथ मारपीट करने लगे। इससे चालक की हालत बिगड़ गई। जानकारी पाकर ट्रैक्टर चालक का भाई भी मौके पर पहुंच गया। उसने खलील को बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। ट्रैक्टर चालक के भाई रहीस निवासी मसवासी ने आकिब व आसिम व तीन अन्य के खिलाफ उसके भाई के साथ मारपीट करने की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

एक नजर

व्यापारी नेता ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजा त्याग पत्र

रामपुर, अमृत विचार : सिविल लाइन के ज्वालानगर निवासी सुदेश यादव काफी समय से ज्वालानगर के उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष थे। वह संगठन के लिए तन-मन-धन से कार्य करते रहे। शनिवार को उन्होंने उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी को अपना त्याग पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि जिस तरह का माहौल उन्होंने संगठन में बनाया है। उससे मेरा मन दुखी है। बड़े दुख के साथ मुझे आपके संगठन से दूरियां बनाना पड़ रही हैं और मुझे त्यागपत्र देना पड़ रहा है।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिलाई शपथ

मिलक,अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदान को लेकर ब्लॉक सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें खंड विकास अधिकारी धीरेन्द्रपाल सिंह चौहान ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को 19 अप्रैल को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदान कराने की शपथ दिलाई। इस दौरान सीडीपीओ संध्या गंगवार, डॉ. मोहित रस्तोगी, सुपरवाइजर ममता तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।

जिले में जल्द ही स्थापित होगा बैट्री एनर्जी स्टोरेज सिस्टम

आंधी, बारिश और हड़ताल में भी जनता को मिलेगी भरपूर बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : आंधी, बारिश, हड़ताल अथवा अन्य किसी कारण से उत्पादन प्रभावित होने के बाद भी उपभोक्ताओं को भरपूर बिजली मिलेगी। इतना ही नहीं अब ऊर्जा विभाग पॉवर एक्सचेंज से महंगी बिजली खरीदने के लिए विवश नहीं होगा। इसके लिए जनपद में जल्द ही बैट्री एनर्जी स्टोरेज सिस्टम स्थापित किया जाएगा।

अभी तक बिजली उत्पादन प्रभावित होने अथवा खपत ज्यादा होने पर आपात स्थिति में पॉवर एक्सचेंज से अधिकतम 10 रुपये प्रति यूनिट बिजली खरीदनी पड़ती है। कई बार गैस और विदेशी कोयला आधारित यूनिट ये 20 रुपया प्रति यूनिट की दर से भी बिजली खरीदनी पड़ती है। इस समस्या से निपटने के लिए उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एम देवराज के निर्देश पर पॉवर कारपोरेशन को बैट्री एनर्जी स्टोरेज सिस्टम बनाने निर्देश दिए हैं। इसका पालन करते हुए विद्युत निगम के अधिकारियों ने जगह चिह्नित करना शुरू कर दिया है। बिजली निगम के अधिकारियों के अनुसार इसके लिए 700 वर्ग मीटर जमीन की आवश्यकता होगी। स्थापना के लिए टेंडर के जारी किए जाएंगे। स्थापित होने पर जनपद के हर बिजलीघर पर 10 मेगवॉट के चार सिस्टम लगाए जाएंगे। इसे निजी कंपनी लगाएगी। इस तरह करीब 40 मेगावॉट बिजली स्टोर की जाएगी। इससे संबंधित उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों को भरपूर बिजली मिलने लगेगी।

इससे क्या होगा फायदा

उपकेंद्र पर अधिक बिजली होने पर इसे बैट्री एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के जरिए स्टोर कर लिया जाएगा। इसे सौर ऊर्जा से भी जोड़ा जाएगा। सौर ऊर्जा से तैयार होने वाली बिजली भी ग्रिड के जरिए स्टोर की जाएगी। बिजली की कमी होने पर स्टोर की गई बिजली उपभोक्ताओं को दी जाएगी। इस तरह आपत स्थिति में पॉवर एक्सचेंज से बिजली खरीदने की विवशता खत्म हो जाएगी।

तेज हवा चलने से ठप हो जाती है आपूर्ति

तेज हवा चलने से बिजली के तारों में खराबी आने की वजह से आपूर्ति ठप हो जाती है। सुरक्षा के लिहाज से संबंधित बिजलीघर से आपूर्ति बंद कर दी जाती है। लेकिन बैट्री एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के स्थापित होने के बाद यह समस्या भी दूर हो जाएगी।

> जनपद में बैट्री एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के लगने से बिजली व्यवस्था में काफी सुधार आएगा। इसके लिए जगह का चिह्निकरण किया जा रहा है। इसके बाद यहां बिजली को स्टोर किया जाएगा। आंधी या बारिश होने पर संबंधित बिजलीघर को आपूर्ति दी जाएगी। **-पंकज यादव, वीके आर्या अधीक्षण अभियंता**

गुरुद्वारे में बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

धूमधाम से मनाएंगे बैसाखी का पर्व, तैयारियां तेज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बैसाखी पर्व को लेकर बैठक हुई। इसमें गुरुद्वारा के प्रधान निर्मल सिंह ने कहा कि बैसाखी की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। सभी को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं। बड़ी धूमधाम के साथ गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में बैसाखी पर्व मनाया जाएगा।

वीर खालसा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने बताया कि स्त्री सत्संग सभा की ओर से नौ अप्रैल को दोपहर दो से छह बजे तक दीवान सजेगा। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर बरता जाएगा। 10 अप्रैल को सुबह 6:30 बजे नगर कीर्तन निकाला जाएगा। जो विभिन्न मार्गों से होता हुआ 10 बजे गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में संपन्न होगा। निशान साहिब का चोला चढ़ाया जाएगा। 11 अप्रैल को अखंड पाठ और अमृत संचार होगा। 12 अप्रैल को वीर खालसा सेवा समिति की ओर से पगड़ी प्रतियोगिता होगी। इसमें बच्चों को इनाम भी दिए जाएंगे। 13 अप्रैल को बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसमें बाहर से आए प्रचारक रागी जत्था कीर्तनकार संगत को निहाल करेंगे।

इस मौके पर गुरुद्वारा के प्रधान निर्मल सिंह, सरदार मनमीत सिंह, अमरजोत सिंह, सुरेंद्र सिंह, समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह, चरणजीत सिंह, अजीत सिंह, सनी कपूर, सुरेंद्र सिंह, रणजीत कौर, बलविंदर कौर, सोनिया, मनजीत कौर मौजूद रहे।

मीना मंच के गठन में भाग लेते बच्चे। ● अमृत विचार

मीना मंच का किया गठन

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार: शनिवार को क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पावर एंजिल और मीना मंच के बालक-बालिकाओं को समाज में स्थान और लिंग भेद तथा रुढिवादिता को खत्म करने के लिए मीना मंच का गठन किया गया। इससे पहले बच्चों को चलचित्र व कहानियों के माध्यम से मीना के बारे में जानकारी दी गयी।

इस दौरान 20 फाउंडर सदस्यों का चयन किया गया। इसके बाद कार्यकारणी समिति का गठन हुआ। कार्यकारणी में प्रियंका को मीना, कक्षा छह की कशिश, कक्षा सात की श्रद्धा व कक्षा आठ की अंशु को पावर एंजिल की जिम्मेदारी सौंपी गई। 10 छात्राओं को सदस्य के पद पर नियुक्त किया गया। इसके बाद मीना मंच के गठन पर चर्चा की गई। इसमें मीना मंच की फिल्म दिखाना व रोल प्ले करना, पावर एंजिल का कार्य, पदाधिकारियों को उनके कार्य व दायित्वों के संबध में प्रशिक्षित करना, आत्मरक्षा संबंधी फिल्म दिखाकर चर्चा की गयी।

कंपोजिट विद्यालयों व केजीबीवी में मीना मंच का पुनर्गठन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कार्यालय लखनऊ द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुपालन में जिले के सभी उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों तथा केजीबीवी में 2024-25 के लिए मीना मंच का पुनर्गठन किया गया।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने मीना मंच के लिए साप्ताहिक गतिविधियों एवं प्रमुख दिवसों के आयोजन के लिए वार्षिक कैलेंडर भी जारी कर दिया है। इसके अनुसार मीना मंच का संचालन पूरे प्रदेश में किया जाएगा। इसी के चलते छह अप्रैल को वार्षिक कैलेंडर के अनुपालन में मीना मंच का गठन जनपद के उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों और केजीबीवी में किया गया। मीना मंच के प्रथम सत्र में सुगमकर्ताओं ने मीना की फिल्म दिखाकर उस पर चर्चा एवं रोल प्ले कराया। पावर एंजेल के कार्य के बारे में बताया गया। मीना मंच के पदाधिकारियों को उनके कार्य एवं डाइट के संबंध में प्रशिक्षित किया गया। मीना मंच का उद्देश्य सभी बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ना, अभिव्यक्ति हेतु मंच प्रदान करना, नेतृत्व एवं सहयोग की भावना का विकास करना, विद्यार्थियों में जीवन कौशल का विकास करना और महिला एवं बाल अधिकारों का ज्ञान कराना है।

मीना मंच के गठन के दौरान मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

इस तरह होता है मीना मंच का गठन

मीना मंच का गठन 20 फाउंडर मेंबर से किया जाता है। इनमें छह बालक और 14 बालिकाएं होती हैं। 20 फाउंडर मेंबर में तीन पावर एंजेल और पांच सदस्यों की कार्यकारिणी का गठन किया जाता है। कार्यकारिणी में अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और दो सदस्य होते हैं। मीना मंच की कार्यकारिणी समिति का कार्यकाल एक वर्ष का होता है।

शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए कराया गया गठन

> उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में मीना मंच के संचालन के लिए सुगमकर्ताओं को मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किया जा चुका है। प्रशिक्षित सुगमकर्ता ही मीना मंच का संचालन करेंगे। **-जांनिसार अख्तर जिला समन्वयक, बालिका शिक्षा**

> 2024-25 में मीना मंच के सभी प्रशिक्षित सुगमकर्ता महानिदेशक स्कूली शिक्षा द्वारा जारी वार्षिक कैलेंडर के अनुपालन में करेंगे। मीना मंच बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और बालिका शिक्षा में ड्रॉप आउट अनुपात को कम करने में सफल होगा। **-संजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी**

तीसरे दिन भी हाथ नहीं लग सके सोना तस्कर

टांडा, अमृत विचार : लखनऊ एयरपोर्ट से फरार हुए सोना तस्करी के आरोपियों की तलाश में शनिवार को तीसरे दिन भी कस्टम विभाग और पुलिस की टीमों ने आरोपियों की तलाश में छापेमारी की। लेकिन टीम को कामयाबी नहीं मिली। सूत्रों का कहना है टीम धरपकड़ के लिए अब उन लोगों से पूछताछ करेगी, जिन्होंने ग्रुप बनाकर युवकों को इस धंधे में शामिल किया है।

गौरतलब है कि चार दिन पूर्व चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (अमौसी) पर कस्टम विभाग ने सोना और सिगरेट की तस्करी के मामले में नगर के 36 युवकों को हिरासत में लिया था। इनमें से 30 लोग अधिकारियों को चकमा देकर एयरपोर्ट से फरार हो गए थे। तभी से कस्टम विभाग एवं पुलिस की टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। शनिवार को भी टीमों ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की, लेकिन नतीजा शून्य रहा।

शहीद श्यामलाल के चित्र पर माल्यार्पण करते डीआईजी सुभाष चंद्र। ● अमृत विचार

डीआईजी ने शहीद को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहीदी दिवस के मौके पर सीआरपीएफ के डीआईजी सुभाष चंद्र शहीद हुए जवान श्यामलाल के घर पहुंचे। शहीद के चित्र पर माल्यार्पण किया और पत्नी और बेटी से भी मुलाकात की। शहीद की पत्नी और बेटी को ढांढ़स बंधाते हुए कहा कि दोनों खुशनसीब हैं कि उनके पिता और पति ने देश के लिए जान न्योछावर की है।

गंज थाना क्षेत्र के गांव काशीपुर निवासी श्यामलाल सीआरपीएफ में तैनात थे। कुछ साल पहले वह ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए थे। इसी के चलते शनिवार को सीआरपीएफ के डीआईजी अपनी टीम और स्थानीय पुलिस के साथ श्यामलाल के घर पहुंचे।

उन्होंने शहीद के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। शहीद की पत्नी ब्रजवती ने बताया कि उनकी बेटी ने इंटर कर लिया है। वह अपनी बेटी का एडमिशन नीट के लिए कराना चाहती है। शहीद की बेटी डाक्टर बनकर मरीजों की सेवा करना चाहती है।

चरस, बाइक और तमंचा समेत जिला बदर गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : गश्त कर रही पुलिस पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस ने खुद को बचाते हुए एक जिला बदर बदमाश को पकड़ लिया। पुलिस को मौके से दो बाइक, 238 ग्राम चरस और तमंचा व कारतूस भी मिले। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसका चालान कर दिया गया।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए गंज पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। बिलासपुर रोड से मंडी की तरफ जाने वाले रोड पर धर्मकांटे से पहले सड़क किनारे पहुंची तो बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए मौके से एक जिला बदर बदमाश सिराज पुत्र नबी अहमद निवासी मोहल्ला बजरिया खानसामा थाना गंज को एक तमंचा, एक खोखा, 238 ग्राम चरस व दो मोटरसाइकिल के साथ दबोच लिया। उसके कुछ साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए।

एसडीएम आवास के सामने वृद्ध पर बंदरों ने किया हमला

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार : नगर में बंदरों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। बंदरों के झुंड ने बुजुर्ग पर हमला कर दिया। बंदरों के हमले से नगर में दहशत का माहौल है।

शनिवार को मोहल्ला शाहूजी नगर निवासी सेवानिवृत्त अध्यापक नत्थूलाल गंगवार मेडिकल स्टोर से दवा लेने आये थे। एसडीएम आवास के सामने से गुजरते समय बंदरों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया। इस दौरान बुजर्ग की चीख निकल गई और वह सड़क पर गिर गए। एसडीएम का हमराह बाहर आया और राहगीरों की मदद से बुजर्ग को बंदरों के चंगुल से छुड़ाया। घायल वृद्ध को सरकारी अस्पताल लाया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष दीक्षा गंगवार ने बताया कि मथुरा के ठेकेदार की टीम ने आठ दिन तक नगर में बंदरों को पकड़ा था। ईद के बाद फिर से अभियान चलाकर बंदरों को पकड़वाया जाएगा।

36 दिन में 251 लोगों को कुत्तों ने किया जख्मी

स्वार, अमृत विचार : नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में 36 दिन में कुत्तों ने 251 तथा बंदरों ने 35 लोगों को हमला करके जख्मी कर दिया। सभी का सीएचसी में उपचार कराया गया। कुछ वर्ष पहले कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया गया था। कुत्तों को पकड़ कर सुनसान स्थान पर छोड़ा गया था। मगर अब कुत्ते गली-मोहल्लों मे घूमते देखे जा सकते हैं। इसके बावजूद प्रशासन समस्या के प्रति गंभीर नहीं है। पिछले वर्ष कुत्तों के झुंड ने एक बच्चे की जान ले ली थी। कुत्तों और बंदरों से लोगों में दहशत है।

दिव्यांगों को पेंशन के लिए दो माह और करना होगा इंतजार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जनपद के दो हजार दिव्यांगों को पेंशन के लिए दो माह और इंतजार करना पड़ेगा। ईद का त्योहार आने वाला है। पेंशन नहीं मिलने से उनका त्योहार फीका रहेगा। पेंशन के लिए दिव्यांग लगातार कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

प्रदेश सरकार की ओर से दिव्यांगों को तीन माह में तीन हजार रुपये पेंशन मिलती है। इसके अलावा दिव्यांगों के लिए विभिन्न योजनाएं भी संचालित है। दिव्यांगता के आधार पर उन्हें बैट्री चलित ट्राई साइकिल भी दी जाती है। दिव्यांगों को पिछले तीन माह की पेंशन नहीं मिली है। पेंशन नहीं आने से उन्हें कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। पेंशन नहीं आने से दिव्यांग लगातार कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। कार्यालय में तैनात कर्मचारियों को अपनी व्यथा सुना रहे हैं। ईद के त्योहार का हवाला दे रहे हैं। निदेशालय से अभी तक खातों में पेंशन नहीं पहुंच पाई है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार जनपद के दो हजार दिव्यांगों को पेंशन नहीं मिल पाई है। उनका कहना है कि तमाम प्रशासनिक अधिकारी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। मतगणना के बाद जून तक पेंशन उनके खातों में पहुंचेगी।

> जनवरी, फरवरी और मार्च की पेंशन नहीं आई है। इसे लेकर शासन स्तर से पैसा रिलीज किया गया था। लेकिन निदेशालय स्तर पर तकनीकी खराबी की वजह से वित्तीय वर्ष में पेंशन नहीं आ पाई है। तीन माह की पेंशन जून में मिलेगी। **-जीशान मलिक, दिव्यांग जन कल्याण अधिकारी**

इबादत दरगाह हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह में कुरआन मुकम्मल, रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाई गई दरगाह

कुरआन मजीद में मौजूद है हर मसअले का हल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मोहल्ला बाजोड़ी टोला स्थित दरगाह हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह में शनिवार की रात 10:30 बजे तरावीह के दौरान शाबीना में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। तरावीह की नमाज के दौरान एक-एक कारी ने एक-एक पारा पढ़ा और दस हाफिज ने सामां के फराइज अदा किए। मौलाना सगीर अहमद नूरी ने कुरआन मजीद की फजीलत से लोगों को रूबरू कराया।

हजरत हाफिज शाह जमालुल्लाह की दरगाह में तरावीह के दौरान हाफिज मोहम्मद मोहसिन, हाफिज मोहम्मद जावेद, हाफिज मोहम्मद जीशान, हाफिज मोहम्मद अब्दुल सुभान, सैयद गुलवेज मियां, हाफिज मोहम्मद तौफीक, हाफिज मोहम्मद उजैर, हाफिज अब्दुल समद, हाफिज मोहम्मद सैफुल्लाह, हाफिज मोहम्मद इमरान ने हाफिज मोहम्मद सत्तार की सरपरस्ती में कुरआन मजीद सुनाया। इस मौके पर दरगाह शरीफ को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया। मौलवी सगीर अहमद नूरी ने कहा कि कुरआन में हर मसअले का हल है। सज्जादानशीं शाह फहद अहमद जमाली, शाहिद अली खां जमाली, अतहर जमाली, अल्हाज जफर खां, अफसर खां जमाली, बाबू खां जमाली, फाजिल खां, फहीम जमाली, रहमान जमाली, मास्टर रेहान, मुकर्रम जमाली, शकील जमाली, कारी साबिर साहब जमाली, हाफिज फरमान साहब जमाली, मास्टर मसूद जफर जमाली, मोमिन जमाली, जब्बार जमाली समेत काफी तादाद में लोग मौजूद रहे।

तरावीह के दौरान कुरआन मजीद की तिलावत करते नमाजी। ● अमृत विचार

अल्लाह को राजी करने का महीना है रमजान

मसवासी, अमृत विचार : बिजारखाता की जामा मस्जिद में कुरआन शनिवार की रात 27वीं तरावीह में मुकम्मल हो गया। इस मौके पर उलेमा ने कहा कि रमजान अल्लाह को राजी करने का खास महीना है। हम सबको इस पाक महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत कर अल्लाह को खुश करना चाहिए। हाफिज मोहम्मद उजेर ने कुरान की तिलावत की। मौलाना खुर्शीद आलम मिसबाही ने सामा के फराइज अदा किए। इस मौके पर कमेटी के सदर गुलाम हसन, हाजी अहमदजान, हाजी जमीर अहमद, हाजी फजले अहमद, सईद मलिक, हनीफ अंसारी, अनीस अहमद पैगंबर अली, फैजान मलिक, शकील पाशा, फिरोज अहमद, शाहनाबाज, मुन्ने मिस्त्री आदि मौजूद रहे।

डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसे:-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)

दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)

डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

एक नजर

आठ वर्षीया नूर फातिमा ने रखा पहला रोजा

शाहबाद, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला फर्राशान निवासी असलम खां की आठ वर्षीया बेटी नूर फातिमा ने रमजान की रुखसती पर जिंदगी का पहला रोजा रखा। बच्ची की मां राबिया ने बताया कि परिवार के लोगों की इबादत से प्रेरित होकर उसने कम उम्र में ही रोजा रखने की हिम्मत जुटाई। शाम को इफ्तार के दस्तरखान पर उसने रोजा खोला तो परिजनों की खुशी का ठिकाना न रहा। परिवार के लोगों ने उसे दुआओं और तोहफों से नवाजा।

चाकू के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : गंज पुलिस ने बिलाल उर्फ बिल्लू निवासी मोहल्ला घेरबाज खां पाखड़ वाली मस्जिद को चाकू के साथ नोवा हास्पिटल के पास से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट दर्ज करके चालान कर दिया गया। इसके अलावा भोट पुलिस ने मुराद अली निवासी पीपल गांव को चाकू के साथ ग्राम नरखेड़ा वाले रोड पर ग्राम नरखेड़ा की ओर से गिरफ्तार किया। उसका भी चालान कर दिया गया है।

भाईचारे और मोहब्बत का पैगाम देता है माहे रमजान

रोजेदारों के लिए गलत बोलने और सुनने पर भी है पाबंदी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

माहे रमजान आपसी मोहब्बत को बढ़ावा देता है। माहे रमजान में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें। अल्लाह रमजान में की गई इबादत का सत्तर गुना ज्यादा सवाब देता है। माहे रमजान का यह आखिरी अशरा है। इसमें अपने और अपनों के लिए बारगाहे इलाही में खूब दुआ करें।

- मौलाना मुफ्ती महबूब अली, शहर इमाम

अमृत विचार : रोजा सब्र का नाम है। रमजान के पाक महीने में एक-दूसरे के साथ मोहब्बत का पैगाम देकर इंसानियत मजबूत करनी चाहिए। रोजा रखें, नमाज पढ़ें, इससे ईमान मजबूत होता है। गरीबों को खाना खिलाकर दुआएं हासिल करें। शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली ने बताया कि रमजान का यही मकसद और पैगाम है कि सब मोहब्बत और भाईचारे के साथ रहें।

शहर इमाम ने बताया कि सिर्फ खाने-पीने के परहेज का नाम ही रोजा नहीं है, बल्कि गलत बोलने और सुनने पर भी पाबंदी है। अल्लाह और उसके प्यारे नबी हजरत मोहम्मद पर यकीन रखते हुए हमें रोजे रखने चाहिए। रोजे के दौरान झूठ बोलने, चुगली करने, किसी पर बुरी निगाह डालने एवं हर छोटी से छोटी बुराई से दूर रहना जरूरी है। उन्होंने बताया कि रमजान के मायने संपन्न लोगों को भूख-प्यास का अहसास कराकर पूरी कौम को अल्लाह ताअला के करीब लाकर नेक राह पर डालना है। इस पाक माह में ही कुरआन मजीद नाजिल की गई। माहे रमजान को तीन हिस्सों (अशरों) में बांटा गया है। पहले दस दिनों में अल्लाह अपने रोजेदार बंदों पर रहमतों की बारिश करता हैं। दूसरे अशरे में गुनाह माफ करता है और तीसरे अशरे में दोजख की आग से निजात देता है। रमजान न सिर्फ रहमतों और बरकतों की बारिश करता है। बल्कि समूची इंसानी कौम को प्यार, भाईचारे और इंसानियत का भी पैगाम भी देता है।

माहे रमजान में हुआ कुरआन मजीद का नुजूल

मौलाना सैयद अली मोहम्मद नकवी बताते हैं कि माहे रमजान की 27वीं रात शब-ए-कद्र को कुरान का नुजूल (अवतरण) हुआ। इसीलिये इस महीने में कुरआन मजीद की खूब तिलावत की जाती है। तरावीह की नमाज में महीना भर कुरआन मजीद की तिलावत की जाती है। जिन्हें कुरआन पढ़ना नहीं आता, उन्हें कुरआन सुनने को मिलता है। कहा कि लैलतुल कद्र को वर्ष की सबसे पवित्र रात माना जाता है। आमतौर पर माना जाता है कि रमजान के आखिरी दस दिन में एक विषम संख्या वाली रात होती है।

घर-घर जाकर चुनाव प्रचार करें कांग्रेसी : धर्मेन्द्र

रामपुर, अमृत विचार : जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय देव गार्डन धमोरा में हुई। इसमें सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी मौलाना मोहिबुल्लाह ने कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र देव गुप्ता ने कहा कि कांग्रेसी घर-घर जाकर चुनाव प्रचार करें।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता गठबंधन प्रत्याशी के साथ है। पूर्व विधायक अफरोज अली खान ने कहा कि देश में गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस के कार्यकर्ता घर-घर जाकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मौलाना मोहिबुल्लाह के लिए वोट मांगे। सपा प्रत्याशी ने कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि यह जीत देश के लोकतंत्र बचाने के लिए अहम साबित होगी। इस मौके पर नसीम मलिक, जफर, वेदराम यादव, दुर्गेश मौर्य, विवेक गंगवार, जिवेन्द्र गंगवार, रामगोपाल सैनी, देवकीनंदन गंगवार, जगदीश अवस्थी, अजीव सिंह, शप्पू अंसारी, बाबू फौजी, निजाम पाशा, राजा ठाकुर, हुकम सिंह यादव, विजयपाल यादव, महावीर सिंह, राजेंद्र लाल दुवाकर, रोशन लाल दिवाकर आदि मौजूद रहे।

भाजपा ने महिलाओं को दिया सम्मान : गीता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

महिला सम्मेलन को संबोधित करतीं प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य। ● अमृत विचार

अमृत विचार : महिला सम्मेलन की मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा, राज्यसभा सांसद गीता शाक्य ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का स्थान आज के समय में घर पर खाना बनाना ही नहीं रह गया। अब महिलाओं की भागीदारी प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ती जा रही है। भारतीय जनता पार्टी ने महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर उनका सम्मान बढ़ाया है।

सिविल लाइन के आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर शनिवार को महिला सम्मेलन हुआ। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा और राज्यसभा सांसद गीता शाक्य का महिलाओं ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत फ्री गैस कनेक्शन, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, महिलाओं की समस्याओं को समझते हुए हर घर में शौचालय, सुकन्या योजना समेत अनेकों योजनाओं से लाभान्वित किया है। मुस्लिम महिलाओं का दर्द भी समझा है। तीन तलाक और हलाला जैसी कुप्रथाओं से बचाने के लिए सामान्य अधिकार भी दिलाए हैं।

सम्मेलन में क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा वर्षा कौशिक, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, दीक्षा गंगवार, पूर्व विधायक बीना भारद्वाज, सह प्रभारी मंजू दिलेर, जिला अध्यक्ष पारुल अग्रवाल, सुनीता सैनी, अमृता रंधावा, शकुंतला लोधी, लक्ष्मी सैनी, अर्चना गंगवार, मुन्नी देवी गंगवार, स्वेता शर्मा, विजय लक्ष्मी शर्मा, पूनम सागर आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

▸▸ महिलाओं का स्थान आज के समय में घर पर खाना बनाना ही नहीं रह गया

▸▸ सिविल लाइन स्थित लोकसभा कार्यालय पर हुआ महिला सम्मेलन का आयोजन

इसके अलावा शिक्षक सम्मेलन में शिक्षक विधायक हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि आप वह लोग हैं जो समाज को बनाते हैं। आप से ही शिक्षा पाकर हमारे बच्चे सामाजिक, संस्कारी व व्यवहारिक बनते हैं। आप लोग ही समाज को सही दिशा देते हैं। यह आप लोगों का ही कार्य है। आप लोगों से हमें बहुत अपेक्षाएं हैं। हम जानते हैं कि आप लोगों के लिए सम्मान ही सब कुछ है। भारतीय जनता पार्टी ने सदैव आप लोगों को पूरा सामान दिया है।

इस मौके पर विधायक आकाश सक्सेना, जगपाल यादव, मोहनलाल सैनी, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, सतनाम सिंह, हरीश गंगवार, राजीव मांगलिक, अनुज सक्सेना, अपना दल अध्यक्ष चौधरी घनवीर सिंह पन्नू , जागेश्वर दयाल दीक्षित, सचिन सिंह, विकास दीक्षित आदि मौजूद रहे।

भाजपा पहली ऐसी पार्टी जिसने आदिवासी महिला को राष्ट्रपति बनाया : हंसराज

अनुसूचित समाज के सम्मेलन में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इकलौती ऐसी पार्टी है, जिसने पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति भारत को दी। रामनाथ कोविंद भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में ही राष्ट्रपति बने। भारतीय जनता पार्टी के मूल में ही डा. भीमराव आंबेडकर का विजन है। हमेशा भाजपा ने पिछड़ों, दलित, शोषित और वंचित समाज का साथ दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने अपनी योजनाओं में कभी भी भेदभाव नहीं किया। मैं भी अनुचित समाज से हूं। आप सब से यही कहना चाहता हूं कि हमें एक होना है। भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से जीतना है। कार्यक्रम में भाजपा के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी, जिला प्रभारी राजा वर्मा, चुनाव प्रभारी हरी सिंह ढिल्लो, मंजू दिलेर, सुरेश गंगवार, अजीत गौतम, रघुवीर सिंह, राम सिंह सागर, सरवन सिंह सागर, शिशुपाल सिंह सागर, दिलीप गौतम, तारा गौतम आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

सफाई कर्मचारियों की बैठक लेते ईओ। ● अमृत विचार

ईद पर रखें विशेष साफ-सफाई

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार: नगर पंचायत मसवासी में अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने सफाई कर्मचारियों को रमजान, ईद और चैत्र नवरात्र के मद्देनजर बैठक कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं।

शनिवार को नगर तथा मोहल्लों में नाले-नालियों एवं सड़कों की साफ-सफाई दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। ईओ ने लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी। इस मौके पर वरिष्ठ लिपिक अमित चंद्रा, सोमपाल, नवनीत कुमार नरेश, राहुल कुमार, अमरनाथ, राजीव शर्मा नवल, किशोर आदि कर्मचारी मौजूद रहे। उधर नगर पंचायत के मोहल्ला चाउपूरा, भूबरा, इस्लामनगर, नई बस्ती, टंकी वाला मोहल्ला समेत कई मोहल्लों में सफाई व्यवस्था चौपट है। नागरिकों की शिकायत है कि सफाई नियमित रूप से नहीं की जाती। मोहल्लेवासियों का कहना कि रमजान का महीना चल रहा है। इसके बाद भी लोगों को गंदगी के बीच से गुजरना पड़ रहा है।

ईमान के रास्ते पर चलें मुसलमान

संवाददाता, बिलासपुर

कुरान मजीद खत्म के दौरान मौजूद उलमा। ● अमृत विचार

अमृत विचार : रमजान शरीफ के मुकद्दस महीने में दो स्थानों पर तरावीह के दौरान कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। दोनों स्थानों पर कुरआन की तिलावत करने और सुनने वाले हाफिजों की गुलपोशी की गई।

खौदलपुर शरीफ में बाद नमाजे तरावीह मौलाना असगर हुसैन खां ने कुरआन मजीद की तिलावत की। सामां के फराइज हाफिज जीशान अहमद ने अदा किए। वहीं सैयद सलीम मियां कादरी, चिश्ती, साबरी, नक्शेबंदी की जेरे सरपरस्ती में दुआ कराई गई। इस मुकद्दस महीने के सदके में गुनाहों की माफी व खुशहाली और तरक्की के लिए दुआ की गई। इस मौके पर सैयद नईम मियां, रफी खां, शहादत खां, शराफत खां, उमर खां, मुआज खां आदि मौजूद रहे।

▸▸ तरावीह के दौरान दो स्थानों पर हुआ कुरआन मजीद मुकम्मल

इसके अलावा मोहल्ला भट्टी टोला स्थित हाजी जी वाली मस्जिद में शुक्रवार की रात बाद नमाजे तरावीह कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। हाफिज मोहम्मद माहिर ने कुरआन मजीद की तिलावत की और सामां के फराइज हाफिज मोहम्मद साहिल ने अदा किए। नमाजियों ने दोनों को फूल-मालाएं पहनाईं। मौलाना हाफिज मोहम्मद साहिल ने नमाजियों को नसीहत देते हुए कहा कि झूठ-फरेब की दुनिया को छोड़कर ईमान का रास्ता इख्तियार करें। नमाजों की पाबंदी करें। गरीबों का हक यानी फित्रा व जकात अदा करें, जो अल्लाह ने हम पर फर्ज किया है। इस दौरान मुल्क व कौम की सलामती और खुशहाली के लिए दुआ की गई। शीरनी तक्सीम की गई। इस मौके पर हाजी यासीन खां, डा.आसिफ अली खां, दीदार खां, आबिद खां, नजीर दूला खां आदि मौजूद रहे।

जकात देने से दौलत में होता है इजाफा

संवाददाता,

कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर हाफिजों की गुलपोशी की गई। ● अमृत विचार

अमृत विचार: मुफ्ती मोहम्मद सलमान ने कहा कि मुकद्दस रमजान में रोजा रखने, कुरआन की तिलावत और नमाज की पाबंदी की जा रही है। इसका सवाब आम इबादत से सत्तर गुना से भी अधिक होता है।

कहा कि हदीसों में आया है कि जो लोग जकात देते हैं उनकी दौलत में और भी इजाफा हो जाता है। हदीस ए पाक में अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहो अलैही वसल्लम ने इरशाद फरमाया कि जो अल्लाह और उसके रसूल पर ईमान रखता हो उसे लाजिम यानी जरुरी है कि वह अपने माल की जकात अदा करे।

बिलासपुर गेट स्थित चपटा कालोनी में मदरसा फैज उल कुरआन में तरावीह की नमाज के दौरान कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। हाफिज नौशाद साहब ने कुरआन सुनाया, जबकि सामां के फराइज मुफ्ती मोहम्मद सलमान ने अदा किए। मुफ्ती मोहम्मद सलमान ने कहा कि रमजान का आखिरी अशरा चल रहा है। इसलिए मुसलमान अधिक से अधिक इबादत करें। इसके बाद हाफिज और सामां की नमाजियों ने गुलपोशी की। मुल्क में अमन-शांति के लिए भी दुआ कराई गई। इस अवसर पर डा. मेहंदी हसन, डा. महमूद उस्मानी, डा. मोहम्मद अब्दुल सलाम, फैसल रहमान समेत मदरसा के तमाम तलबा शामिल रहे।

कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर कारी और सामां की गुलपोशी की गई।

कुरआन मजीद के बताए रास्ते पर चलें : अकरम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: चादरवाला बाग स्थित मस्जिद हसनैन में कुरआन मुकम्मल होने पर मौलवी अकरम ने कहा कि मुसलमान कुरआन और सुन्नत के बताए रास्ते पर चलें। कहा कि जब कोई अल्लाह का मोमिन रमजान के सारे रोजे रखता है तो उसके गुनाह माफ कर दिए जाते हैं।

शुक्रवार को मस्जिद हसनैन में कुरआन मुकम्मल हुआ। हाफिज मोहम्मद अशीर खां ने कुरआन सुनाया। सामां के फराइज हाफिज गुलफाम ने अदा किए। मौलवी अकरम ने कहा कि अल्लाह इस महीने में मगफिरत और रहमत का खजाना लुटाता है। जो मुसलमान इसे नहीं लूटता उससे बड़ा बदनसीब कोई नहीं हो सकता। अंत में हाफिज और सामां की हाफिजों ने गुलपोशी की। इसके बाद मुल्क में शांति के लिए एहतेशाम उल्लाह खां, मौलवी मोहम्मद नासिर खां ने दुआ कराई।

त्योहार | टांडा के बाजारों में उमड़ी ग्राहकों की भीड़, बाजारों में सुबह से देर शाम तक खूब हो रही खरीदारी

ईद पर बाजारों में बढ़ी रौनक, दुकानदारों के खिले चेहरे

संवाददाता, टांडा

ईद के मौके पर मीना बाजार में खरीदारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार : ईद पर बाजारों में खूब रौनक है। नगर के बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ने से दुकानदारों के चेहरे खिल गए हैं। बाजारों में सुबह से देर शाम तक लोग खूब खरीदारी कर रहे हैं। ईद की नमाज के लिए कुर्ते-पायजामे, पेंट-शर्ट के अलावा महिलाएं जरी-जरदोजी और लखनवी चिकन के सूट पसंद कर रही हैं। बच्चों के लिए तरह-तरह के शेरवानी सूट भी उपलब्ध हैं।

ईद की खरीदारी को लेकर बाजारों में खूब चहल-पहल है। विभिन्न प्रकार की दुकानों में सुबह से देर शाम तक खरीदारों की भीड़ उमड़ रही है। कपड़ों की दुकानों पर ज्यादा भीड़ है। दर्जियों की दुकानों पर भी देर रात तक कपड़ों की सिलाई का काम चल रहा है। माहे रमजान के रोजों के बाद ईद उल फितर का त्योहार आता है। नगर में एक सदी से ईद के मौके पर चार दिवसीय मेला भी लगता है। इसे देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में आते हैं। इसलिए भी नगर व क्षेत्र में ईद उल फितर के त्योहार को लेकर लोगों में विशेष उत्साह रहता है। ईद के त्योहार के तीन दिन शेष हैं। बाजार में खरीदारी के लिए देर तक दुकानें खुल रही हैं। शाम तक बाजार में भीड़ है। अच्छी बिक्री होने से दुकानदार भी खुश हैं। ईदुलफितर पर कपड़े, जूते-चप्पल समेत अन्य जरूरत का सामान की खरीदरी जोरों पर है। ग्रामीण क्षेत्र से ईद के लिए जरूरत का सामान खरीदने के लिए लोग ग्रुप बनाकर बाजार आ रहे हैं।

ईद उल फितर खुशी का त्योहार है। यह रमजान के रोजों के बाद आता है। ईद की खुशी में सभी नए कपड़े और जूते आदि की खरीदारी कर रहे हैं। ईद पर नये कपड़े पहनने की बात ही कुछ और है। **- डॉ. मोहम्मद अफरोज**

ईद के मौके पर कपड़ों की खूब बिक्री हुई है। यह एक खास त्योहार है। लोगों ने बड़े पैमाने पर नए कपड़े सिलाए हैं। ईद के दिन इन कपड़ों को पहना जाएगा। इसके अलावा भी लोग खरीदारी कर रहे हैं। **- मोहम्मद आदिल**

ईद उल फितर एक खास त्योहार है। इसलिए लोग जमकर खरीदारी करते हैं। ईद पर नये कपड़े पहनकर नमाज पढ़ना सुन्नत है। नये कपड़े पहनकर काफी खुशी होती है। लोग ईद पर खूब खरीदारी कर रहे हैं। **- मुईद सैफई**

ईद के मौके पर महिलाओं ने कॉस्मेटिक के सामान की जमकर खरीदारी की जा रही है। नगर सहित आसपास के क्षेत्र से महिलाएं जरुरी सामान खरीदने आ रही हैं। कारोबार अच्छा हो रहा है। ईद पर खूब बिक्री हो रही है। **- मोहम्मद जीशान**

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइसेंज
यूजी डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/यूजी डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग क्रिटिकल केयर में नर्स प्रैक्टिशनर/(मेडिकल सर्जिकल/बाल स्वास्थ्य/सामुदायिक स्वास्थ्य/मानसिक स्वास्थ्य/प्रसूति एवं स्त्री रोग) में एमएससी नर्सिंग
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइसेंज
डिप्लोमा-मेडिकल लैब टैक्नीसियन/एक्स-रे टैक्नीसियन में डिप्लोमा/डायलिसिस टैक्नीसियन में डिप्लोमा/इमरजेंसी और ट्रामाकेयर में डिप्लोमा/एम आर आई टैक्नीसियन में डिप्लोमा/फिजियोथेरेपी में स्नातक/बीएससी (चिकित्सा प्रयोगशाला टैक्नीसियन)/रेडियोलॉजीकल इमेजिंग तकनीक में बीएससी/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइसेंज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (वित्त और कराधान)/बीसीए (आ टी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

मतदान करें

करना है मतदान समय पर,
लेकिन, सोच-समझ करना है!

राष्ट्रभक्त और'
मानवता के,
घोर समर्थक को करना है!
खड़े देशद्रोही चुनाव में,
अपराधी हैं, महालुटेरे
जातिवाद - परिवारवाद से,
तुमको लेश नहीं डरना है!
देशभक्त जो प्रत्याशी हो
अपना वोट उसे करना है!

-साहित्य भूषण, डॉ. महेश 'दिवाकर'

एक नजर

मुरादाबाद व सहारनपुर लोस के चुनाव प्रभारी बने अहमद

मुरादाबाद, अमृत विचार : कांग्रेस मुख्यालय से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी

अल्पसंख्यक के प्रदेश चेयरमैन शाहनवाज आलम द्वारा काजीपुरा निवासी मोहम्मद अहमद को मुरादाबाद एवं सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है। अल्पसंख्यक कांग्रेस उत्तर प्रदेश की ओर से नवनियुक्त मोहम्मद अहमद ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि वह पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं।

पीआरडी जवान की मौत

मुरादाबाद, अमृत विचार : कटघर थाना क्षेत्र में ड्यूटी कर रहे पीआरडी जवान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव जैतपुर पट्टी निवासी 48 वर्षीय धर्मपाल पीआरडी में जवान था। उसकी ड्यूटी थाना कटघर के इलाके में थी। लोगों ने देखा धर्मपाल सड़क पर गिर पड़ा। इसकी सूचना मूंढापांडे थाना पुलिस को दी गई थी। पुलिस धर्मपाल को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाई थी, जहां डॉक्टरों ने उनकी सभी जांच करने के बाद मृत घोषित कर दिया।

एसपी सिटी ने की बैठक

मुरादाबाद, अमृत विचार : आगामी लोकसभा चुनाव और त्योहारों को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए शनिवार को एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने सभी चौकी प्रभारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी चौकी प्रभारियों को दिशा-निर्देश दिए।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए अवश्य करें मतदान

पहले मतदान, फिर जलपान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों के आधार पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। उनका कहना है कि 2019 में हुए लोकसभा चुनाव से हर हाल में 10-15 प्रतिशत मतदान बढ़ाना लक्ष्य है।

जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का आधार है। अपनी पसंद का जनप्रतिनिधि चुनने के लिए मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। यदि अच्छे जनप्रतिनिधि निर्वाचित होंगे तभी बेहतर जनकल्याणकारी योजनाएं लागू होंगी और इसका लाभ सभी नागरिकों को मिलेगा। जिससे समाज और राष्ट्र का विकास होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों, अधिकारियों, स्वयंसेवी संगठनों के स्वयंसेवकों से आगे आकर लोगों को लोकतंत्र के महा उत्सव में सहभागिता के लिए प्रेरित करने को कहा। कहा कि युवा वर्ग अपने माता-पिता, अभिभावकों, रिश्तेदारों, पड़ोसियों से लोकसभा चुनाव की मतदान तिथि 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। पहले मतदान फिर जलपान और अन्य कार्य इसके लिए जागरूक करें। पड़ोसियों के घर टोली बनाकर पहुंचें और उन्हें मतदान करने के लिए कहें। उन्होंने यह भी अपील किया कि जिन छात्र-छात्राओं के माता-पिता, अभिभावक, रिश्तेदार नौकरी या व्यवसाय के लिए जिले से बाहर कार्य करते हैं उनसे भी मतदान की तारीख को आकर मताधिकार का प्रयोग करने के लिए अनुरोध करें। लोगों को पोस्टर व कार्ड के माध्यम से जागरूक करने की अपील की।

भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में केंद्रीय खेलमंत्री अनुराग ठाकुर, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य कर चुके हैं बैठक

चुनावी रंग चढ़ाने को सपा व बसपा में स्टार प्रचारकों का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में मतदान का दिन करीब आ रहा है। लेकिन अभी तक प्रचार जोर नहीं पकड़ रहा है। चुनाव का माहौल बनाने के लिए सपा व बसपा में स्टार प्रचारकों का इंतजार है। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में बैठक व बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन कर केंद्रीय खेलमंत्री अनुराग ठाकुर, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य माहौल बना चुके हैं। मगर सपा-बसपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी माहौल चढ़ाने को स्टार प्रचारकों की राह देखी जा रही है।

मुरादाबाद लोकसभा सीट के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। 17 अप्रैल की शाम 5 बजे चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा। ऐसे में चुनावी फिजा बनाने के लिए सिर्फ 11 दिन शेष हैं। सपा में इस बार टिकट वितरण से ही शुरू हुआ घमासान अभी थमा नहीं है। प्रत्याशी रुचि वीरा के साथ दल के स्थानीय बड़े नेता व पार्टी पदाधिकारी भी नहीं दिख रहे हैं। अभी तक के जनसंपर्क में वह पूर्व विधायक व पूर्व पदाधिकारियों के साथ ही घूम रही हैं। उनके रास्ते की सबसे बड़ी अड़चन वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन की नाराजगी है। वह स्वयं का टिकट कटने से क्षुब्ध हैं। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने से साफ इनकार कर दिया है। ऐसे में प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव या अन्य बड़े चेहरों के आने की राह देखी जा रही है। स्थानीय गुटबाजी की आग पर भी शायद बड़े स्टार प्रचारकों के आने से पानी पड़ सके। नहीं तो 2019 की जीती सीट किसी दूसरे दल के खाते में चली जाए तो हैरत नहीं।



भाजपा के चाणक्य तीन अप्रैल को कर चुके हैं समीक्षा

पहले तीन चरणों में 17 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए भाजपा के चाणक्य केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी 3 अप्रैल को रामपुर रोड स्थित एक होटल में समीक्षा बैठक कर चुके हैं। जिसमें लोकसभा चुनाव की कोर कमेटी के पदाधिकारियों को उन्होंने हर सीट पर जीत के लिए मार्गदर्शन किया था। अब 16 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा की चर्चा है। लेकिन पार्टी स्तर से अभी अधिकृत घोषणा नहीं की गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा की देखी जा रही राह

भाजपा प्रत्याशी कुंवर सर्वेश सिंह के पक्ष में दो अप्रैल को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर भाजपा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए थे। जबकि 5 अप्रैल को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने दिल्ली रोड स्थित एक होटल में बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन को संबोधित कर जीत की हुंकार भर कर अबकी बार 400 पार, केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार बनाने का जोश भरा। वहीं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भी प्रत्याशियों की जीत के लिए जुटे हैं।

बहुजन समाज पार्टी की ओर से इरफान सैफी चुनाव मैदान में हैं। वह भी अपने दम पर प्रचार कर रहे हैं। हालांकि उनके साथ पार्टी के पदाधिकारी जुटे हैं लेकिन स्टार प्रचारकों के न आने से माहौल पर हाथी का रंग नहीं चढ़ा है। वैसे बसपा ने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के अलावा उनके भतीजे आकाश आनंद सहित कई अन्य नाम हैं। स्थानीय स्तर पर मंडल कोआर्डिनेटर, जिलाध्यक्ष सुनील आजाद भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं। जिलाध्यक्ष का कहना है कि 15 अप्रैल को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष की जनसभा मुरादाबाद में प्रस्तावित है।

शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान की जिम्मेदारी निभाएं

जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को मॉक पोल प्रक्रिया, सीयू व वीवीपैट को सील करने की प्रशिक्षण में दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: पंचायत भवन सभागार में शनिवार को जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों ने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए मिली जिम्मेदारी को ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ निभाने के लिए कहा। प्रशिक्षण में मॉकपोल प्रक्रिया और उसके बाद सीयू व वीवीपैट को सील करने की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह ने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि आपकी जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक से करें। सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान केंद्रों पर मॉकपोल की स्थिति सुनिश्चित कर और मतदान शुरू होने की रिपोर्ट आरओ को तत्काल देंगे। मतदान की शुचिता व निष्पक्षता बनाने के लिए केंद्रों पर हर पहलू पर नजर रखेंगे।

मतदान के दिन कम से कम तीन बार सभी केंद्रों का दौरा करना होगा। बूथों का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित कराएं। पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ सेक्टर पुलिस अधिकारी, एसआई रैंक आपके साथ रहेंगे। जोनल मजिस्ट्रेट के साथ इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी की ड्यूटी रहेगी। जिन केंद्रों पर अधिक बूथ है, उन पर अधिक से अधिक भ्रमण करें। आपस में समन्वय बनाकर कार्य करें।

मतदान केंद्र से 200 मीटर की परिधि के अंदर भीड़ न लगे और न ही बस्ता रहे। प्रशिक्षण में परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, सूचना विज्ञान अधिकारी संजय अरोड़ा, जिला विकास अधिकारी, प्रशिक्षक, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जानकारी देते एसपी ट्रैफिक सुभाष चंद्र गंगवार। ● अमृत विचार

तहसील में बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

मतदान की दिलाई शपथ

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत अगवानपुर के बूथ संख्या 354 पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने मतदाताओं को अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी ने लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने और दूसरों को भी प्रेरित करने के लिए कहा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कांठ, तहसीलदार कांठ सहित अन्य अधिकारी और मतदाता उपस्थित रहे।

19 अप्रैल को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने प्रदेश के अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन के आदेश के क्रम में लोकसभा चुनाव में मतदान के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद में मतदान प्रथम चरण में 19 अप्रैल दिन शुक्रवार और तीसरे चरण में 7 मई दिन मंगलवार को होगा। इस दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। इस तिथि को जिले के कोषागार तथा उप कोषागार भी बंद रहेंगे।

बीएलओ पांच दिन में वितरित करें मतदाता पर्ची

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर के सभागार कक्ष में बीएलओ के साथ बैठक हुई। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि पांच दिन के अंदर हर मतदाता को मतदाता पर्ची उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी मतदाता पर्ची अवशेष रही तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार सुपरवाइजरों के माध्यम से लगातार मानीटरिंग करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाता पर्ची वितरण के दौरान शिफ्टेड मतदाता पूर्व प्रवास स्थान पर नहीं रहेंगे तो ऐसे वोटर्स को चिह्नित करें। इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह वीरवाल, एसीएम द्वितीय, तहसीलदार सदर के अलावा तहसील क्षेत्र के बीएलओ मौजूद रहे।

एरीना एनीमेशन में सम्मानित हुए विद्यार्थी व अन्य। ● अमृत विचार

मेधावियों को सम्मानित किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: एरीना एनीमेशन की ओर से शनिवार को प्लेसमेंट से संबंधित सेमिनार का आयोजन हुआ। इसमें एरीना एनीमेशन नोएडा कार्यालय के विजय नायर की ओर से विद्यार्थियों को संबोधित किया गया।

उन्होंने बताया कि जॉब के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है आपका रिज्यूम। उन्होंने कहा कि आपके अंदर जितने भी स्किल हैं, वह सब आपके रिज्यूम में उपलब्ध होने चाहिए। साथ ही रिज्यूम में आपका पोर्टफोलियो लिंक भी होना अति आवश्यक है। एरीना में आपका भविष्य सुरक्षित है। हमारे पास तमाम कंपनियां उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि जितने भी विद्यार्थी अपने विषय एरीना से कर रहे हैं। उन्हें जॉब के लिए बिल्कुल भी परेशान होने की जरूरत नहीं है। बाजार में एरीना के जितने भी विद्यार्थी अभी तक पास आउट हुए हैं। सबने अच्छा परफॉर्म किया है। संचालन भावना धवन ने किया। कार्यक्रम में डायरेक्टर संजय धवन, दिलीप सिंह, परिधि सक्सेना, पिंकी मल्होत्रा, संजना कपूर, शिवानी श्रीवास्तव, मौजूद रहे। कार्यक्रम में एरीना एनीमेशन के क्रिएटिव मैजिक 24 प्रोग्राम के ऑडियंस राउंड और ज्यूरी मेंबर की ओर से सफल हुए विद्यार्थियों को भी सर्टिफिकेट और मेडल प्रदान किए गए। इनमें सानिया सलीम, आयुष श्रीवास्तव, सविता तिवारी, गरिमा, पवन, परवेज, नंदिनी, आस्था, दीक्षा, अंशुल, आयुष, अंकित सोनी, प्रखर, जुबिया, अनस रजा, राहुल पाल, दृष्टि सिक्का, शिवांश, शिवांश शर्मा, सरगम, अभिषेक, अंशिका, जेसिका कालरा, आयुष, पारीक, अरविंद, अंशिका गुप्ता, जूही गुप्ता व समीर रहे।

सैंड आर्ट से लोगों को दिया मतदान करने का संदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय से शनिवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन में ट्रांसजेंडर मतदाताओं के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए ट्रांसजेंडर समुदाय की रैली निकाली गई। रैली को जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी और जनपद की स्वीप आइकॉन ऋतु नारंग ने रवाना किया।

इसके बाद आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, पतंग प्रतियोगिता, बॉडी व फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न स्कूलों के 350 प्रतिभागी छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम स्थल पर चित्रगुप्त इंटर कालेज के छात्रों ने पेंटिंग बनाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर मतदाता जागरुकता से संबंधित स्लोगन लिखे हुए गुब्बारों को उड़ाकर कार्यक्रम का आरंभ किया गया। स्वीप लोगों से युक्त पतंग छात्र-छात्राओं के साथ उड़ाई। उन्होंने सैंड आर्ट पर बनाए गए बॉडी व फेस पेंटिंग का अवलोकन भी किया। इसके अतिरिक्त चित्रगुप्त इंटर कालेज के छात्रों द्वारा मतदाता जागरुकता से संबंधित स्लोगन लिखे हुए फ्लैक्सी का अवलोकन भी किया गया। जिलाधिकारी ने समस्त प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित भी किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का आधार है। अपनी पसंद के जनप्रतिनिधि का चयन करने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

बालू से चित्रकारी कर मतदान का संदेश देते बच्चे। ● अमृत विचार

चुनावी दौर में भी नहीं हो रही खादी की बिक्री

मुरादाबाद, अमृत विचार: समय के साथ-साथ खादी की चमक फीकी पड़ गई है। चुनावी बयार में भी अब नेताजी खादी की जगह कॉटन के कपड़े और जींस पहनकर जनता के बीच जा रहे हैं। एक समय में महानगर के गांधी आश्रमों पर खादी के कपड़े खरीदने वालों की भीड़ लगती थी, लेकिन अब धीरे-धीरे कमी आने लगी है। पहले चुनाव आते ही खादी के कपड़ों की मांग बढ़ जाती थी। उस समय राजनीतिक लोग खादी को अधिक तवज्जों देते थे। टोपी से लेकर कुर्ता तक खादी का ही सिलवाते थे। खादी पहनना देश भक्ति की पहचान थी। लेकिन बदलते दौर में खादी वस्त्रों को लेकर नेताओं की सोच बिल्कुल अलग हो गई है। तमाम नेता खादी का कुर्ता-पायजामा छोड़कर जींस और ब्रांडेड कुर्ता पहनने लगे हैं। ऐसे में चुनावी मौसम होने के बावजूद खादी की दुकानों पर सन्नाटा पसरा रहता है।

नगर आयुक्त कैंप कार्यालय पर महापौर के साथ टैक्स वसूली में प्रथम आने पर सम्मानित अधिकारी व कर्मचारी। ● अमृत विचार

नगर आयुक्त व कर्मचारी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: नगर निगम के कर अनुभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2023-24 में कर वसूली का रिकार्ड स्थापित करने पर शनिवार को पीलीकोठी स्थित कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल व उनके टीम के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। महापौर ने कहा कि नगर निगम की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में किया गया कार्य प्रशंसनीय है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में 93.86 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली हुई। इसमें गृहकर, व्यवसायिक कर व जलकर शामिल है। जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में वसूली 46.12 करोड़ रुपये की हुई। इस लिहाज से पिछले वित्तीय वर्ष में 204 प्रतिशत की कर वसूली हुई है। महापौर विनोद अग्रवाल ने नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, लेखाधिकारी एके मिश्र, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान कर अनुभाग के कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

जनसंपर्क

जनसंपर्क करतीं सपा प्रत्याशी रुचि वीरा।

सपा प्रत्याशी रुचि वीरा ने मांगा जनता से आशीर्वाद

मुरादाबाद, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन की लोकसभा प्रत्याशी रुचि वीरा ने महानगर के अलावा ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के मंसूरपूर, धारक नंगला, तगालाद, डिलरा, ढकिया, ततारपुर, राजपुर कैंसरया, मासूमपुर, कुर्रा, सौदासपुर, जलालपुर, बहादुरगंज, नाखूनका, काकरखेड़ा, ठाकुरद्वारा, गुलड़िया, नहटौरा, मनकुआं आदि गांवों में लोगों से संपर्क किया। इस दौरान सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जयवीर यादव, मनीष यादव, दयाशंकर शर्मा, चौधरी वीर सिंह, अमानउल्ला खां, बाबर खां, जिगर चौधरी, मोहम्मद रिजवान, दीपक गर्ग, दयाराम सैनी, चतर सिंह, सुनील शर्मा, निगम कुमार, दिव्य राणा आदि मौजूद रहे।

जागरुकता | लोकतंत्र में भागीदारी-हम सबकी जिम्मेदारी विषय पर बच्चों ने पेंटिंग बनाईं

चित्रकला व पेंटिंग से मतदान के प्रति जागरूक किया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरुकता अभियान/स्वीप के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग नगर क्षेत्र के स्कूलों के बच्चों की नगर स्तरीय चित्रकला/पेंटिंग प्रतियोगिता कम्पोजिट विद्यालय गांधी पार्क में हुई। चित्रकला व पेंटिंग से लोकसभा चुनाव में मतदान का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे, एडी बेसिक शिक्षा बुद्ध प्रिय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने प्रतियोगिता में शामिल 300 बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने हमारा वोट-हमारा अधिकार, वोट फॉर नेशन, चुनाव का पर्व देश का गर्व तथा लोकतंत्र में भागीदारी- हम सबकी जिम्मेदारी विषय पर आकर्षक पेंटिंग्स बनाकर मतदाता जागरुकता का संदेश दिया। पेंटिंग प्रतियोगिता के प्राइमरी वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय कांशीराम नगर की सानिया ने प्रथम, प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर की नेहा ने द्वितीय और प्राथमिक विद्यालय ढक्का की सीमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के जूनियर हाईस्कूल वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय दांग की अरीबा और जूनियर हाईस्कूल मऊ की पल्लवी ने प्रथम, कम्पोजिट विद्यालय मझोला की नीतू सैनी ने द्वितीय और कन्या जूनियर हाईस्कूल कुंदनपुर की खुशी राजभर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला विद्यालय निरीक्षक, मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक बुद्धप्रिय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने विजेता बच्चों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने सभी का आभार जताया। संचालन राहुल शर्मा ने किया। इस दौरान राकेश कौशिक, राहुल शर्मा, उस्मान आरिफ, रोशनी वर्मा, नीतू सिंह, उषा कुमारी, रत्नेश बाला, आयशा नूर, श्वेता चहल, रेखा चौहान, गीता खेड़ा, सुगन्ध गुप्ता, अरशद अली, नीलम, रेहाना आदि मौजूद रहे।

पेंटिंग बनाकर मतदान का संदेश देते बच्चे, साथ में जिला विद्यालय निरीक्षक, एडी बेसिक शिक्षा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

बड़े भाई की हत्या में आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मकान के विवाद में बड़े भाई की गैर इरादतन हत्या करने के आरोप में पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला थाना बिलारी के गांव मंगुपरा चौकी स्यौडारा का है। यहां मकान बेचने को लेकर दो भाइयों में हुए विवाद में राजीव पुत्र दीवान सिंह ने अपने भाई भोगराज (50) के सिर पर डंडा मार कर उसे घायल कर दिया था।

पुलिस लाइन सभागार में एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि मृतक भोगराज के चचेरे भाई ने अभियुक्त राजीव यादव के विरुद्ध मामला दर्ज कराया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विवेचना में जानकारी हुई कि मृतक भोगराज व राजीव यादव दो सगे भाई हैं। दोनों भाइयों में कुछ दिन पहले बंटवारा हुआ था। इसमें एक मकान भोगराज के हिस्से में आया था। भोगराज शराब पीने का आदी था। वह अपने हिस्से के मकान का विक्रय करना चाहता था। यह बात जब छोटे भाई राजीव को मालूम हुई तो उसने बड़े भाई को मकान बेचने से मना किया। इसी बात को लेकर आपस में दोनों भाइयों के बीच कहासुनी हुई थी। इसी दौरान राजीव गुस्से में आ गया और वहीं पर पड़े डंडे को उठाकर भोगराज के सिर पर मार दिया था। एसपी क्राइम ने बताया कि घटना के बाद फरार आरोपी राजीव यादव को बिलारी थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र प्रताप सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम राजेश यादव ने गिरफ्तार किया है। अभियुक्त की निशादेही पर आला कत्ल (डंडा) भी बरामद कर लिया है।

पुलिस लाइन सभागार में हत्या का खुलासा करते एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार।

एक नजर

किसान से डेढ़ लाख रुपये ठगे, पीड़ित ने तहरीर दी

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में बैंक से रुपये लेकर घर ले जा रहे किसान से डेढ़ लाख की ठगी कर ली गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। क्षेत्र के गांव अहरौला अहमद यार खां निवासी किसान धर्मपाल सिंह शनिवार दोपहर मंडी समिति शाखा प्रथमा यूपी बैंक से डेढ़ लाख रुपये निकालकर अपने घर जा रहा थे। बैंक से निकलते ही एक बुजुर्ग मिल गए। घरेलू क्लेश मिटाने की बात कहकर झांसे में ले लिया। इस बीच किसान से आंखें बंद करने को कहा। पलक झपकते ही रुपये से भरा थैला लेकर जालसाज फरार हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। किसान की बेटी की 17 अप्रैल को शादी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस ने लोगों से की शांति की अपील

रहरा, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव गंगवार व बुरवाली में लोकसभा चुनाव को लेकर थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत और पंजाब पुलिस की महिला प्लाटून के साथ पैदल मार्च निकाला। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने लोगों से बातचीत कर शांति बनाए रखने की अपील की।

विकसित राष्ट्र बन रहा भारत : योगी

रामलीला मैदान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा को किया संबोधित

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत 10 साल में ही बदल गया है और विकसित राष्ट्र बनने की राह पर चल रहा है। पूरी दुनिया भारत की ताकत को मान रही है। विश्व में भारत का सम्मान बढ़ा है।

मुख्यमंत्री ने नगीना लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी ओम कुमार के समर्थन में शनिवार दोपहर रामलीला मैदान पर जनसभा को संबोधित किया। यहां उन्होंने कहा कि 10 साल पहले सुरक्षा न होने के कारण विकास के काम ठप थे। भ्रष्टाचार चरम पर था। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा था। महिलाएं असुरक्षित थीं और महापुरूषों को सम्मान नहीं मिलता था। लेकिन प्रधानमंत्री ने राष्ट्र का नेतृत्व संभाला तो देश बदल गया। पूरी दुनिया हैरान है कि आखिर 10 वर्षों में कोई देश ऐसे कैसे बदल सकता है और विकास के रास्ते पर इतनी तेजी से आगे कैसे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश के महापुरुषों को सम्मान दिया है। बिजनौर में महात्मा विदुर की धरती पर उनके नाम से मेडिकल कॉलेज बनाने का काम भी भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने ही किया है।

मंच पर विजयी चिह्न दिखाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ क्षेत्रीय मंत्री सतेंद्र सिसौदिया, मंत्री नरेंद्र कश्यप, भाजपा-रालोद के संयुक्त प्रत्याशी ओम कुमार व अन्य भाजपा नेता।

कांग्रेस-सपा और बसपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के नाम पर ये दल अपनी राजनीति करते हैं, उन बाबा साहब आंबेडकर तीर्थ को विकसित व सुसज्जित करने का काम भी भाजपा सरकार ने ही किया है। हमने ही संत शिरोमणि रविदास की भूमि को विकसित किया है। कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य व दिव्य मंदिर बनाने का काम भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन वाली सरकार ने किया है। राम मंदिर में रामलला के विराजमान होने से पहले प्रधानमंत्री ने अयोध्या के अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का नामकरण महर्षि वाल्मीकि के नाम किया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली सरकार देश के 80 करोड़ लोगों को राशन बांट रही है। किसान सम्मान निधि योजना के तहत 12 करोड़ किसानों को उनके बैंक खातों में धनराशि भेजकर किसानों को सम्मान दिया जा रहा है। 10 करोड़ माताओं-बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस के सिलेंडर देकर उनके जीवन में खुशहाली लाई गई। चार करोड़ बेघर लोगों को मकान देकर उन्हें छत दी है। जनसभा में भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री सतेंद्र सिसौदिया, मंत्री नरेंद्र कश्यप, लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी गोपाल अंजान, नगीना लोकसभा सीट से भाजपा-रालोद के संयुक्त प्रत्याशी ओम कुमार, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, धामपुर विधायक अशोक राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह उर्फ बॉबी, क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान, पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह, पूर्व सांसद शीशराम रवि, रालोद के पूर्व सांसद मुंशीराम पाल, पूर्व विधायक सतीश कुमार, राष्ट्रीय अनुसूचित आयोग के सदस्य व भाजपा के पूर्व विधायक लवकुश कुमार, सतीश गौतम आदि रहे।

नामांकन निरस्त होने पर कलेक्ट्रेट में रोने लगा ऑटो चालक, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट में चल रही नामांकन प्रक्रिया के दौरान ऑटो चालक का नामांकन पत्र निरस्त हो गया। इससे आहत होकर वह फूट-फूट कर रोने लगा। प्रतिद्वंदी पर नामांकन निरस्त कराने का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में हंगामा किया और आत्मदाह करने की चेतावनी दी। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने उसे समझा कर शांत कराया। ऑटो चालक ने कहा कि वह चालकों से हो रही अवैध वसूली रोकने के लिए चुनाव लड़ना चाहता था।

लोकसभा चुनाव को लेकर कलेक्ट्रेट में नामांकन प्रक्रिया चल रही है। हसनपुर क्षेत्र के गांव करनपुर माफी निवासी अमीचंद ने अपना निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पत्र दाखिल किया था। शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच हुई तो उसका पर्चा निरस्त कर दिया गया। ऑटो चालक के नामांकन पत्र में शामिल प्रस्तावक ने जांच के दौरान शपथ पत्र दिया था। इसमें उसे गुमराह कर नामांकन पत्र के शपथ पत्र में हस्ताक्षर कराए गए हैं। उसने खुद को प्रस्तावक बनाने की जानकारी से भी इनकार कर दिया। इसके बाद नामांकन पत्र को निरस्त कर दिया गया। नामांकन पत्र निरस्त होने की जानकारी पर शनिवार दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंच अमीचंद फूट-फूट कर रोने लगा। उसने कलेक्ट्रेट में ही आत्मदाह करने की चेतावनी दी। आरोप लगाया कि प्रतिद्वंदी प्रत्याशी ने उसका नामांकन पत्र निरस्त कराया है। उन्होंने बताया कि उनके क्षेत्र में ऑटो चालकों से अवैध वसूली होती है। वह चुनाव लड़कर इस वसूली को रोकना चाहते थे। कलेक्ट्रेट में हाई वोल्टेज हंगामा के बीच हड़कंप मच गया। वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने समझाकर अमीचंद को वापस भेजा।

हंगामा करते ऑटो चालक अमीचंद को समझाता पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

▸▸ बोला- ऑटो चालकों से हो रही अवैध वसूली रोकने के लिए लड़ना चाहता हूं चुनाव

प्रतिशोध की राजनीति कर रही भाजपा

संवाददाता, नगीना

अमृत विचार : बहुजन समाज पार्टी के स्टार प्रचारक व राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने शनिवार को कहा कि भाजपा धन्नासेठों से चंदे के रूप में करोड़ों रुपये लेकर प्रतिशोध की राजनीति कर रही है। संविधान बदलकर दलितों, शोषितों, वंचितों के अधिकारों को समाप्त करना चाहती है। बसपा कार्यकर्ताओं को हतोत्साहित होने की जरूरत नहीं है। बसपा प्रमुख मायावती उनके साथ चट्टान की तरह खड़ी हैं।

आकाश आनंद नगीना लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह मैनवाल के समर्थन में नगीना के हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान पर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। यहां उन्होंने नगीना सीट से सुरेंद्र सिंह और बिजनौर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी चौधरी बिजेंद्र सिंह को भारी मतों से जिताने की अपील की। कहा कि लोकसभा में बसपा के जितने ज्यादा सांसद होंगे उतनी ही मजबूती से आपकी बात संसद में रखी जा सकेगी। उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड से सभी राजनैतिक दलों द्वारा पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, कंपनियों से चंदा लेने का मुद्दा उठाया। कहा कि छह वर्षों में देश की 25 राजनैतिक पार्टियों ने 16.5 हजार करोड़ रुपये का चंदा वसूला हैं। भाजपा ने आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक का चंदा लिया है। इस दौरान बसपा के पश्चिम उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड क्षेत्र के प्रभारी शमशुद्दीन राइन, जिलाध्यक्ष दलीप कुमार उर्फ पिंटू, पूर्व मंत्री धनीराम सिंह, सुनिल कुमार गौतम, रणविजय सिंह, पूर्व सांसद सलीम अंसारी, राजकुमार गौतम, बृजपाल सिंह, डॉ. मनोज कुमार आदि रहे।

जनसभा के मंच पर मौजूद बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद के साथ पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड क्षेत्र के प्रभारी शमशुद्दीन राइन व अन्य।

मिथाइल अल्कोहल से भरे दो टैंकर पकड़े, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : रजबपुर थाने की पुलिस ने चेकिंग के दौरान मिथाइल अल्कोहल से भरे दो टैंकरों को पकड़ कर उनके चालकों को गिरफ्तार कर लिया है।

शनिवार को थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ नेशनल हाईवे पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी पुलिस को दो टैंकर आते दिखाई दिए। दोनों टैंकर को पुलिस ने रोक कर उनके कागजात देखे तो पता चला कि दोनों टैंकरों में अवैध रूप से मिथाइल अल्कोहल भरा था। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों टैंकरों में 62000 लीटर अवैध मिथाइल अल्कोहल भरा था, जो जहर की श्रेणी में आता है। दस्तावेज फर्जी रूप से तैयार किए गए थे। उन्होंने बताया कि टैंकर के रंग में परिवर्तन कर ब्राउन रंग के स्थान पर सफेद रंग किया हुआ था। षड्यंत्र के तहत आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से ट्रांसपोर्टर एवं फैक्ट्री मालिकों की मिली भगत से मिथाइल अल्कोहल को राजस्थान से लाया जा रहा था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि दोनों टैंकर को कब्जे में ले लिया है और चालकों को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में टैंकर चालकों ने अपने नाम रामाराम पुत्र अजमल, रेखा राम पुत्र गेंदाराम निवासी धानी जिला बाड़मेर राजस्थान बताया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बाद में दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

▸▸ राजस्थान के रहने वाले दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट

निष्पक्ष रूप से कराएं चुनाव : प्रेक्षक

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर सामान्य प्रेक्षक राहुल शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इसमें चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी तरीके से कराने को लेकर नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा की गई। प्रेक्षक ने कंट्रोल रूम, सी विजिल, मीडिया सर्टिफिकेशन, परिवहन व्यवस्था, मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट, डाक मतपत्र, मत पत्रों की छपाई, कर्मचारियों की ट्रेनिंग सहित विभिन्न तैयारी की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि चुनाव को सभी अधिकारी गंभीरता से लें और सक्रिय होकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करें। ईवीएम से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं होना चाहिए। जिम्मेदारी से ईवीएम का रखरखाव करना होगा। कहा कि कार्य करने से पहले चुनाव आयोग की गाइडलाइन का पालन करना होगा। स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव कराने में लापरवाही न हो। हर घटना को संज्ञान में लेते हुए कार्य करें। कहा कि किसी भी प्रत्याशी के खिलाफ जीतने या हारने गए, जैसे शब्दों का प्रयोग नहीं करना होगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक माया शंकर यादव, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप, सभी एसडीएम व नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट सभागार में नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते प्रेक्षक राहुल शर्मा।

▸▸ बैठक में प्रेक्षक ने नोडल अधिकारियों से ली जानकारी

पिता से कहासुनी के बाद युवक ने की आत्महत्या

अमरोहा, अमृत विचार : आदमपुर क्षेत्र में पिता से कहासुनी के बाद युवक ने कमरे में फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। परिवार को घटना की जानकारी हुई तो कोहराम मच गया। इसके बाद परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई किए ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

यह घटना गांव सांथलपुर चक की मढैया की है। यहां के निवासी एक युवक की शुक्रवार की रात 9 बजे पिता से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद नशे में धुत युवक घर के कमरे में चला गया और दरवाजा बंद कर लिया। परिवार वालों ने कुछ समय बाद कमरे का दरवाजा खोला तो 28 वर्षीय युवक फंदे पर लटका हुआ था। उसकी मौत हो चुकी थी। युवक ने अपने पीछे दो बच्चे और एक पत्नी को छोड़ा है। युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

अस्पताल में मौजूद मरीज। ● अमृत विचार

60 लोगों को लगाए गए एंटी रेबीज के इंजेक्शन

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : गर्मी के बीच शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में कुत्ते लोगों पर हमालवर हो रहे हैं। घरों व खेतों में काम कर रहे लोगों पर कुत्ते हमला कर घायल कर रहें हैं। ऐसे में लोगों को अपने घरों से निकलने में भी डर महसूस होने लगा है। सीएचसी में हर रोज कुत्तों के हमलों से घायल मरीजों संख्या 60 से अधिक हो रही है।

कुत्ते घरों से स्कूल जा रहे बच्चों पर भी हमला कर घायल कर रहे हैं। शनिवार को शहर व ग्रामीण क्षेत्रों से कुत्तों द्वारा घायल 60 से अधिक लोग एंटी रेबीज के इंजेक्शन लगवाने के लिए सीएचसी पहुंचे। स्टाफ ने उन्हें इंजेक्शन लगाए। डॉ. योगिंद्र सिंह ने बताया कि कुत्ते गर्मी में हमलावर हो रहे है।

धूमधाम से मनेगी आंबेडकर जयंती

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : हसनपुर कोट खेवान स्थित चौधरी टीआर पब्लिक मेमोरियल स्कूल में शनिवार को आंबेडकर जन्मोत्सव समिति की बैठक हुई। इसमें समिति के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि इस बार आंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी।

बुलंदशहर के मिशनरी गायक मास्टर रविंद्र सिंह खल्लौर बाबा साहब के जीवन परिचय पर प्रस्तुति देंगे। मुख्य अतिथि विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी मौजूद रहेंगे। शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता संतोष अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता हेम सिंह आर्य रवाना करेंगे। मंच कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश आर्य पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत करेंगी। मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर ओंकार सिंह, मुजाहिद चौधरी एडवोकेट मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख हसनपुर ममता गुर्जर, ब्लॉक प्रमुख गंगेश्वरी राजेंद्र सिंह खड़गवंशी, व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल, मोहम्मद तालिब खान, पंडित मोहित शर्मा, सतपाल सिंह एसडीओ, डॉ. सुशील कुमार प्रोफेसर, विनीत कुमार शाखा प्रबंधक हसनपुर, चंद्रपाल सैनी, रामपाल सिंह, डॉ. दीपक कुमार, यशपाल सिंह, शाहनवाज अंसारी आदि मौजूद रहेंगे। इस दौरान आंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य, चमन लाल, महिपाल सिंह, सुशील,करणवीर सिंह, हाजी मसरूर, नवाब सैफी, नवल कुमार आदि रहे।

आंबेडकर जन्मोत्सव समिति की बैठक में शामिल पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ बुलंदशहर के गायक बाबा साहब के जीवन परिचय पर प्रस्तुति देंगे

पत्नी को एचआईवी संक्रमित कराया, पांच लोगों पर रिपोर्ट

संवाददाता, गजरौला

अमृत विचार : अवैध सबंधों में रुकावट बनी पत्नी को संक्रमित सुई से एचआईवी संक्रमित करा दिया। तीन तलाक देने की कोशिश के बीच जबरन गर्भपात भी कराया। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

यह मामला थाना गजरौला क्षेत्र के एक गांव का है। यहां की निवासी युवती की शादी अप्रैल 2022 में नौगांवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक से शादी हुई थी। युवक दिल्ली में मेडिकल स्टोर चलाता है। आरोप है कि शादी के बाद युवक ने अपनी पत्नी को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पत्नी को घर छोड़कर खुद दिल्ली चला गया। काफी समय तक घर नहीं आया। काफी दबाव डालने पर युवक पत्नी को दिल्ली ले गया। आरोप है कि दिल्ली में उसके पति के दूसरी महिला से अवैध संबंध थे। इसकी जानकारी होने पर पत्नी ने विरोध किया तो झगड़ा हो गया। आरोप है कि अवैध संबंधों में रुकावट बनी पत्नी का युवक ने गर्भपात कराया और तीन तलाक देने को साजिश रचते हुए संक्रमित सुई से इंजेक्शन लगवाकर एचआईवी संक्रमित करा दिया। इसके बाद से महिला अपने मायके में रह रही है। तंग आकर पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि तहरीर पर पति सहित पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

▸▸ तीन तलाक देने की कोशिश में गर्भपात कराने का भी आरोप

प्लांट में सफाई के दौरान दम घुटने से कर्मचारी की मौत

संवाददाता, हापुड़

अमृत विचार : शैलेश फॉर्म कॉलोनी स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई के लिए टैंक में उतरे दो कर्मचारी में से एक की अस्पताल में मौत हो गई। दूसरे कर्मचारी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। गाजियाबाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

बताया गया कि गुरुवार देर शाम शैलेश फॉर्म कॉलोनी स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में बिहार में बलिया के रहने वाले ओंकार (55) व बुलंदशहर निवासी गौरव (30) प्लांट की सफाई करने उतरे थे। तभी गैस से दोनों अंदर ही बेहोश हो गए। काफी समय तक जब दोनों कर्मचारी प्लांट से बाहर नहीं निकले। आवाज देने पर कोई जवाब न मिला तो मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया था। कर्मचारियों के शोर मचाने पर घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को दी गई। स्टेशन प्रभारी सचिन बालियान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। टीम ने दोनों को प्लांट से बाहर निकालकर पास के ही निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां ओंकार की स्थिति गंभीर बताई गई। इसके बाद दोनों कर्मचारियों को गाजियाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सुबह ओंकार की मौत हो गई। कंपनी के मुख्य अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि ओंकार की मौत हो गई है, जबकि दूसरा कर्मचारी खतरे से बाहर है। हालांकि इस मामले में कंपनी के सुपरवाइजर जितेंद्र कुमार ने शुक्रवार को दोनों को स्वस्थ बताया था।

▸▸ शैलेश फॉर्म कॉलोनी स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की घटना

प्रेक्षक ने वितरण सामग्री व सुरक्षा व्यवस्था देखी

हापुड़, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीक से संपन्न करने के लिए मेरठ हापुड़ लोकसभा क्षेत्र के प्रेक्षक गुरिंदर पाल सिंह सहोता ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम, वितरण सामग्री व सुरक्षा व्यवस्था देखी।

उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में लगे हुए टेलीफोन पर आने वाले शिकायतों की त्वरित कार्रवाई करें। एफएसटी व एसएसटी टीमों के बारे में जानकारी ली। इस पर उप जिलाधिकारी शुभम श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में लगी हुई एफएसटी टीमें भ्रमणशील हैं। कोई सूचना मिलने पर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को कहा है। इस दौरान जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व संदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु, मनोज कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

आयोजन नवदुर्गा शिव साईं मंदिर में हुआ श्याम बाबा का संकीर्तन, गायकों ने गाए भजन

मेरी झोली भर दो श्याम बाबा के भजनों पर झूमे भक्त

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : नगर की टीचर कॉलोनी स्थिति श्री नवदुर्गा शिव साईं मंदिर में श्री खाटू श्याम मित्र मंडल की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्याम सरकार की 237वीं पवित्र ज्योति प्रज्ज्वलित कर श्याम बाबा का संकीर्तन किया गया।

संकीर्तन में भजन गयक दीपक शर्मा ने मेरी झोली भर दो श्याम बाबा। भजन गायक अर्पित कौशिक ने आंधी के चलते अटकी या तूफान के चलते कैसे अटकी नैया मेरे श्याम के रहते। भजन गायक मीनू शर्मा ने अर्जी लिख दी, मैंने तेरे दरबार में। भजन गायक शौर्य मित्तल ने मेरी जो लाज है बाबा तेरे हाथ है। भजन गायक कृष वर्मा ने लहरा दे लहरा दे बाबा मोरछड़ी लहरा दे। भजन गायक देव शर्मा ने बिगड़ी बने न बाबा श्याम के बिना जैसे भजन सुनकर भक्त झूमने को मजबूर हो गए। बाबा के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। हारे के सहारे श्याम बाबा के सेवादार दीपक शर्मा ने मोरछड़ी का झाड़ा लगा। हारे के सहारे श्याम सरकार को केले, गुड़, चना, बर्फी, पेड़ा, लड्डू, खीर, चूर का भोग लगा कर प्रसाद वितरण किया। इस दौरान सर्वेश शर्मा, सुमित शर्मा, सुमन, प्रीती, सचिन, नीरज रस्तौगी, अनुप, सौरभ शर्मा, पूनम, ज्योति, पीतम सिंह, विशाल, हर्ष, राखी, पारस, धर्मेंद्र, रिद्धि, अम्बर, सीमा, विपिन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

भजन कार्यक्रम में शामिल महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

नवरात्र को लेकर मंदिरों में होने लगी सजावट

गजरौला, अमृत विचार : नौ अप्रैल से शुरू हो रहे नवरात्र को लेकर मंदिरों को रंग-बिरंगी झालरों व फूलों से सजाया जा रहा है। मंदिरों के आसपास सफाई भी की जा रही है। शहर व ग्रामीण में मंदिरों के आसपास सफाई अभियान चलाकर नालियों की सफाई भी कराई जा रही है। उधर, नवरात्र के नजदीक आते ही मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने भी मंदिरों को झालर आदि से सजाना शुरू कर दिया है। माता के भक्तों ने मंदिरों की सजावट को देखते हुए बाजारों में माता की चुनरी आदि समेत पूजन सामग्री की खरीदारी करनी शुरू कर दी है।

एक नजर

तमंचा के साथ दो लोग गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर चमारान निवासी नासिर की शनिवार को गांव के पास नहर की पुलिया पुलिस ने तलाशी ली तो उसके पास से तमंचा बरामद हुआ। वहीं थाना क्षेत्र के गांव सिसौटा निवासी सत्यपाल उर्फ विजय तमंचा के साथ गांव हण्डालपुर के रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया।

ई रिक्शा चालक ने पीया जहरीला पदार्थ

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र में दोस्तों के साथ उठने बैठने से मना करने पर परिजनों से नाराज ई रिक्शा चालक ने कोई जहरीला पदार्थ पी लिया। महिला ने अपने 22 वर्षीय ई रिक्शा चालक बेटे से मुहल्ला के ही दोस्तों के साथ उठने बैठने के लिए मना किया था। इसी बात को लेकर उसने परिजनों से विवाद होने के बाद अपना मोबाइल तोड़ दिया था। शनिवार को महिला गांव शेखपुरा में मजदूरी करने गई थी। शाम चार बजे युवक जहरीला पदार्थ लेकर घर पहुंचा और ई रिक्शा खड़ा करने के बाद जहरीला पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

देश के लिए जवानों की शहादत नहीं भुलाई जा सकती

सीआरपीएफ के कमांडेंट और पुलिस अधीक्षक ने शहीदों को नमन कर परिजनों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: देश की सुरक्षा करते समय अपनी जान की परवाह किए बिना नक्सलियों के हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों के अदम्य साहस और वीरता की गाथा शहीद दिवस पर सुनाई गई। सीआरपीएफ के कमांडेंट एवं संभल के एसपी सहित तमाम अधिकारियों ने शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर शहीद अमित कुमार सिंह की पत्नी एवं बेटी को सम्मानित किया।

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 6 अप्रैल 2010 को नक्सलियों के हमले में देश के 76 सीआरपीएफ के जवानों ने अपनी शहादत दी थी। इस हमले में संभल जिले के दुगावर निवासी अमित कुमार सिंह,गांव हाजीबेड़ा निवासी महेंद्र कुमार व गुन्नौर निवासी जमीरुल हसन भी शहीद हुए थे। शनिवार को शहादत दिवस पर सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र रामपुर के कमांडेंट प्रहलाद पासवान अधीनस्थ अधिकारियों के साथ संभल पहुंचे यहां शहर के हल्लू सराय स्थित नेशनल स्कूल ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में शहीद अमित कुमार सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। एसपी संभल कुलदीप सिंह गुनावत, डिप्टी कलेक्टर आनंद कुमार कटारिया एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार चौधरी ने भी शहीद अमित कुमार सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। एसपी संभल एवं सीआरपीएफ कमांडेंट ने शहीद अमित कुमार सिंह की पत्नी पुष्पा रानी एवं पुत्री दीक्षा सिंह को सम्मानित किया। हाजीबेड़ा में भी सीआरपीएफ अधिकारियों ने शहीद महेंद्र सिंह के परिजनों को सम्मानित किया।

शहीद अमित सिंह की पत्नी व बेटी को सम्मानित करते सीआरपीएफ कमांडेंट प्रहलाद पासवान व एसपी संभल कुलदीप सिंह गुनावत। ● अमृत विचार

▸▸ **6 अप्रैल 2010 को नक्सली हमले में शहीद हुए 76 जवानों में तीन जनपद संभल के थे**

शहीद जमीरुल हसन को दी श्रद्धांजलि, छलके आंसू

गुन्नौर, अमृत विचार : छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सली हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ ऑफिसर जमीरुल हसन की 14वीं बरसी पर उनके स्मारक पर लोगों का हुजूम उमड़ा। परिजनों, सीआरपीएफ के अधिकारियों और लोगों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। छह अप्रैल 2010 को छत्तीसगढ़ में सुकमा जिले के चिंतलनार कैंप के पास ताड़मेटला गांव में गश्त कर रहे जवानों पर हुए नक्सली हमले में सीआरपीएफ की 62 बटालियन को लीड कर रहे उपनिरीक्षक जमीरुल हसन समेत 76 जवान शहीद हो गए थे। शनिवार को सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर से कमल सिंह, चंदन सिंह बिष्ट, ठाकुर नरेंद्र सिंह, किशन बिश्नोई आदि जवान शहीद स्मारक पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचे। उन्होंने शहीद जमीरुल हसन को पुष्पांजलि अर्पित कर शहादत को नमन किया। शहीद की बेटी रूबीना, फरहीन, टीना और मीना, बेटा आमिर, बहनें शाकिरा बेगम, जाकिरा बेगम, शमा परवीन, दामाद मोहम्मद परवेज व मोहम्मद शकील, पुलिस चौकी इंचार्ज सतेंद्र चौहान, सामाजिक कार्यकर्ता केवी यादव, विजेंद्र प्रजापति आदि मौजूद रहे।

शहीद जमीरुल हसन को श्रद्धांजलि देते सीआरपीएफ के अधिकारी।

निजी मोबाइल कंपनी कर्मी की हादसे में मौत, साथी घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

▸▸ **बाइक सवार कर्मचारी और साथी को बदायूं में तेज रफ्तार टेंपो ने मारी टक्कर,साथी घायल**

अमृत विचार : संभल जिले के जुनावई थाना क्षेत्र के निजी मोबाइल कंपनी कर्मचारी और साथी की बाइक को जनपद बदायूं में तेज रफ्तार टेंपो ने टक्कर मार दी। हादसे में कर्मचारी की मौत हो गई जबकि साथी घायल हुआ।

थाना क्षेत्र के गांव रजवाना निवासी अमित कुमार (24 वर्ष) पुत्र चंदन सहाय निजी मोबाइल कंपनी में काम करता था। शुक्रवार शाम को जनपद बदायूं के सहसवान ऑफिस से सुपरवाइजर ने अमित कुमार को आने के लिए कहा। जिसके बाद अमित कुमार गांव के ही साथी धर्मवीर पुत्र सुल्तान के साथ बाइक द्वारा सहसवान के लिए रवाना हुआ। जैसे ही बाइक सवार जनपद बदायूं के सहसवान थाना क्षेत्र के गांव सिलहरी के पास बदायूं-मेरठ हाईवे पहुंचे तो पीछे से तेज गति से आए टेंपो ने टक्कर मार दी। जिससे अमित कुमार और धर्मवीर घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने अमित कुमार को एंबुलेंस से जिला अस्पताल बदायूं और धर्मवीर को अलीगढ़ भिजवाया। जिला अस्पताल बदायूं में डॉक्टर ने अमित कुमार को मृत घोषित कर दिया। अमित कुमार की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

पत्नी गुड़िया और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। अमित कुमार पर ढाई वर्षीय बेटी आकृति और एक वर्षीय बेटी सृष्टि हैं। शनिवार को अमित कुमार का शव गांव रजवाना लाया तो लोगों की आंखें नम हो गईं। परिजनों ने असदपुर गंगा घाट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

ई रिक्शा से उतर रहे किशोर को पिकअप ने मारी टक्कर, घायल

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र में संभल बहजोई मार्ग पर ई रिक्शा से उतर रहा किशोर पिकअप की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर किशोर को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला लाडम सराय निवासी 14 वर्षीय दिशान्तर शनिवार की सुबह 11 बजे मंडी समिति में गोभी बेचकर ई रिक्शा में बैठकर घर आ रहा था। मुहल्ला में संभल बहजोई मार्ग पर ई रिक्शा से उतरते समय समय दिशान्तर को सवारियों से लदी पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दिशान्तर सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजन दिशान्तर को लेकर जिला अस्पताल आ गए। हालत गंभीर होने पर दिशान्तर को प्राथमिक उपचार देकर यहां से हायर सेंटर रेफर किया गया।

एंबुलेंस चालक को टक्कर मारने वाला ई रिक्शा चालक गिरफ्तार

संभल,अमृत विचार : मुहल्ला नूरियो सराय निवासी ई रिक्शा चालक अभिषेक ने रविवार की रात 11 बजे संभल चंदौसी मार्ग पर निजी एंबुलेंस चालक राजीव की बाइक में टक्कर मार दी थी। राजीव की उपचार के दौरान गुरुवार की मौत हो गई। शव लेकर घर पहुंचे परिजनों ने अभिषेक को छोड़ने का पुलिस पर आरोप लगाया और अभिषेक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर राजीव का शव संभल चंदौसी मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया था। शनिवार को पुलिस ने अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया।

सोशल मीडिया पर प्रचार कर रहे प्रत्याशी समर्थक

गुन्नौर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर सड़कों पर शोर शराबा नहीं है। समर्थकों में भी उत्साह नहीं दिख रहा। अलबत्ता, प्रचार के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया जा रहा है।

राजनीतिक दलों के समर्थक व्हाट्सएप पर ग्रुप बनाकर प्रचार संबंधी पोस्ट शेयर कर रहे हैं। वहीं फेसबुक अकाउंट्स पर प्रत्याशी का गुणगान किया जा रहा है।

हालांकि, चुनाव आयोग के निर्देश पर सोशल मीडिया की निगरानी के प्रशासनिक दावे किए गए हैं मगर सोशल मीडिया पर चुनावी पोस्ट से लग रहा है कि प्रशासन इस ओर कोई खास ध्यान नहीं दे रहा है। वैसे सोशल मीडिया की निगरानी के लिए सोशल मीडिया सेल का गठन किया गया है।

सोशल मीडिया सेल में निगरानी के लिए कर्मचारियों की शिफ्ट वार ड्यूटी भी लगाई गई है।

भाजपा ने अब तक जन अपेक्षाओं पर खरा उतरने वाली सरकारें दी हैं

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार: जिला कार्यालय पर आयोजित भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पार्टी के उदय से लेकर अब तक के राजनीतिक सफर को लेकर चर्चा की गई। कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी ने देश व प्रदेशों में ऐसी सरकारें दीं जिन्होंने आम जनमानस की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का काम किया।

जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनसंघ की स्थापना 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प्रोफेसर बलराज मधोक व दीनदयाल उपाध्याय ने की थी। आपातकाल के बाद जनसंघ का विलय जनता पार्टी में किया गया। जनता पार्टी में जनसंघ के नेताओं को लगातार दरकिनार करने की वजह से 1980 में भारतीय जनता पार्टी का गठन किया गया। आज हम सब लोग इस पार्टी को बड़े आकार में देख रहे हैं। लोकसभा चुनाव में 400 पार सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी की प्रचंड बहुमत से तीसरी बार सरकार बनायेंगे। संचालन जिला महामंत्री अर्जुन वाल्मीकि ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, पंकज गुप्ता, गौतम , विपिन गुप्ता, मुकुल रस्तोगी ,शोभित गुप्ता आदि रहे।

भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम में बोलते जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

▸▸ **भाजपा जिला कार्यालय पर मनाया पार्टी का स्थापना दिवस**

सार-संक्षेप

रंगोली बनाकर दिया मतदान करने का संदेश

संभल, अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता हुई। जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हुए मतदान करने का संदेश दिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ .प्रभा शर्मा के निर्देशन में हुई रंगोली प्रतियोगिता में अलीशा और साफिया की टोली प्रथम, मोनी गुप्ता और शिव सागर की टोली द्वितीय, शीतल और खुशबू की टोली तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक डॉ .जीत सिंह, डॉ .नौमी प्रिया, सबा खान ने तीनों टोलियों का चयन पुरस्कार के लिए किया। डॉ .नौमी प्रिया ने मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने संबंधी बातें बताईं। प्राचार्य डॉ .प्रभा शर्मा ने कहा कि वोट देकर हम अपने संवैधानिक अधिकार का उपयोग कर सकते हैं। हमें अपने मताधिकार का उपयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए।

मतदाता जागरूकता रैली में मौजूद एसडीएम रमेश बाबू। ● अमृत विचार

स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली

बबराला, अमृत विचार : बाबूराम सिंह भाय सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने स्वीप अभियान के तहत मतदाता जागरूकता रैली निकाली। विभिन्न नारे लगाकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया।

डिग्री कॉलेज गेट पर एसडीएम रमेश बाबू ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। मतदाता जागरुकता रैली में नगर के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरवीर यादव की देखरेख में छात्र-छात्राओं ने इंदिरा चौक, मुख्य बाजार रेलवे रोड, अनूपशहर रोड, रामलीला मैदान, सर्राफा बाजार आदि में भ्रमण कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। रैली से पूर्व कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय अथवा किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदाता जागरूकता शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ. मीरा शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है। बीआरएस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जगन्नाथ सिंह ने भी विचार रखे। रैली में मां गंगा जनकल्याण समिति के अध्यक्ष अतुल गोयल, उमेश वार्ष्णेय, डिंपल वार्ष्णेय, किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश संभली, व्यापारी नेता विजय कुमार, रोटरी क्लब बबराला गंगा के डॉ. राहुल यादव, डॉ. रश्मि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

मास्टर ट्रेनर्स मतदान कार्मिकों को बेहतर प्रशिक्षण दें

संवाददाता,बहजोई

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कार्मिकों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उन्हें ईवीएम की तकनीक के बारे में जानकारी दी गई तो वहीं निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए नियमों को बताया गया। सीडीओ ने मास्टर ट्रेनर्स से मतदान कार्मिकों को अच्छा प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में सीडीओ भरत कुमार मिश्रा ने कहा कि मास्टर ट्रेनर्स निर्वाचन कार्य में भागीदारी कर अच्छा प्रशिक्षण कार्मिकों को दें। उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनर्स की निर्वाचन कार्यो में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षित कर उन्हें चुनाव कराने में दक्ष करने का काम करें। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स से कहा कि अपनी ड्यूटी निष्पक्ष व पारदर्शिता तरीके से पूर्ण करें। बीएसए चंद्रशेखर ने बताया कि चंदौसी के सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल 9 ,10 व 12 अप्रैल को पीठासीन अधिकारी व प्रथम मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। भूमि संरक्षण अधिकारी ओंकार सिंह ने कहा कि कहा कि पोलिंग पार्टियों को विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाए। जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रभात कुमार मिश्रा ने मतदान प्रतिशत संकलन एप के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान परियोजना निदेशक ज्ञान सिंह आदि मौजूद रहे।

मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण के दौरान निर्देश देते सीडीओ भरत कुमार मिश्रा।

▸▸ **मतदान के दिन न हो परेशानी : सीडीओ**

▸▸ **चंदौसी में 9,10 व 12 अप्रैल को दिया जाएगा प्रशिक्षण**

ईवीएम संचालन का प्रशिक्षण दिया

संभल, अमृत विचार : राजस्व विभाग के कर्मचारियों को शनिवार को ईवीएम की कमीशनिंग को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें ईवीएम की कमीशनिंग कैसे की जानी है और उसका संचालन किस तरह किया जाएगा, इसे बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। नई तहसील सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर दीपक कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी ओमकार सिंह, तहसीलदार रवि सोनकर आदि रहे। बताया कि किस तरह ईवीएम का संचालन होगा, अगर कोई छोटी दिक्कत आती है तो उसे कैसे दूर किया जाना है, ईवीएम को सील किस तरह करेंगे। कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन और प्रत्याशियों के फाइनल हो जाने के बाद ईवीएम की कमीशनिंग होगी। जिसे पूरी गंभीरता के साथ किया जाए। प्रशिक्षण में लेखपाल, कानूनगो आदि रहे।

शादी से 19 दिन पहले विवाहित प्रेमिका संग पकड़ा गया युवक

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र में शादी से 19 दिन पहले युवक शादीशुदा प्रेमिका के घर में उसके साथ पकड़ा गया। मामला खुला तो महिला भी पति को छोड़कर प्रेमी के साथ रहने की जिद पर अड़ गई। दिन भर चली पंचायत के बाद महिला को प्रेमी युवक को सौंप दिया गया।

थाना क्षेत्र निवासी एक युवक की 25 अप्रैल को शादी होना तय थी। युवक का मुहल्ला की ही महिला से पिछले छह माह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला की एक बेटी भी है। शुक्रवार की रात महिला ने युवक को फोन कर अपने घर बुला लिया। युवक जैसे ही महिला के पास कमरे में पहुंचा तो महिला के परिजन जाग गये। ऐसे में युवक की पकड़कर पिटाई की गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और युवक को छुड़ाकर थाने ले आई। वहीं महिला अपने पति को छोड़ प्रेमी युवक के साथ रहने की जिद करने लगी। प्रेमी युवक भी बेटी को अपनाते हुए महिला को साथ रखने के लिए राजी हो गया। शाम तक चली पंचायत में रिश्तेदार व परिजन महिला को समझाते रहे। लेकिन महिला पति के साथ रहने के लिए राजी नहीं हुई। पंचायत में लिखवाकर परिजनों व रिशतेदारों ने महिला व उसकी बेटी को युवक को सौंप दिया।

थाना प्रभारी संत कुमार ने बताया कि इस मामले में तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

▸▸ **प्रेमिका साथ रहने की जिद पर अड़ी तो युवक भी महिला को अपनाने को हो गया राजी**

▸▸ **पंचायत ने महिला व उसकी बेटी को कर दिया युवक के सुपुर्द**

रमजान किट का वितरण करते मौलाना मोहम्मद मियां। ● अमृत विचार

रमजान में नेकियों का बढ़ जाता है 70 गुना सवाब

संभल, अमृत विचार : अल इस्लाम ट्रस्ट की ओर से मदद के सिलसिले में मदरसा सिराजुल उलूम हिलाली सराय में हुए कार्यक्रम में निर्धन परिवारों की महिलाओं को रमजान और ईद की किटें वितरित की गई। किट में राशन का सामान मिलने पर महिलाओं के चेहरे खिल गए। मौलाना मोहम्मद मियां ने कहा कि रमजान के मुबारक महीने में अल्लाह नेकियों का सवाब 70 गुना बढ़ा देता है। इसलिए इस महीने में पूरी दुनिया के मुसलमान दिल खोलकर अल्लाह की राह में खर्च करते हैं। रोजे का मकसद यह भी है कि हम पूरे दिन भूखे प्यासे रहकर उन लोगों का ख्याल करें जो गरीबी के कारण भूखे रहते हैं। कार्यक्रम में राशन की 100 से अधिक किट वितरित की गईं। इस दौरान मास्टर अम्बर, बदर हुसैन, हाफिज साजिद, अहमद स्वालेह आदि मौजूद रहे।

पत्रकार पर हमले में प्रधान के पति समेत 6 पर रिपोर्ट ,दो हिरासत में

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार: बाइक सवार पत्रकार पर हमले के मामले में सौंधन के ग्राम प्रधान के पति सहित छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने ग्राम प्रधान के पति सहित दो लोगों को हिरासत में लिया है।

सौंधन निवासी एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार सुभाष सिंघल शुक्रवार को देर रात बाइक पर सवार होकर सौंधन से संभल आते समय घायल हो गए थे। सुभाष सिंघल का आरोप है कि सौंधन गांव निवासी ग्राम प्रधान प्रति अरविंद उर्फ करुं ने जीतपाल, अरुण कुमार व तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर उस पर हमला कर घायल कर दिया। सुभाष के हाथ में फ्रैक्चर के साथ ही शरीर पर कई अन्य चोटें भी हैं।

पुलिस ने सुभाष की तहरीर पर ग्राम प्रधान के पति अरविंद उर्फ करुं, जीतपाल, अरुण कुमार व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक संभल पवन कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी गई है। ग्राम प्रधानपति अरविंद उर्फ करूं व अंकित को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बाकी आरोपियों की भी जल्द पकड़ लिया जाएगा।

सलाह | जिले में छात्र-छात्राओं द्वारा खुदकुशी किए जाने की कई घटनाएं आ चुकी हैं सामने

तनाव में जान दे रहे बच्चे, अभिभावक करें मित्रवत व्यवहार

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : अभिभावकों की छोटी-छोटी बातों से छात्र छात्राओं को तनाव जकड़ रहा है तो वह जान देने से भी नहीं डर रहे हैं। कैला देवी थना क्षेत्र में कक्षा दो के ही छात्र द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिए जाने का मामला तो ताजा है लेकिन इससे पहले भी कई घटनाएं सामने आ चुकी है, जो चिंताजनक है। इस बीच मनोवैज्ञानिक डॉक्टर अभिभावकों को बच्चों के प्रति मित्रवत व्यवहार रखने की सलाह दी जा रही है।

अक्सर देखने में आता है कि अभिभावक पढ़ने वाले बच्चों को जरा सी बात पर डांट देते हैं। कई बार ऐसे हालात भी बनते हैं जबकि छात्र या छात्रा की हरकत से उन्हीं का नुकसान हो सकता है लेकिन अभिभावकों के नाराज होने पर उन्हें गुस्सा नहीं करना चाहिए लेकिन बदलते दौर में बच्चे डांट का सहन नहीं कर पा रहे। दो दिन पहले कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव चाचू नागल की मढ़ैया के योगेश (12 वर्ष) पुत्र महीपाल ने फंदा लगाकर जान दे दी। योगेश को दादा-दादी ने डांटा था तो वह इसे सहन नहीं कर सका।

योगेश कक्षा दो का छात्र था, इसलिए यह घटना और भी गंभीर हो जाती है। इतना ही नहीं, समाज को भी अचंभित करती है। इससे पहले क्षेत्र के गांव सिसौना निवासी कक्षा पांच की छात्रा ने खुदकुशी की थी। छात्रा को मां ने स्कूल जाने के लिए कहा था। जिसके बाद छात्रा ने आत्महत्या की। दिसंबर महीने में गांव बागड़पुर छोइया निवासी कक्षा दो के छात्र हेमराज ने जान दी थी। गांव कैलमुंडी निवासी महिला द्वारा साइकिल न दिलाने पर 10 वर्षीय किशोर ने आत्महत्या की थी।

शिक्षकों की पिटाई से आहत होकर दी जान

संभल अमृत विचार : सितंबर में गुन्नौर क्षेत्र के गांव कैल निवासी 13 वर्षीय दानवीर स्कूल में शिक्षकों की पिटाई को लेकर इतना तनाव में आया कि घर में फंदे से लटककर जान दे दी थी। जून में रजपुरा क्षेत्र के गांव निवासी 12 वर्षीय किशोर ने भी आत्महत्या की थी। इन घटनाओं पर गौर करें तो मामूली बात को लेकर ही बच्चों ने जान दे दी। जिससे समाज के लोग भी अचंभित हुए हैं। यहां अभिभावकों को भी थोड़ा नम्रतापूर्वक व्यवहार रखने की सलाह दी जा रही है। मनोवैज्ञानिक डॉ .प्रेमपाल सिंह का कहना है कि अगर अभिभावक बच्चों के प्रति अच्छा बर्ताव करेंगे तो आने वाले समय में इस तरह की घटनाएं रुक सकती हैं।

मोबाइल से जान देने के तरीके समझ रहे बच्चे, रखा जाए दूर

संभल अमृत विचार : जिला अस्पताल में तैनात मनोवैज्ञानिक डॉ .प्रेमपाल सिंह कहते हैं कि तनाव में आने पर ही बच्चे जान दे रहे हैं। अभिभावकों को बच्चों के प्रति मित्रता का व्यवहार रखने की जरूरत है। घटनाओं के पीछे की वजह मोबाइल भी है। मोबाइल से ही बच्चे जान देने के तरीके समझ और देख रहे हैं। बच्चों को मोबाइल से दूर रखा जाए। बच्चों को रुचि के मुताबिक खेल, म्यूजिक, पेंटिंग आदि में व्यस्त रखा जाए। अभिभावक बच्चों से खुलकर बात करें। उनके मन में जो चल रहा है उससे जानने का प्रयास किया जाए। अभिभावकों के व्यवहार से बच्चों का डर और तनाव दूर होगा तो शायद वह आत्मघाती कदम नहीं उठाएंगे।

कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री इरफान खान द्वारा संस्था नूरी जामा मस्जिद इन्तेजामिया सोसाइटी, ग्राम व पोस्ट जाजरू तहसील नौगांवा सादात, जिला अमरोहा का सदर दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. इरफान खान- सदर, 2. डा० नाजिश अहमद ना० सदर, 3. आजिद अली- महासचिव, 4. मौहम्मद दानिश- सचिव, 5. जावेद खाँ- खजांची 6. फईम अहमद. 7. साजिद अली. 8. फरमान अली. 9. सादाब हुसैन. 10. सरफराज अली 11. नासिर अली- सदस्य दर्शाये गये है। अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि०एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से- (आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक निबन्धक

एक नजर

मदीना मस्जिद में इफ्तार पार्टी में शामिल हुए रोजेदार

कुढफतेहगढ़ अमृत विचार : थाना कुढफतेहगढ के ग्राम नवादा में रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें रोजेदारों ने भाग लिया। शनिवार को नवादा स्थित मदीना मस्जिद में इरशाद ठेकेदार द्वारा सभी रोजादारों को इफ्तार कराया गया। जिसमें शेर मोहम्मद,पीरा, नासिर, हनीफ, हाफिज अब्दुल कादिर, निजामुद्दीन, नवाब आदि शामिल हुए |

मोबाइल हैक कर बैंक खाते में रुपये डलवाने का आरोप

संभल, अमृत विचार : सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला शेर खां सराय निवासी मोहम्मद फरहान ने शनिवार को कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। बताया कि किसी व्यक्ति ने उसका मोबाइल नंबर हैक कर लिया है। आरोप है कि मोहम्मद फरहान के परिचितों व रिश्तेदारों से व्हाट्सएप पर मैसेज के द्वारा मजबूरी बताकर व्यक्ति कई दिनों में ऑनलाइन 60 हजार रुपये से अधिक अपने बैंक खाते में डलवा चुका है। मोहम्मद फरहान ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

इंश्योरेंस कंपनी के चेयरमैन व शाखा प्रबंधक के खिलाफ वारंट

धनराशि जमा न करने पर जिला उपभोक्ता आयोग ने की कार्रवाई

संवाददाता,संभल

अमृत विचार: मामले को उलझाने और समझौते अनुसार धनराशि जमा न करने पर जिला उपभोक्ता आयोग ने इंश्योरेंस कंपनी के चेयरमैन एवं शाखा प्रबंधक के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किए हैं।

अधिवक्ता देवेंद्र वार्ष्णेय द्वारा योजित वाद में कहा गया था कि आसिफ निवासी देहलापुर,बुलंदशहर ने 13 नवंबर 2020 को अपना ट्रक देवरा भूरा रजपुरा निवासी चंद्रभान को रूपए 7 लाख 70 हजार में बेच दिया। रजिस्ट्रेशन ट्रांसफर से पहले ही ट्रक चोरी हो गया। बीमा कम्पनी ने यह कहकर बीमा दावा निरस्त कर दिया कि वाहन चोरी के समय किसी भी व्यक्ति का बीमा हित निहित नहीं था। वाद दायर होने के बाद बीमा कम्पनी ने चंद्रभान सिंह को रुपए 6 लाख 50 हजार अदा करने का प्रस्ताव देकर 12 नवंबर 2021 को जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष समझौतानामा प्रस्तुत किया। बीमा कंपनी ने समझौते अनुसार धनराशि जमा नहीं कराई। कारण बताओ नोटिस को भी बीमा कंपनी ने गंभीरता से नहीं लिया। जिस पर जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमा कंपनी के अध्यक्ष एवं शाखा प्रबंधक के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किये हैं।

दहेज हत्या में आरोपी को 8 वर्ष की सजा व अर्थदंड

चन्दौसी, अमृत विचार : दहेज हत्या में आरोपी को न्यायालय ने 8 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड से भी दंडित किया है। थाना बनियाठेर में वर्ष 2013 में गांव आटा निवासी मुख्यतार उर्फ आरिफ के खिलाफ उसके ससुराल वालों ने दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसकी सुनवाई जिला न्यायालय मुरादाबाद स्थित एफटीसी प्रथम के न्यायालय में हो रही थी। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी को 8 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई साथ ही तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

जमीन की बिक्री के दो करोड़ रुपये न देने का लगाया आरोप,तहरीर दी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

विवाद

- सवा दस बीघा जमीन बिक्री के बाद मेंथा व्यापारी ने नहीं दी रकम
- रुपये मांगने पर कहा ,सभी प्लाट बिकने के बाद रुपये दूंगा, अब दे रहा जान से मारने की धमकी

अमृत विचार: जमीन बिक्री के दो करोड़ रुपये न देने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण ने नगर के मेंथा व्यापारी के विरुद्ध कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

थाना बनियाठेर के ग्राम जनेटा निवासी अहमद पुत्र वहीद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी सवा दस बीघा जमीन का एग्रीमेंट गांव के रहने वाले व हाल निवासी चन्दौसी के एक मेंथा व्यापारी से 3 जनवरी 2023 को दो करोड़, इकसठ लाख ,अडतालीस हजार, पांच सौ रुपये में किया था। जिसमें 6 माह के अंदर रुपये देने का वायदा किया गया था।

आरोप है कि व्यापारी ने उस जमीन में प्लाट काटकर बेच दिए। रुपये मांगने पर उससे कहा , कि सभी प्लाट बिकने के बाद रुपये दूंगा, लेकिन व्यापारी ने उसको कोई रुपया नहीं दिया। अहमद ने बताया कि 5 अप्रैल को वह व्यापारी से मिलने उसके निवास गोलागंज पहुंचा और अपने रुपये देने को कहा तो उसने रुपये देने से मना कर दिया।

> शिकायत मेरे संज्ञान में नहीं है, तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जायेगी।
>
> -अतर सिंह, प्रभारी, कोतवाली, चन्दौसी

साथ ही जालसाजी करके फैसलेनामे पर इकसठ लाख अडतालीस हजार पांच सौ रुपये लिखवा लिए है।

साथ ही जान से मारने की धमकी दी है। अहमद ने शनिवार को कोतवाली पहुंच व्यापारी के विरुद्ध तहरीर दी है।

सार-संक्षेप

एलईडी वैन से योजनाओं की जानकारी लेते ग्रामीण। ● अमृत विचार

जनकल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

चन्दौसी/कुढफतेहगढ, अमृत विचार : कुढफतेहगढ क्षेत्र के गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा में एलईडी के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। जिसमें ग्रामीणों ने अपने सुझाव पेटिका में डाले। छाबड़ा मंडल के गांव राजथल, बिचैटा, दियौरा खास, रीठ, धर्मपुर रता, छाबड़ा, भगतपुर, कुढफतेहगढ, मुडिया खेड़ा, दारनी आदि गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन पहुंची। जिसमें एलईडी वैन के माध्यम से सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं सुझाव पेटिका में ग्रामीणों ने अपने सुझाव लिखकर सुझाव पेटिका में डाले। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह, मंडल महामंत्री राजेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार ,अंकित शर्मा, जेके शर्मा, कमलवीर सिंह, रामाशंकर ,अरुणेश कठेरिया आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता का मार्मिक वर्णन किया

चन्दौसी, अमृत विचार : श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन कथा वाचक ने श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता का मार्मिक वर्णन किया। केशव कुंज में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठे दिन कथा व्यास अखिलेश्वर रामानुज श्री वैष्णव दास महाराज ने श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता का मार्मिक वर्णन किया।

नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम मौ० ईशान से बदलकर मौ० जिशान पुत्र मौ० इसरार बुढ़ानपुर अलीगंज मुरादाबाद रख लिया है भविष्य में मुझे नये नाम से जाना जाए।

नाम-परिवर्तन

मेरे पुत्र का सही नाम दक्ष यादव है जबकि डीएवी पब्लिक स्कूल यारा फर्टिलाइजर बबराला के अभिलेखों में भूलवश नागेश यादव दर्ज हो गया है। मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम दक्ष यादव है और उसे दक्ष यादव के नाम से ही जाना पहचाना जाये। सुनील कुमार पुत्र रामसरन निवासी ग्राम सैमला तहसील गुन्नौर जनपद संभल।

नाम-परिवर्तन

पहले मेरा नाम PATHAN SHAHINABEHAN YUSUFBHAI था जिसे बदलकर अब मैंने अपना नाम SHAHINA KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये SHAHINA KHAN W/O MOIN UDDIN KHAN निवासी बाजोड़ी टोला कच्ची मस्जिद, थाना गंज, रामपुर (उ०प्र०)

नाम-परिवर्तन

पहले मेरा नाम AAS MOHAMMAD था अब बदल कर AAS MUHAMMAD S/O HANEEF AHMAD R/O VILLAGE APRAULA MAY BAGH PS. NAUGAWAN SADAT DISTT AMROHA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

नाम-परिवर्तन

पहले मेरा नाम JASBI KHANAM था जिसे बदलकर अब मैंने अपना नाम JASBI KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। JASBI KHAN W/O FARRUKH SEEMAB निवासी चाह खानसामा, थाना कोतवाली, रामपुर (उ०प्र०)

हैंडपंप के पानी में आ रही है पेट्रोलियम पदार्थ जैसी गंध

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/ कुढफतेहगढ

- विद्यालय के छात्र-छात्राओं को हो रही दिक्कत, बाहर जाकर पी रहे पानी
- पिछले डेढ़ माह से हैंडपंप में आ रहा है दूषित पानी

अमृत विचार: विद्यालय परिसर में लगे हैंडपंप से डेढ़ माह से पेट्रोलियम पदार्थ की गंध आ रही है। जिसके चलते छात्र-छात्राओं को पीने के पानी की दिक्कत बनी हुई है। शिकायत के बाद भी विभाग मौन है। कुछ ग्रामीण इसे डीजल बता रहे हैं।

कुढफतेहगढ क्षेत्र के ग्राम धर्मपुर रत्ता के उच्च प्राथमिक विद्यालय में इंडिया मार्का हैंडपंप लगा है। इस पर सबर्सिबल लगा है।

विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षक भी पानी पीने के लिए उक्त हैंडपंप का प्रयोग करते है। डेढ़ माह पूर्व सबर्सिबल के केबिल खराब हो गया था। जिसके बाद उसकी मरम्मत का काम हुआ और नया केबिल लगाया गया। बताते हैं तभी से हैंडपंप से पेट्रोलियम पदार्थ की गंध आनी शुरु हो गई। साथ पानी भी गंदा आने लगा।

प्रधानाध्यापिका दीप्ति गुप्ता ने विभाग को इस समस्या से अवगत कराया है। वहीं हैंडपंप से पेट्रोलियम पदार्थ की गंधयुक्त पानी की खबर आस-पास के गांवों तक फैल गई। ग्रामीण विद्यालय पर आकर इसे देख रहे हैं। गांव के युधवीर सिंह व धर्मपाल सिंह ने बताया कि पानी से पेट्रोलियम पदार्थ जैसी गंध आ रही है। पढ़ने वाले बच्चों को पानी पीने में काफी दिक्कत हो रही है। प्रशासन इस समस्या का समाधान करे।

चोरी के समान सहित आरोपी गिरफ्तार

चन्दौसी , अमृत विचार: थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव बेरीखेडा में हुई चोरी के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास चोरी का सामान बरामद हुआ है।

थाना क्षेत्र के गांव बेरीखेडा निवासी रानी पत्नी प्रेम कुमार ने 13 जनवरी को पुलिस को तहरीर दी थी, कि 7 जनवरी को अज्ञात चोर द्वारा घर से पीतल के बर्तन, सोने चांदी के जेवर, एक गैस सिलेंडर चोरी कर लिया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। शनिवार को थानाध्यक्ष मोहित काजला ने चैकिंग के दौरान आशू पुत्र भोले राम निवासी अशोकनगर थाना बनियाठेर बाईपास चन्दौसी तिराहे पर जीरो पाइंट से चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से कुंडल, तीन जोड़ी बिछुआ, अंगूठी, मंगल सूत्र, माला, पाजेब, बर्तन व एक सिलेन्डर बरामद किया है।

स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली जागरुकता रैली

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- कंपोजिट विद्यालय कोकावास के छात्र-छात्राओं रहे रैली में शामिल

अमृत विचार: जायंट्स ग्रुप ऑफ चन्दौसी सखी सहेली के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं के साथ स्कूल चलो जागरुकता रैली निकाली। रैली ने गांव का भ्रमण कर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्कूल चलो अभियान उत्तर प्रदेश सरकार का बच्चों को प्रेरित करने वाला बड़ा कार्यक्रम है।

ब्लाक बनियाखेडा के गांव कोकावास स्थित कंपोजिट विद्यालय में शैक्षिक सत्र प्रारंभ होने पर शनिवार को संगठन के पदाधिकारियों ने स्कूल चलो अभियान के तहत जागरुकता रैली निकाली। जिसमें करीब 150 छात्र-छात्राओं के अलावा शिक्षा विभाग के अधिकारी व शिक्षक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आरंभ भूतपूर्व फेडरेशन अध्यक्ष कृष्ण अवतार गुप्ता व यूनिट डारेक्टर सीमा वर्मा के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर जायन्टस प्रार्थना के साथ किया गया। इसके बाद गांव में रैली भ्रमण पर निकली। जिसमें अभिभावकों को अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों ने पढ़ी लिखी नारी ,घर-घर की उजियारी , अनपढ़ होना है अभिशाप , अब न रहेंगे अंगूठा छाप , लड़का लड़की एक समान यही संकल्प यही अभियान, शिक्षा से देश सजाएंगे ,हर बच्चे को पढ़ाएंगे ,मम्मी पापा हमें पढ़ाओ ,स्कूल में जाकर नाम लिखाओ, आधी रोटी खाएंगे ,स्कूल ज़रूर जाएंगे आदि नारों के साथ प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रीता बुदियाल व संचालन अंजू राजपूत ने किया ।

दहेज की मांग कर रहे युवक ने शादी तोड़ी

चन्दौसी,अमृत विचार: दहेज की मांग पर अड़े युवक ने बरात लाने से इनकार कर दिया। लड़की पक्ष से युवक पर कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है। 20 अप्रैल को शादी होनी थी।

एक गांव निवासी ने अपनी पुत्री की शादी तहसील के एक गांव के युवक से एक साल पहले तय की थी। 20 अप्रैल को शादी होनी थी। लेकिन शुक्रवार की रात युवक ने शादी करने से मना कर दिया। वह दहेज में बुलेट बाइक व सोने की चैन व एक लाख नगद रुपये देने पर अड़ गया। लडकी के पिता ने उसकी मांग को पूरा करने में असमर्थता जताई तो युवक ने बरात लाने से इनकार कर दिया। लड़की के परिजन युवक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए तहरीर देने की तैयारी कर रहे हैं।

साइकिल सवार को टक्कर मार बाइक पोल से टकराई, युवक की मौत

संभल, अमृत विचार: संभल चंदौसी मार्ग पर साइकिल सवार को टक्कर मारकर बाइक सड़क किनारे बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साइकिल सवार भी गंभीर घायल हो गया ।

मुरादाबाद के थाना सोनकपुर क्षेत्र के गांव बैटला सरथल निवासी गुड्डु 23 वर्ष शनिवार की शाम चार बजे बाइक पर सवार होकर संभल से घर जा रहा था।

संभल चंदौसी मार्ग पर गांव फतेहपुर सराय में साइकिल सवार को टक्कर मारती हुई बाइक सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल से टकरा गई। जिससे गुड्डु की मौके पर ही मौत हो गई जबकि साइकिल सवार फतेहपुर सराय निवासी डोरीलाल गंभीर रुप से घायल हो गया। डोरीलाल को उसके परिजनों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

सनातन सेवक संघ निकालेगा नव संवत्सर शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- संघ की बैठक में तैयारियों को लेकर सौंपी गई जिम्मेदारी
- कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नव संवत्सर से आरंभ होता है

अमृत विचार: सनानत सेवक संघ नव संवतसर पर शोभायात्रा निकालेगा। शोभायात्रा को सफल बनाने को लेकर संघ की बैठक हुई। जिसमें शोभायात्रा को भव्य बनाने पर मंथन करते हुए संघ के सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

शनिवार को संगठन की बैठक में हनी चंद्रा ने बताया कि 8 अप्रैल को हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली जायेगी।

राजीव सक्सेना ने कार्यक्रम को सफल बनाने लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। इसी क्रम में विकास कुमार सनातनी ने हिंदू नववर्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नव संवत्सर से आरंभ होता है। हिंदू नववर्ष का आरंभ बसंत ऋतु के साथ होता है और मान्यताओं के अनुसार इसी दिन ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना की थी।

बैठक में समस्त पदाधिकारी व सदस्यों से शोभायात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान आकाश वार्ष्णेय , अनुराग शर्मा, अमन अग्रवाल सीएस, अभिनव राज, अमित कुमार , हेमंत वार्ष्णेय, अंशुल गोयल, विक्की कश्यप, लोकेश शर्मा, तुषार क्रिस्टल, यश शर्मा, वैभव, पराग, निपुन जैन, हर्षित कुमार, धैर्य, विवेक वार्ष्णेय मौजूद रहे। अध्यक्षता विकास कुमार सनातनी व संचालन हनी चंद्रा ने किया।

संदिग्ध परिस्थिति में युवक ने की आत्महत्या

चन्दौसी, अमृत विचार: गृह क्लेश के चलते युवक ने फंदे लटकर जान दे दी। परिजनों ने आनन-फानन में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया। इस घटना से पुलिस अनभिज्ञ बनी रही।

नगर के 26 वर्षीय युवक ने शुक्रवार की सुबह को गृह कलेश के चलते घर में कमरा बंद कर पंखे से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिचितों ने बताया कि युवक अपने कमरे में था, परिजनों ने युवक का कमरा बंद होने पर आवाज दी पर कोई आवाज न आने पर कमरे का दरवाजा तोड़ा तो देखा युवक पंखे पर रस्सी के फंदे से लटका हुआ था। परिजनों ने युवक को तुरंत नीचे उतारा लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाही के युवक का अंतिम संस्कार कर दिया।

लापरवाही | जिले में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते रजिस्ट्रेशन का काम धीमा

गेहूं बेचने के लिए सिर्फ 2023 किसानों का हुआ रजिस्ट्रेशन

कार्यालय संवाददाता, संभल

बबराला में सरकारी गेहूं खरीद केंद्र पर खाली बैठे कर्मचारी। ● अमृत विचार

- मार्च का महीना बीता लेकिन केंद्रों के प्रभारी रजिस्ट्रेशन कराने में भी रहे पीछे

अमृत विचार : बेशक रजिस्ट्रेशन के आधार पर ही किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं बेच सकेंगे लेकिन संभल जिले की स्थिति ठीक नहीं है। वैसे तो हजारों किसानों ने गेहूं की फसल की पैदावार की है लेकिन रजिस्ट्रेशन महज 2023 किसानों का हुआ है। यह हालात तब हैं जबकि मार्च महीना बीत गया। जिससे साफ है कि गेहूं की कटाई शुरू नहीं हुई तो केंद्रों के प्रभारियों ने किसानों के रजिस्ट्रेशन कराने में रुचि नहीं ली।

प्रदेश सरकार के निर्देश पर संभल जिले में एक मार्च से गेहूं क्रय केंद्र खोले गए लेकिन यूपी बोर्ड परीक्षा ड्यूटी को लेकर प्रभारी अकसर नदारद ही रहे। केंद्रों के नाम पर ज्यादा कुछ नहीं रहा। मार्च महीना बीतने पर अप्रैल भी शुरू हो गया लेकिन किसानों के रजिस्ट्रेशन को लेकर गंभीरता का माहौल नहीं बन सका। आलम यह रहा कि जिले में महज 2023 किसानों का ही रजिस्ट्रेशन गेहूं बेचने के लिए हुआ। जिससे साफ है कि अगर केंद्रों के प्रभारी चाहते तो मार्च महीने में ही कई हजार किसानों के रजिस्ट्रेशन करा देते लेकिन शायद रुचि नहीं लगी गई। अब गेहूं की कटाई तेजी पकड़ने की उम्मीद है और किसान भी गेहूं लेकर केंद्रों पर पहुंचेंगे तो रजिस्ट्रेशन को लेकर मारामारी के हालात बन सकते हैं। वहीं डिप्टी आरएमओ विजयता सिंह ने कहा कि किसान क्रय केंद्र पर भी निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके लिए केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं।

गेंहू क्रय केन्द्र व गोदाम का किया निरीक्षण

चन्दौसी,अमृत विचार : नोडल अधिकारी अपर आयुक्त खाद एवं रसद कांता प्रसाद मंडी पहुंचे। जहां उन्होंने गेंहू खरीद के लिए बनाए गए आठ केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने क्रय केन्द्र प्रभारियों से कहा कि गेंहू लेकर आने वाले किसानों को कोई परेशानी न हो। गेंहू खरीद का लक्ष्य पूरा हो इसके लिए प्रयास करे। इस दौरान केन्द्र पर गेहूं लेकर पहुंचे प्रथम किसान रामसेवक बरई को माला पहनाकर मिठाई खिलाई। नोडल अधिकारी ने उसके बाद एफसीआई के गोदाम का निरीक्षण किया। मंडी में आरएफसी का एक, एफसीआई एक, नैफेड के दो, पीसीएम के चार केंद्र हैं। वहीं नैफेड की ओर से किसानों के लिए हेल्प डेस्क बनायी गई है। जिसमें किसानों की समस्या का समाधान किया जायेगा।

कार्यालय सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक, मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद

पत्रांकः- 130/स्वी0अनु0/गेहूँ खरीद/ई-टेन्डरिंग/2024-25 दिनांकः- 06 अप्रैल, 2024

गेहूँ खरीद परिवहन कार्य हेतु ई-टेण्डर नोटिस

आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग, उ०प्र०, जवाहर भवन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक- 6360/अ०आ०वि०/र०वि०व०-06/2024-25 लखनऊ दिनांक- 26 दिसम्बर, 2023 व शासन के पत्रांक- 483/29-5-2023 (E.1761570) लखनऊ दिनांक- 26.12.2023 एवं आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग, उ०प्र०, जवाहर भवन, लखनऊ के कार्यालय पत्रांक-6210/अ०आ०वि०/र०वि०व०-06/2024-25 लखनऊः दिनांक-15 दिसम्बर, 2023 के अनुपालन में मुरादाबाद सम्भाग में गेहूँ खरीद वर्ष 2024-25 के अर्न्तगत खाद्य विभाग की विपणन शाखा व अन्य क्रय एजेन्सियों के गेहूं क्रय केन्द्रों पर इस कार्यालय पत्रांक-2414/स्वी०अनु०/ गेहूं खरीद /ई-टेण्डरिंग/2023-24 दिनांक-14 फरवरी, 2024 व 2437/ स्वी०अनु०/ गेहूं खरीद/ई-टेण्डरिंग/2023-24 दिनांक 19 फरवरी, 2024 व 2520/स्वी० अनु०/ गेहूं खरीद/ई-टेण्डरिंग/2023-24 दिनांक-02 मार्च, 2024 एवं 2646/स्वी०अनु०/गेहूं. खरीद/ई-टेण्डरिंग/2023-24 दिनांक-02 मार्च, 2024 के द्वारा ठेकेदारो/फर्मों से ऑनलाइन ई-टेण्डरिंग के माध्यम से परिवहन / हैण्डलिंग कार्य हेतु निविदाऐ आमन्त्रित की गयी थी। जिसमें कुछ गेहूं क्रय केन्द्रों पर परिवहन कार्य हेतु कोई प्रतिभागित स्वीकार्य निविदा/कोई निविदा प्राप्त न होने के कारण अवशेष क्रय केन्द्रों व अन्य अतिरिक्त अनुमोदित क्रय केन्द्रों (सूची संलग्न) पर पुनः परिवहन कार्य हेतु ऑनलाइन ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। उक्त क्रय केन्द्रों पर परिवहन कार्य की निविदाऐ पृथक-पृथक केन्द्रवार प्राप्त की जायेगी। निर्धारित प्रपत्र मूल्य धरोहर धनराशि, निविदा विशिष्टीकरण निविदा खुलने की तिथि एवं अन्य सम्बन्धित जानकारी ऑन लाइन बेबसाइट https://etender.up.nic.in एवं विभागीय वेबसाइट www.fcs.up.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। परिवहन कार्य के लिये निविदा प्रपत्र शुल्क रूपये 590/- (जी०एस०टी० सहित) आर०टी०जी०एस० के माध्यम से सम्भागीय वरिष्ठ लेखाधिकारी (खाद्य), मुरादाबाद, सम्भाग मुरादाबाद के खाता सं०-34446938072 एवं आई०एफ०एस०सी० कोड- SBIN0000682 में जमा किया जायेगा। प्रत्येक निविदा के साथ परिवहन कार्य हेतु धरोहर धनराशि रूपये 10000/- (दस हजार रुपये मात्र) डिमांड ड्राफ्ट एवं आर०टी०जी०एस०/एन०ई०एफ०टी० के माध्यम से सम्भागीय वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी (खाद्य) मुरादाबाद के पदनाम से मुरादाबाद पर देय होगा। प्रत्येक निविदा के साथ पृथक-पृथक निविदा शुल्क (आर० टी०जी०एस० / ऑनलाइन) एवं धरोहर धनराशि की रिसीट / रसीद स्केन्ड / यू०टी०आर० स्केन्ड प्रति आन लाइन प्रपत्र के साथ निविदादाता द्वारा अपलोड की जायेगी। निविदादाता द्वारा निविदा के साथ संलग्नसूची के अनुसार प्रत्येक केन्द्र के लिए पृथक-पृथक निविदा प्रपत्र संलग्न किये जायेंगे।

परिवहन कार्य हेतु ऑनलाइन ई-निविदा में एम०एस०एम०ई० (MSME) प्रमाण पत्र से मात्र धरोहर धनराशि में छूट प्रदान की जायेगी। अर्थात् अन्य निविदादाताओं के साथ-साथ एम०एस०एम०ई० (MSME) प्रमाण पत्र धारक को भी ई-निविदा प्रपत्र शुल्क देना अनिवार्य होगा।

निविदा प्रपत्र आनलाइन बेबसाइट https://etender.up.nic.in पर ई-टेण्डरिंग की निविदा दिनांक 07.04.2024 के प्रातः 11:00 बजे से 14.04.2024 तक अपरान्ह 11.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। टक्निकल विड दिनांक 15.04.2024 अपरान्ह 11.00 बजे से निविदा समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल विड के परिक्षण उपरान्त फाइनेंसियल विड निविदा समिति के समक्ष खोली जायेगी। टेन्डर फार्म में नियम एंव शर्ते धरोहर धनराशि निविदा सूचना के अनुसार ऑन लाइन/आफ लाइन अधोहस्तक्षरी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की किसी भी शर्तों का परिवर्तित करने तथा निविदा को बिना कोई कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक, मुरादाबाद, सम्भाग मुरादाबाद के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा की किसी भी शर्त में परिवर्तन तथा शुद्धि पत्र आदि की सूचना केवल ई-टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in एंव विभागीय वेबसाइट www.fcs.up.gov.in पर उपलब्ध होगे।

सम्भागीय खाद्य नियन्त्रक,
मुरादाबाद सम्भाग, मुरादाबाद।

काल-अश्व विश्वरथ का नियंता

मधुमय नवसम्वत्सर आ रहा है। काल सर्वशक्तिमान देवता हैं। अथर्ववेद (9.53) के ऋषि भृगु ने गाया है, "काल-अश्व विश्वरथ का नियन्ता है। वह सहस्त्र आंखों वाला है। सबको देखता है। समस्त लोक कालरथ के चक्र हैं। ज्ञानी इस रथ पर बैठते हैं। यह काल सात चक्रों का वाहक है। इसकी सात नाभियां हैं। इसकी धुरी में अमृत है। ज्ञानी इस काल को विभिन्न रूपों में देखते हैं।" कैसे देखते हैं? भृगु ने बताया है, "काल स्वयंभू है। वह स्वयं किसी से नहीं जन्मा। काल से ही विश्व जन्मा। काल में तप हैं। काल में मन है। काल में ज्ञान है। काल विश्व पालक और सबका पिता तथा पुत्र है। काल में पृथ्वी की गतिशीलता है। काल से ही सूर्योदय और सूर्यास्त हैं। काल में ही भूत, भविष्य और वर्तमान हैं।" सृष्टि का उद्भव शून्य से नहीं हो सकता। सृष्टि रचना के पहले एक आदि द्रव्य है। इसी आदि द्रव्य में सृष्टि का समूचा पदार्थ-जड़ और समस्त ऊर्जा-चेतन एकत्रित रहता है। फिर आदि द्रव्य में परिवर्तन हुआ। अव्यक्त व्यक्त होने लगा। परिवर्तन का मूल गति है। परिवर्तन से ही काल बोध होता है। वैदिक 'निरूक्त' में यास्क ने काल का सम्बन्ध गति से जोड़ा है। काल अखण्ड सत्ता है। काल पिता है, वही पुत्र भी है। काल की अनुकम्पा आयु है, काल का कोप मृत्यु है।

भारतीय कालबोध प्राचीन काल में ईरान पहुंचा। अथर्ववेद का 'काल' ईरानी ग्रंथ अवेस्ता में 'जुर्वान' है। जैसे अथर्ववेद का काल देवता है, वैसे ही अवेस्ता का जुर्वान भी एक देव है। भारतीय काल सबका नियंता है और प्रजापति का पिता है। इसके भीतर प्रकाश और अंधकार है। दिवस और रात्रि है। 'जुर्वान' भी अनंत है। संसार के रचयिता अहुरमज्दा उसकी संतान हैं। अहुरमज्दा भारतीय प्रजापति जैसे हैं। इस विचार के अनुसार जब न आकाश था, न पृथ्वी, न कोई जीव तब 'जुर्वान' था। यहां ऋग्वेद के सृष्टि सूक्त की प्रतिध्वनि है। इसीलिए भारतीय नववर्ष की शुरुवात किसी ऋषि, महात्मा या महापुरुष की जन्मतिथि से नहीं होती। बेशक इस तिथि में अनेक महापुरुष उगे, अनेक निर्वाण को प्राप्त हुए। युधिष्ठिर विक्रमादित्य सहित अनेक पूर्वजों ने अपने संवत्सर भी चलाए। लेकिन वैदिक संवत्सर की धारणा अनूठी है, सृष्टि जिस क्षण शुरू होती है, उसी समय संवत्सर का प्रारम्भ

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> भारतीय काल गणना के पहले कालबोध है। फिर काल गणना है। इस गणना में सृष्टि की आयु एक अरब 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार एक सौ बारह वर्ष हो चुकी है। वैज्ञानिक अनुमान भी यही हैं। इस संवत्सर का केन्द्र सूर्य हैं, पूरा सौर-परिवार है।

हो जाता है। संवत्सर का प्रारम्भ सार्वभौमिक है। संवत्सर व्यक्त सृष्टि का प्रथम ऊषाकाल है। यह सम्पूर्ण जगत् का प्रथम सूर्योदय है। सृष्टि ब्रह्म का प्रथम सुप्रभात है। इसलिए अंतर्राष्ट्रीय नववर्ष है। अंग्रेजी कालगणना ईसा से शुरू होती है। लेकिन प्रथम संवत्सर का प्रथम आलोक, प्रथम दिवस और प्रथम तिथि की गणना अनूठी है।

भारतीय काल गणना के पहले कालबोध है। फिर काल गणना है। इस गणना में सृष्टि की आयु एक अरब 95 करोड़, 58 लाख, 85 हजार एक सौ बारह वर्ष हो चुकी है। वैज्ञानिक अनुमान भी यही हैं। इस संवत्सर का केन्द्र सूर्य हैं, पूरा सौर-परिवार है। ऋग्वेद (1.164) में कहते हैं "सूर्य को हमने सात पुत्रों-किरणों (वर्णो) के साथ देखा है। इनके मध्यम भाई वायु हैं, उनके तीसरे भाई अग्नि हैं। ऋत का 12 अरों वाला चक्र इस द्युलोक में घूमता है। यह चक्र कभी जीर्ण नहीं होता। इसके 720 पुत्र इस चक्र में हैं।" यहां ऋत प्रकृति की व्यवस्था है और अरे 12 माह हैं। एक वर्ष में दिन रात मिलाकर 720 अहोरात्र हैं। विश्वदर्शन, चिन्तन की किसी भी पद्धति में काल का ऐसा अध्ययन और विश्लेषण नहीं मिलता। सृष्टि सृजन के पहले काल बोध नहीं है, सम्वत्सर भी नहीं है। ऋग्वेद के नासदीय सूक्त (10.129) में कहते हैं "तब न सत् था न असत्। न भूमि थी, न आकाश-नो व्योमा परो यत्। न मृत्यु थी, न अमरत्व। न रात्रि, न दिन। वायु भी नहीं थी लेकिन 'वह एक' स्वयं वायुहीन अवस्था में अपनी शक्ति से प्राण ले रहा था- आनीदवातं स्वधया तदेकं।" ऋग्वेद का 'वह एक-तदेकं' बड़ा दिलचस्प है। इसी 'वह एक' को विद्वान-विप्र इन्द्र, मित्र, अग्नि मातरिश्वन गरूण आदि देव नामों से पुकारते हैं लेकिन वह 'एकं सद्'-एक ही सत्य है-एकंसद् विप्रा बहुधा वदन्ति। (ऋ0 1.164.46)

सृष्टि सृजन के साथ ही परिवर्तन का प्रारम्भ है। परिवर्तन का मूल कारण गति है। जहां गति है, वहीं समय है। समय का प्रथम दर्शन संवत्सर है। विज्ञान की दृष्टि से प्रत्येक सृजन/परिवर्तन के पीछे एक ऊर्जा है। तो क्या एक दिन इस संचित ऊर्जा का क्षय भी होगा? एंगेल्स ने 'डायलेक्टिस आफ नेचर' में कहो है, "करोड़ों वर्ष बीतेंगे, सूर्य की ऊर्जा क्षीण होगी। सूर्य का ताप धुरवों के हिम को गला न पाएगा। हिम बढ़ेगा, मानव जाति को जीवन के लिए पर्याप्त ऊष्मा न मिलेगी।" धरती, चंद्रमा के समान, निर्जीव हिम पिंड की तरह निर्जीव होते सूर्य के चारों ओर निरंतर घटती हुई कक्षा में, चक्कर लगाएगी और अंत में उसी में जा गिरेगी। कुछ ग्रह उससे पहले वहां गिर चुके होंगे, अन्य उसके बाद गिरेंगे। सौरमंडल मृत्यु को प्राप्त होगा। प्रश्न है कि क्या प्रकृति की बहुविध शक्तियों का खात्मा सदा के लिए हो जाएगा?" भारतीय दर्शन इसे प्रलय कहता है लेकिन प्रलयकाल में भी समूची ऊर्जा का नाश नहीं होता। प्रलय के बाद फिर से सृष्टि होती है। गति का मूल ऊर्जा है। ऊर्जा अविनाशी है। प्रलय के बाद भी ऊर्जा, गति और समय शेष बचते हैं। सृष्टि बार-बार आती है। भारतीय दर्शन में इसीलिए 'कालचक्र' है। उसका पहिया घूमता है और बार-बार सृष्टि व प्रलय लाता है।

सृष्टि के पहले देवता भी नहीं है। ऋग्वेद के ऋषि का ईमानदार वक्तव्य है "देवानां युगे प्रथमऽसतः सद जायत-देवों के युग के पहले असत् से सत् की उत्पत्ति हुई। यहां असत का अर्थ सृष्टि का पूर्वकाल है। अव्यक्त है। अव्यक्त या अप्रकट का भी अस्तित्व है। यही व्यक्त होता है तो सत्।' ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में इसी व्यक्त का एक नाम है अदिति। अदित से आदित्य उगे। एक आदित्य प्रत्यक्ष दिखाई पड़ने वाले सूर्य हैं। ऋग्वेद (10.82.6) के अनुसार "सृष्टि के आदि से ही विद्यमान वह एक अज-अजन्मा है। इसी अज की नाभि में सभी भुवन समाहित थे।" वह एक अज गतिशील हुआ। गति से परिवर्तन आया। सृष्टि सृजन हुआ। तब नई शक्तियां उगीं। वे देवता थीं। बृहस्पति कहते हैं "व्यापक जलों में देवता थे- यद् देवा सलिले सुसंरब्धा अतिष्ठत्। उनके नृत्य से तेज गति वाले रेणु अणु-परमाणु प्रकट हुए।" (10.72.6) ऋग्वेद (10.190.1,2) में कहते हैं "तप से ऋत व सत्य (व्यक्त जगत्) प्रकट हुए। अंधकार-रात्रि और अगाध जल समुद्र आये। समुद्रों से संवत्सर प्रकट हुआ-समुद्रादर्ण वादधि संवत्सरों अजायत्।"

टाइम और काल (समय) पर्यायवाची नहीं है। काल अखण्ड है, टाइम इसके खण्ड का माप है। ऋग्वेद में अदिति, अज और पुरूष प्रतीकों की अनुभूति गहरी है। ऋषि कहते हैं "जो अब तक हो चुका और भविष्य में जो होगा वह सब अदिति हैं। वह सब यही पुरूष है।" वैदिक अनुभूति में समूची कालसत्ता अखण्ड है। यूरोपीय दृष्टि में भूत-पास्ट एक टेन्स-तनाव है। इसी तरह फ्यूचर टेन्स भविष्य का आकर्षण है। तनाव मस्तिष्क गत कार्रवाई है। प्रजेन्ट फ्यूचर या पास्ट टेन्स कालगणना नहीं है। भारतीय कालबोध का क्षण सृष्टि की शुरूवात है। फिर युग है। भारत की अनुभूति वैज्ञानिक है। आइए, भारतीय नवसंवत्सर अंतर्राष्ट्रीय नववर्ष का स्वागत करें, नाचें गायें और दें सबको शुभकामनाएं।

प्रवेशोत्सव, स्कूल रेडिनेस से विद्यालय अनुकूलन

3-8 वर्ष की अवस्था सर्वाधिक मानसिक विकास की अवस्था है। इस अवस्था में 80 प्रतिशत मानसिक विकास होता है। सीखने की प्रक्रिया बहुत तेजी से संचालित होती है। 3 से 6 वर्ष की आयु उद्दीपन के द्वारा सीखने की आयु होती है। शिशु अवस्था में बच्चों का संज्ञानात्मक एवं व्यक्तिगत सामाजिक विकास तथा संवेगात्मक विकास सबसे अधिक होता है।

इस आयु में विकास की तीव्रता स्पष्ट दिखलाई पड़ती है। इसमें ध्यान, प्रसूति, कल्पना, संवेदना, प्रत्यक्षीकरण आदि का विकास बहुत तेजी से होता है। उनके सीखने में कल्पना शीलता तथा आत्म प्रेम की भावना स्पष्ट परिलक्षित होती है। इस आयु में अभिभावकों का भी दायित्व है कि वे बच्चों के खेल-खिलौनों में पूरा सहयोग एवं प्रतिभागिता उपलब्ध कराएं। उनके सवालों का जवाब दें। उन्हें किसी भी दशा में चुप कराने का प्रयास न करें। अन्यथा वे सवाल करना बंद कर देंगे जिससे उनका सीखना रुक जाएगा।

डॉ. अनिल चौबे
सदस्य, राज्य संदर्भ समूह मिशन प्रेरणा उत्तर प्रदेश

भारतीय प्राथमिक शिक्षा में सामान्यतः दो प्रकार के बच्चे पाए जाते हैं। एक वे जो अपने घर पर रहते हुए पांच वर्ष की आयु पूर्ण करते हुए सीधे कक्षा एक में प्रवेश लेते हैं और दूसरे वे जो किसी भी संस्था से पूर्व प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर कक्षा एक में प्रवेश पाते हैं। दोनों की आधार शिक्षा में व्यापक अंतर देखने को मिलता है और आगे की कक्षाओं में भी यह लर्निंग गैप निरंतर बढ़ता जाता है। इसके मूल में करण के रूप में उनका पढ़ना, लिखना एवं गणित सीखने की क्षमताएं नहीं, बल्कि विद्यालयी शिक्षा से समायोजन तथा मानसिक एवं शारारिक रूप से विद्यालयी शिक्षा हेतु तैयारी है। प्री स्कूल एवं कक्षा एक के बीच मजबूत संबंध स्थापित करने एवं सुचारू कक्षा अंतरण के उद्देश्य से एनसीईआरटी द्वारा तैयार किए गए ईसीसीई (अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजूकेशन) पाठ्यचर्या फ्रेमवर्क को आंगनबाड़ी और प्री प्राइमरी स्कूल दोनों द्वारा समान रूप से अपनाया जाएगा, ताकि कक्षा एक में सुचारू कक्षा अंतरण के साथ-साथ भाषा कौशल एवं संख्या ज्ञान पूर्ण रूप से सुनिश्चित किया जा सके। यह कार्यक्रम 12 सप्ताह तक संचालित किया जाएगा। इसके द्वारा बच्चों के साथ स्कूल की तैयारी से जुड़े कौशलों के विकास पर भी कार्य किया जायेगा जिसमें प्रथम छह सप्ताह जो मुख्यतः पढ़ने लिखने एवं गणित सीखने की प्रक्रियाओं से पूर्व के कौशलों का विकास है।

सार्वभौमिक लक्ष्य-एनईपी 2020 इस बात पर चिंता व्यक्त करती है कि भारतीय बच्चों की बड़ी संख्या मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान को प्राप्त नहीं कर सकी। इसी सार्वभौमिक समस्या को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय साक्षरता एवं संख्या ज्ञान दक्षता पहल की संकल्पना की गई है।

उत्तर प्रदेश में समग्र शिक्षा एवं निपुण भारत मिशन को आपस में समायोजित करते हुए निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कक्षा 1 से 3 तक के भाषा एवं गणित में लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। प्राथमिक कौशल बच्चों को उनकी कक्षा में रखने में सक्षम बनाते हैं जिससे बीच में पढ़ाई छोड़ने बाले बच्चों को कम किया जा सकता है अर्थात ड्रापआउट दर में कमी संभव हो पाएगी।

शारीरिक एवं सामाजिक भावात्मक विकास, साक्षरता एवं संख्या कौशल विकास आदि जैसे परस्पर संबंधित एवं परस्पर निर्भर विकास के विभिन्न क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करके बच्चे का समग्र विकास प्रगति कार्ड में परिलक्षित होगा और बच्चे तेजी से सीखने की गति हासिल करेंगे जिसका बाद के जीवन के परिणामों और रोजगार के अवसरों पर सकारात्मक प्रभाव हो सकता है।

भारतीय संस्कृति का संवाहक नव संवत्सर

विक्रम संवत का इतिहास अति प्राचीन होने के साथ-साथ सनातन संस्कृति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें तिथियों और नक्षत्रों का सही और सटीक स्पष्टीकरण है। गणित की दृष्टि से देखा जाए तो यह सबसे स्पष्ट है। जहां इसका इतिहास हमारे लिए गौरव की बात है, वहीं दूसरी तरफ विक्रम संवत आज के ज्योतिषियों के लिए रामबाण है। इसी के आधार पर ज्योतिषी सभी निर्णय लेते हैं। हिंदू धर्म में सभी कार्यों की शुरुआत और उनका मुहूर्त विक्रम संवत पर आधारित होता है। भारतवर्ष में ऋतु परिवर्तन के साथ ही हिंदू नववर्ष प्रारंभ होता है।

चैत्र माह में शीतऋतु को विदा करते हुए और वसंत ऋतु के सुहावने परिवेश के साथ नववर्ष आता है। चैत्र मास ही नववर्ष मनाने के लिए सर्वोत्तम है, क्योंकि चैत्र मास में चारो ओर पुष्प खिलते हैं, वृक्षों पर नए पत्ते आ जाते हैं, चारो ओर हरियाली मानो प्रकृति ही नव वर्ष मना रही हो, चैत्र मास में सर्दी जा रही होती है तथा गर्मी का आगमन होने जा रहा होता है। चैत्र मास में ही फसल कटती है तथा नया अनाज भी घर में आता है तो किसानों का नया वर्ष भी इसे ही माना जाता है। चैत्र में नया पंचांग आता है जिससे प्रत्येक भारतीय पर्व, विवाह तथा अन्य मुहूर्त देखे जाते हैं। संवत्सर चक्र के अनुसार सूर्य इस मौसम में अपनी राशि चक्र की प्रथम राशि मेष में प्रवेश करता है। साल या संवत्सर उसे कहते हैं जिसमें सभी महीने पूर्णता निवास करते हो प्रत्येक ऋतु के चक्र को वत्स कहते हैं। इसके उत्पादक पिता सूर्य हैं, इसी वत्स से वत्सर या संवत्सर नाम पड़ा। सामान्यतः अपनी किन्हीं उपलब्धियों या घटनाओं को

प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ एचपीयू, शिमला

> चैत्र प्रतिपदा नवरात्रि पर शक्ति की आराधना और साधना की जाती है। इसमें मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। महर्षि दयानंद द्वारा आर्य समाज की स्थापना भी चैत्र माह की प्रतिपदा तिथि पर की गई थी।

यादगार बनाने के लिए लोगों द्वारा समय-समय पर अपने-अपने नव संवत्सर प्रारंभ किया गया या चलाया गया। अधिकतर संवत्सर को इसके प्रवर्तकों द्वारा अपनी उपलब्धियों को प्रकाश की तरफ दिखाने के लिए चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को इसकी शुरुआत की जाती है।

विक्रमादित्य के जन्म से पहले उज्जैन पर अत्याचारी शकों का शासन था, लेकिन शूरवीर विक्रमादित्य ने 57 बीसी में शकों को हरा कर जीत के उपलक्ष्य में नए काल सत्र का निर्माण किया। इस ऐतिहासिक जीत पर महाराजा विक्रमादित्य ने "शकारी" की उपाधि धारण की थी। विक्रम संवत की शुरुआत के संबंध में प्रमाण की बात की जाए तो "ज्योतिर्विदाभरण" नामक ग्रंथ, जिसकी रचना 3068 कलि अर्थात् 34 ईसा पूर्व में हुई थी, से स्पष्ट होता है कि उज्जैन के महाराजा चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने 3044 कलि अर्थात् 57 ईसा पूर्व में विक्रम संबंध की शुरुआत की थी। यही बात बरनाला के स्तंभ पर अंकित लेख से भी स्पष्ट होती है। इस संवत का आरंभ गुजरात में कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा से और उत्तरी भारत में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से माना जाता है। हेमाद्रि के ब्रह्म पुराण के मुताबिक, परमपिता ब्रह्मा जी ने पृथ्वी का निर्माण चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा यानी कि नवरात्रि के पहले दिन किया था। भगवान श्रीराम और युधिष्ठिर का राज्याभिषेक, मां दुर्गा की साधना के लिए चैत्र नवरात्रि का प्रथम दिवस, आर्यसमाज का स्थापना दिवस, संत झूलेलाल की जंयती और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जैसे संगठन के संस्थापक डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार जी का जन्मदिन है।

चैत्र प्रतिपदा नवरात्रि पर शक्ति की आराधना और साधना की जाती है। इसमें मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। महर्षि दयानंद द्वारा आर्य समाज की स्थापना भी चैत्र माह की प्रतिपदा तिथि पर की गई थी। इन सभी विशेष कारणों से भी चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा का दिन विशेष बन जाता है। इसी के साथ ये भी मान्यता है कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि पर भगवान राम ने वानरराज बाली का वध करके वहां की प्रजा को मुक्ति दिलाई जिसकी खुशी में प्रजा ने घर-घर में उत्सव मनाकर ध्वज फहराए थे। देश के अलग-अलग हिस्सों में नया साल अलग-अलग तिथियों को मनाया जाता है। हिंदू नववर्ष का प्रारंभ चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि से होता है। बंगाल में नए साल को पोइला वैशाख कहते हैं। महाराष्ट्र में हिंदू नववर्ष के प्रारंभ के साथ ही गुड़ी पड़वा मनाया जाता है। वहीं पंजाब में बैसाखी को नए साल के रूप में मनाते हैं। सिख नानकशाही कैलंडर के अनुसार होला मोहल्ला से नए साल की शुरुआत मानी जाती है। आंध्र प्रदेश में इसे उगादी के रूप में धूमधाम से मनाया जाता है। उगादी चैत्र महीने का पहला दिन होता है। तमिलनाडु और केरल में नए साल को विशु कहा जाता है। विक्रम संवत भारतीय उपमहाद्वीप में प्रचलित हिंदू पंचांग है।

भारत में यह अनेकों राज्यों में प्रचलित पारंपरिक पंचाग है। नेपाल ही ऐसा एकमात्र देश में है, जो दो विक्रम संवत के हिसाब से देश को चलाता है। नेपाल की सरकार के साथ-साथ आम जनता ही हिंदू नववर्ष गुड़ी पड़वा को ही साल का पहला दिन मानती है और इसी के हिसाब के पूरे कार्यक्रम निर्धारित करती है। देश जब आजाद हुआ तो शुरुआत में कुछ साल देश में विक्रम संवत ही चलन में था, लेकिन साल 1954 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने विक्रम संवत के स्थान पर ग्रेगोरियन को प्राथमिकता दी। देश में सभी सरकारी कामकाज विक्रम कैलेंडर के स्थान पर ग्रेगोरियन कैलेंडर के हिसाब से होने लगे। इस वर्ष के संवत्सर नाम 'क्रोधी' जिस दिन नव संवत का आरंभ होता है, उस दिन के वार के अनुसार वर्ष के राजा का निर्धारण होता है। 2081 नव संवत्सर 'क्रोधी' नाम से जाना जाएगा। इस साल संवत के राजा मंगल और मंत्री शनि होंगे।

भविष्य वर्तमान का प्रतिफल

विगत शतक में जिस व्यक्ति की जैसी परिस्थिति हुआ करती थी, उससे संतुष्ट रहकर वह जी लेता था, एक प्रकार से सुखी था। हम सब अपने सुखद भविष्य की कामना करते हैं, उसके सपने देखते हैं और यथाशक्ति प्रयत्न भी करते हैं, किंतु यह संभव नहीं कि सब कुछ मनचाहा हो जाए। वैसे भी, इंसान की फितरत है कि जो हासिल है उसकी वह कद्र नहीं करता और जो नहीं मिला उसका अफसोस उसे सदैव बना रहता है। वास्तव में समझने की बात यह है कि भविष्य हमारे वर्तमान का प्रतिफल होता है, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या करें, क्या न करें?

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

कार्य करने योग्य है या नहीं यह निर्णय भविष्य पर सर्वाधिक प्रभाव डालता है। हम सबको छोटी सी जिंदगी मिली है, आधी खाने-पीने और सोने में गुजर जाती है। एक चौथाई फिजूल के कामों में, अब बाकी बची पच्चीस प्रतिशत इसी मूल्यवान समय का उपयोग आपके भविष्य का निर्माण करता है। एक पुरानी सूक्ति है 'विचार बोयें, कार्य की फसल काटें। कार्य बोयें, आदत की फसल काटें, आदत बोयें, चरित्र की फसल काटें और चरित्र बोयें, नियति की फसल काटें।' स्टीफन आर. कवी ने लिखा है 'हालांकि हम अपने कार्य चुनने के लिए स्वतंत्र हैं, परंतु उसके परिणामों को चुनने के लिए स्वतंत्र नहीं हैं। परिणाम प्राकृतिक नियमों से संचालित होते हैं। हम तेज रफ्तार से आ रही ट्रेन के सामने खड़े होने का फैसला कर सकते हैं, परंतु यह फैसला नहीं कर सकते कि जब ट्रेन हमें टक्कर मारेगी तो हमारा क्या होगा?

लिखने का रंग

एम एफ हुसैन मालवा को पेंट करते, लालटेन की रोशनी में, तो कभी रोशनी को भी ढक देते और अंधेरे में अंधेरे के रंगों को महसूस करके पेंट करते। वह अक्सर किसी को सामने से पेंट करते तो उसमें उसकी सूरत नहीं होती, हुसैन की आंखों का अक्स होता। वह जैसा दिख रहा है, यह पेंट नहीं होता, उसे कैसे देख रहे हैं हुसैन, यह कैनवास पर रंगों में ढल जाता।

मैं कविता नहीं लिखता या लिखता हूं तो दिखाता नहीं हूं। मेरे शेर मेरे अलावा किसी ने नहीं जाना मैं पेंटिंग नहीं करता हूं, मगर मेरा दिल करता है कि मैं भी हुसैन की तरह किसी को भी सामने बैठाकर उसकी आंखों, उसके कानों, उसकी हल्की मुस्कुराहट से हिलते होंठ और आंखे, आंखे तो पेंट करने में हुसैन की जान ही निकल जाती थी और आंखों के बारे में हम भी कुछ कहते कतराते हैं। जब भी किसी के बारे में लिखते हैं तो मेरे सामने उसकी आंखें चल रही होती हैं। आंखे मुझे जो बतलाती हैं, मैं अक्सर वह नहीं लिखता हूं, वरना कितने ही दिल मायूस हो जाएं। मेरा दिल करता है कि जिससे भी मिला हूं, उसके बारे में नस्र की एक पेंटिंग करूं। किसी को मैं अंधेरे में छूकर बिल्कुल वैसे लिखना चाहता हूं, जैसे हुसैन पेंट करना चाहते थे। मेरा दिल करता है कि जिसमे मेरी दिलचस्पी हो, उसे सामने बैठाकर मैं उसकी हर सांस से जिस्म में जो लरजत और आंखों में जो लज्जत पैदा होती है, उसे लिखूं। मेरा लिखना लोगों की नजर में नस्र है। जबकि मुझे लगता है कि मैं पेंट कर रहा हूं। मेरे अल्फ़ाज़ का अक्स भले काला हो, मगर उसमें हर लफ़्ज़ के अपने अलहदा रंग हैं।

हफीज किदवई
लेखक

यह मेरे लिखने का रंग है। जिसे जमाने की कोई फिक्र नहीं और जिस पर जमाना भी अपना वक्त बर्बाद नहीं करता। यह मेरी कलम है जिसके पांव में हुसैन के पांव की तरह चप्पल नहीं है। मेरा लिखा किसी झुंड को पसंद आने के लिए नहीं है। किसी झुंड के तोहफे, ईनाम, वकार के लिए नहीं है। किसी झुंड के मुट्ठी भर पन्नों में छपने के लिए नहीं हैं। मेरा लिखा, मेरी जरूरत है। मेरा लिखा मेरी सांसों को आजाद छोड़ने के लिए है, नहीं लिखूंगा तो सांस घुट जाएगी, बस इतने भर के लिए है।

मौसम मस्त चुनाव का, लोकतंत्र का पर्व

चुनाव की घोषणा हो चुकी है। ज्यों-ज्यों समय नजदीक आ रहा है वातावरण में नर्मी-गर्मी भी बढ़ रही है। जैसे वसंत के आने की धमक पौधों की टुंसियाहटें दे देती हैं वैसे ही हर दल के कार्यकर्ताओं की सरगर्मियां बता देती हैं कि मौसम परिवर्तित होने के लिए कसमसा रहा है। धरती के सबसे विशिष्ट, विलक्षण और विचित्र प्राणी मनुष्य के लिए चुनाव का मौसम अद्भुत आनंददायक होता है।

इस मौसम में सब मगन मस्त हो जाते हैं। वसंत का उल्लास और फागुन का धमाल चाहे जितना रंग जमा ले, चुनावी मौसम का रंग सबसे आला और निराला होता है। इस मौसम में रंग बदलते लोगों को देखना बड़ा विस्मयकारी होता है। प्रकृति के ऋतुचक्र में तो उसका अपना मूल चरित्र होता है तभी तो आम पर आम का मंजर, लीची पर लीची का मंजर आता है। मनुष्य का मौसम अजीब होता है! और वह भी चुनाव का मौसम! इस मौसम में कहना बड़ा कठिन और असंभव है कि किस डाली पर किस फल का मंजर आएगा! बबूल पर आम का मंजर तो नीम पर लीची का मंजर चढ़ आता है! ताज्जुब तो तब होता है जब गुलाब की डाली भी मंजरियों से भर जाती है! - मौसम मस्त चुनाव का, नेताओं के रंग! भौंचक होकर देखती, जनता भी हुड़दंग!! चुनाव का मौसम दरवाजे पर दस्तक देने लगा है। गांव-शहर पोस्टरों, जुलूस और शोर-शराबों में डूबने ही

डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

> प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जनता सर्वोपरि हो गई और चुनाव की प्रक्रिया विकसित हुई है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें एक-एक जन की विवेकपूर्ण सहभागिता होती है।

वाला है। वैसे तो गांव और शहर जनप्रतिनिधियों तथा सरकार की कृपा से पहले से ही डूब-उतरा रहा है। लोग डूबने के अभ्यासी हो गए हैं। उनके लिए डूबना कोई नई बात नहीं है! डूब मरना कहावत भी बीते जमाने में छूट गई है। अब तो डूब कर पानी क्या घी पीने की आदत-सी लग गई है! ज्ञानी ऋषि चार्वाक आज होते तो 'यावत् जीवेत सुखम् जीवेत, ऋणं कृत्वा घृतम् पीवेत' से आगे कहते कि 'यावत् जीवेत रक्तम् पीवेत, ऋणं कृत्वा एसयूवी चढ़ेत'!

राजनीति के खेल में संवेदनहीनता इतनी बढ़ गई है कि स्वार्थ में अंधे हो गए धृतराष्ट्रीय नेताओं को दुर्योधनी क्रूरता और अराजकता न तो दिखती है और न ही समझ में आती है। जनता त्रस्त है और वे सत्ता की गद्दी को चाटते हुए मस्त हैं। अपराधी और हत्यारे प्रशासन तथा कानून को धता बताते हुए सुरक्षित हैं। उनके लिए सरकार ने भी सुरक्षा की पूरी व्यवस्था कर रखी है। बच्चे असुरक्षित हैं इसकी फिक्र किसे है? बच्चों की फिक्र होती तो किसी नेता विशेष के लिए घंटों सड़क नहीं जाम हो जाता, स्कूल बस को भी सड़क के किनारे नहीं रोक दिया जाता! सुबह के निकले बच्चे रात ढले घर लौटते हैं। इस बीच मां-बाप और परिवार की बेचैनी किस चरम पर होती है इसका अनुमान ये सुरक्षित घेरे में बड़ी गाड़ियों पर सवार जयकारों के उन्माद में डूबे हुए तथाकथित नेता नहीं लगा सकते हैं। जनता जाए भाड़ में उन्हें तो राजधानी की बड़ी कुर्सी पर सवार होना है। इसलिए उन्हें एन केन प्रकारेण अपने झंडाबरदारों के बलबूते शोर मचाते हुए राजगद्दी पर आसीन होना है।

विश्व को लोकतंत्र का संदेश देने वाले और पाठ पढ़ाने वाले गौरवशाली भारत के कई मायनों में विशिष्ट प्रांत बिहार और बिहार का कभी वैभवशाली जनपद रहा वज्जि संघ लोकतंत्र का जनक है। लोकतंत्र की जननी यह धरती कभी हजारों सभासदों के साथ बैठकर गंभीर से गंभीर समस्या का समाधान करती थी। किसी भी नीति और प्रावधान को सुचारू रूप से चलाने तथा जनता के बीच लाने के लिए पहले विचार मंथन करते हुए सब एकमत होते थे तभी उसे कार्य रूप दिया जाता था। जीने का जन्मसिद्ध अधिकार सबको प्राप्त है मगर मानवीय नकारात्मक प्रवृत्तियों के कारण असमानता और विसंगतियां बढ़ती चली गईं। 'वसुधैव कुटुंबकमृ' का उद्घोष करने वाला यह देश राजनीतिक दुष्चक्र में फंस कर खंड-खंड टूटता और बंटता चला गया। जातियों के नाम समाज विखंडित हो गया। अमीरी-गरीबी की खाई निरंतर बड़ी होती गई। आर्थिक स्थितियां भी सबकी अलग-अलग हो गई। बाहुबली और धनबली के भीतर शासन करने की प्रवृत्ति पैदा हुई जिससे असंतोष और अराजकता को बढ़ावा मिला।

ऐसे ही वातावरण में जबकि राजतंत्र का बोलबाला था, वैशाली गणराज्य ने शासन-व्यवस्था में प्रजा की सहभागिता के लिए पूरा-पूरा जगह निकालते हुए व्यापक जन समाज को सम्मानित करने का काम किया। जनता को अधिकार प्राप्त हुआ कि वह अपने अनुसार नेतृत्व का चुनाव करे। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में जनता सर्वोपरि हो गई और चुनाव की प्रक्रिया विकसित हुई है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है। इसमें एक-एक जन की विवेकपूर्ण सहभागिता होती है। जनता को मत देने का ऐसा अधिकार है जिसके बल पर सुयोग्य नेतृत्व का चयन होता है। चुनाव और मताधिकार भारत का एक ऐसा मानवीय मूल्य है, जो समानता के सिद्धांत के साथ अपने समस्त नागरिकों को समरस करता है।

वोट की कद्र बढ़ाने को होना चाहिए प्रयास

राजनीति की धरती उसी तरह हो गई है, जैसे आंधी, तूफान और चक्रवात के आने पर भारी उथल-पुथल प्रभावित इलाके के हिस्से में हो जाती है और वहां का भूगोल बदल जाता है। कहां पेड़ थे, कहां झोपड़ियां थीं, कहां मकान थे और कहां क्या बसा था? सब जमींदोज हो जाने की वजह से समझ में नहीं आता।

इसी तरह की स्थिति राजनीतिक क्षेत्र में चुनाव की आंधी और चक्रवात आने पर होती है। कौन से लोग किस दल में थे, वे कहां उखड़कर चले गए, इसको समझने में मतदाताओं को भारी मशक्कत करनी पड़ती है। राजनीति के इस दल-बदल की आंधी और तूफान के बीच चमकती-कड़कती बिजली से एक ही स्वर गूंजता है, राष्ट्र की सेवा के लिए नया दल उपयुक्त महसूस हो रहा है लिहाजा पुराने दल को छोड़ा जा रहा है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

मतदाताओं में किसी तरह का भ्रम न रहे कि कौन राजनीतिज्ञ किस दल में है, इसके लिए कम से कम चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ दल-बदल की प्रवृत्ति को रोक दिया जाए। पूरे पांच साल में तकरीबन 260 सप्ताह सदन में प्रतिनिधि रहे राजनीतिज्ञों को कम से कम 26 सप्ताह पहले तक दल-बदल के लिए मौका दे दिया जाए। उसके बाद दल-बदल करने वाले को टिकट से वंचित किया जाना चाहिए। इसी तरह मान्यता प्राप्त दलों के जिला/नगर के पदाधिकारियों को भी चुनाव घोषित होने की संभावित तिथि के कम से कम 13 सप्ताह के पहले तक दल बदल के लिए मौका दिया जाए।

इसके बाद दल-बदल करने वालों को टिकट नहीं दिया जाना चाहिए। इससे राजनीति के प्रति आम जनता के मन में तमाम तरह की उठने वाली बातों पर विराम लगेगा। इसका लाभ यह होगा कि मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा वरना मतदाता संशय में रहता है कि उसके वोट की कद्र हो पाएगी या नहीं? चुनाव आयोग को इसके लिए भी आचार-संहिता बनानी चाहिए।

रविवार विशेष

आधे से ज्यादा मतदाताओं का बन चुका मूड

मतदाता व्यवहार या मनोविज्ञान बताता है कि एक मतदाता कब और कैसे इस बात का फैसला करता है कि उसे वोट किसे देना है। वह कौन सी परिस्थितियां, वातावरण, प्रभाव या कारक होते हैं, जिनके आधार पर वह यह निर्णय लेता है कि अमुक दल या प्रत्याशी को वोट देना है। वोट देने के दौरान उसके दिलो-दिमाग में क्या चल रहा होता है। अगर राजनीतिक दल प्रत्याशी चयन में जातीय, धार्मिक या सामुदायिक आधार को तरजीह देते हैं, तो मतदाता को भी वोट का फैसला लेने में सबसे ज्यादा यही बातें प्रभावित करती हैं। शहरी क्षेत्र के मुकाबले ग्रामीण इलाकों में एक बड़ा वर्ग देखता है कि उसका वोट किस जाति या समुदाय के प्रत्याशी को जा रहा है। एक दर्जन लोकसभा क्षेत्रों में करीब पांच हजार लोगों से संवाद में यह तथ्य उजागर होने के साथ पता चला कि आधे से अधिक लोग मतदान के लिए मन बना चुके हैं।

मनोज त्रिपाठी, कानपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में किसने किसको और कितने वोट दिए, इसका पता तो चार जून को परिणाम आने पर ही चलेगा, लेकिन आधे से अधिक 58 फीसदी मतदाता अपना मूड बना चुके हैं कि उन्हें ईवीएम पर किस खाने का बटन दबाना है। यह महत्पूर्ण तथ्य अमृत विचार की ओर से मतदाता संवाद और मतदान जागरूकता को लेकर किए गए संपर्क अभियान में सामने आया है।



जिन 42 फीसदी लोगों ने अभी अपना वोट तय नहीं किया है, उनमें सबसे बड़ा हिस्सा 14 फीसदी उन लोगों का है, जिनका कहना है कि वह मतदान के दिन ही अपना फैसला लेंगे। इसी तरह 21 फीसदी मतदाता ऐसे हैं, जिन्होंने अभी किसी दल या प्रत्याशी के पक्ष में मतदान का कोई निर्णय नहीं लिया है, इनमें से अधिकतर राजनीतिक दलों के वायदे, प्रचार अभियान, नेताओं के भाषण, मुद्दों और हवा का रुख परख रहे हैं और कहते हैं कि जल्दी ही किसी नतीजे पर पहुंच जाएंगे, जबकि सात फीसदी मतदाताओं का कहना है कि वह अपना वोट खराब नहीं करेंगे और उसके पक्ष में ही मतदान करेंगे जो जीतता हुआ नजर आएगा।

58 फीसदी लोगों के यह राय जताने से कि वह अपने मत को लेकर फैसला कर चुके हैं, साफ है कि अधिकतर मतदाता जब मतदान केंद्र पर वोट देने पहुंचते हैं तो ईवीएम का बटन दबाने से पहले ही फैसला करके आते हैं कि उन्हें किसे वोट देना है। ओपिनियन पोल और एग्जिट पोल करने वाली एजेंसियों के लिए काम करने वाले भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि अधिकतर मतदाता पहले ही तय कर चुके होते हैं कि उनका वोट किधर जाना है। इसकी बड़ी वजह यह भी है कि वोट किसको जाएगा, इसका मूड बनाने वाले 58 फीसदी मतदाताओं में अधिकतर स्वीकार करते हैं कि वह किसी न किसी राजनीतिक दल के समर्थक हैं, या किसी खास विचारधारा से प्रभावित हैं। हालांकि इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि एक आम मतदाता जब वोट देने जाता है तो उस पर कई फैक्टर काम कर रहे होते हैं, इनमें जाति, धर्म, समुदाय, फायदे वाली घोषणाएं, योजनाएं, भाषा, प्रत्याशी, प्रचार, मीडिया रिपोर्ट्स सभी कुछ होते हैं। अपना राजनीतिक दृष्टिकोण बनाने में वह इन सभी बातों का सहारा लेता है। लेकिन ऐसे मतदाताओं की संख्या अगर उन मतदाताओं के मुकाबले आधी है, जो पहले से ही अपने मत का फैसला किए बैठे हैं, तो परिणाम में बड़े उलटफेर की संभावना का प्रतिशत कम हो जाता है।



42 फीसदी लोग वोट तय करने के लिए क्या सोंचते

21 फीसदी मतदाता वायदे, प्रचार, नेताओं के भाषण और मुद्दों को परख रहे हैं।

14 फीसदी लोगों का कहना है कि मतदान के दिन ही वह अपना फैसला लेंगे।

07 फीसदी मतदाता बोले, वह जीतने वाले प्रत्याशी को ही मत देना पसंद करेंगे।

जनता और राजनीतिक दल, चुनाव सभी के लिए धर्म और जाति का दलदल



- निर्वाचन आयोग ने सभी राजनीतिक दलों और उनके नेताओं से कहा है कि वे जाति, धर्म और भाषा के आधार पर वोट मांगने से परहेज करें। आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों के खिलाफ नैतिक भर्त्सना के बजाय कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसलिए राजनीतिक दलों को ऐसे नैतिक और सम्मानजनक राजनीतिक विमर्श को बढ़ावा देना चाहिए जो विभाजन और व्यक्तिगत हमलों के बजाय विचारों या मुद्दों पर चर्चा को बढ़ावा देता हो। मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर, गुरुद्वारे या किसी भी पूजा स्थल का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जाना चाहिए। इसके जवाब में जहां राजनीतिक दल यह दलील देते हैं कि जाति और धर्म के आधार पर वोट मांगना गैर कानूनी हो सकता है, लेकिन उम्मीदवारों का चयन करना पार्टी का अधिकार है, वहीं सच्चाई यह भी है कि सभी जातियां या समुदाय, जनसंख्या में अपनी उपस्थिति के मुताबिक सभी दलों से अपने हितों की सुरक्षा की मांग करती रहती हैं और निर्वाचन क्षेत्र में बहुलता के आधार पर अपने वर्ग के प्रत्याशियों को चुनाव में उतारने की अपेक्षा रखती हैं। ऐसे में इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद किसे मत देना है, इसका फैसला लेने में सबसे ज्यादा जाति, धर्म और समुदाय ही मतदाता को प्रभावित करता है। खासकर ग्रामीण इलाकों में मतदाता यह जरूर देखता है कि उसका वोट किस जाति के उम्मीदवार को जा रहा है। अगर वोटर उसकी जाति का होता है तो ज्यादा संभावना रहती है कि वह उसे ही वोट देने का फैसला करता है। इस स्थिति में मुद्दों और मूलभूत समस्याओं की कोई खास भूमिका नहीं रह जाती है। मतदाता प्रत्याशी की जाति, धर्म के साथ भाषा और पार्टी से भी प्रभावित होता है।





मतदाता को प्रभावित करने के लिए धारणा की नींव पर बनाया जाता माहौल का महल

कहते हैं कि प्रेम, युद्ध और राजनीति में सब जायज़ है। शायद इसी के चलते आज चुनाव भी मनोवैज्ञानिक युद्ध की तरह लड़े जा रहे हैं। वोटर को प्रभावित करने में सारा खेल धारणा का हो गया है। धारणा की नींव पर ही माहौल का महल खड़ा किया जा रहा है। टीवी पर प्राइम टाइम में आने वाली बहसें इसमें महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं। मतदाता मनोविज्ञान पर काम करने वाले विवेक द्विवेदी कहते हैं कि जिस तरह युद्ध जीतने के लिए छद्म प्रयास किए जाते हैं आज उसी तरह भ्रमपूर्ण वातावरण बनाकर मतदाता को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित किया जा रहा है। सोशल मीडिया इस काम में बड़ा हथियार बन गया है।

भाजपा की हैट्रिक या खत्म होगा बसपा के लिए जीत का वनवास

संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित शाहजहांपुर लोकसभा सीट की पहचान शहीदों की धरती से जुड़ी है। देश की आजादी में कुर्बानी देने वाले पं. राम प्रसाद बिस्मिल, ठा. रोशन सिंह और अशफाक उल्ला खान यहीं के निवासी थे। भाजपा ने इस सीट पर वर्ष 2019 में जीते अरुण सागर पर भरोसा जताया है तो सपा ने राजेश कश्यप और बसपा ने दोदराम वर्मा को चुनावी समर में उतारा है। इस लोकसभा क्षेत्र में 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

भाजपा शाहजहांपुर सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने से नहीं चूकना चाहती है, तो सपा 2014 में गंवा चुकी इस सीट को हर हाल में जीतना चाहती है। उधर, बसपा को गठबंधन के बाद भी 2019 में मिली हार साल रही है। वह इस बार मुकाबला त्रिकोणीय बनाने की पूरी कोशिश में जुटी है। जल्द ही यहां बसपा प्रमुख मायावती और आकाश आनंद की सभा आयोजित की जाएगी। इस सीट पर किसी भी दल ने आज तक जीत की हैट्रिक नहीं लगाई है। फिलहाल सभी दलों के उम्मीदवारों ने यहां समर जीतने के लिए रात दिन एक कर दिया है। उम्मीदवार बूथ प्रबंधन की रणनीति पर काम कर रहे हैं ताकि समर्थक एक भी मतदाता मतदान से वंचित न रह जाए।

अरुण कुमार सागर।

राजेश कुमार कश्यप।

दोदराम वर्मा।

2019 का जनादेश

	दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
	भाजपा	अरुण कुमार सागर	6,88,990
	बसपा	अमर चंद्र जौहर	4,20,572
	कांग्रेस	ब्रह्म स्वरूप सागर	35,283

2014 का जनादेश

	दल	प्रत्याशी	प्राप्त मत
	भाजपा	कृष्णा राज	5,25,132
	बसपा	उम्मेद सिंह कश्यप	2,89,603
	सपा	मिथिलेश कुमार	2,42,913
	कांग्रेस	चेतराम	27,011

पिछले तीन चुनावों में दलों का वोट शेयर

वर्ष –चुनाव	भाजपा	सपा	बसपा	कांग्रेस
2022 विस	47.5	40.7	6.9	2.1
2019 लोस	58.6	00	35.6	3.0
2014 लोस	46.5	21.5	25.6	2.5

बसपा के लिए बंजर यहां की धरती

बसपा इस सीट पर कभी नहीं जीती। पार्टी के लिए यहां की धरती बंजर ही साबित हुई। 2009, 2014 और 2019 में बसपा के उम्मीदवार दूसरे नंबर पर रहे थे। 2019 में पार्टी को उम्मीद थी कि सपा, रालोद से गठबंधन के दम पर इस सीट पर उसे जीत मिलेगी पर ऐसा नहीं हो सका। इस बार बसपा अकेले मैदान में है। ऐसे में किसी बड़े चमत्कार की उम्मीद तो नहीं है लेकिन पार्टी की कोशिश में कोई कमी नहीं है।

जितेंद्र प्रसाद की कर्मभूमि रही यह सीट

यह सीट कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे स्व. जितेंद्र प्रसाद की कर्मभूमि रही थी। 1971, 1980, 1984 व 1999 के चुनाव में वे यहां से संसद में पहुंचे थे। 2004 में उनके बेटे वर्तमान में प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद इस सीट से सांसद चुने गए थे। इसके बाद यह लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गया और पहला चुनाव 2009 में जब हुआ तो सपा को यहां से जीत मिली। 2014 की मोदी लहर में यहां से भाजपा नेता कृष्णा राज जीत दर्ज करने में कामयाब हुईं और उन्हें केंद्र में मंत्री भी बनाया गया। हालांकि अगले चुनाव में भाजपा ने उनका टिकट काटकर अरुण सागर को दे दिया गया और चुनाव जीतकर वह नेतृत्व की अपेक्षा पर खरे उतरे। इस बार अरुण को अपने काम के साथ मोदी की गारंटी का भरोसा है।



चुनाव जो न कराए
भाषण देने के साथ नाच रहे मुख्यमंत्री

गुवाहाटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा चुनाव प्रचार अभियान के दौरान तेजतर्रार भाषणों के साथ अपने नृत्य कौशल से भी जनता का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। इस पूर्वोत्तर राज्य में मुख्यमंत्री भाजपा के स्टार प्रचारक हैं। असम में 14 लोकसभा सीटों पर पहले तीन चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल और सात मई को मतदान होगा। शर्मा ने शनिवार को जोरहाट निर्वाचन क्षेत्र में प्रचार करते हुए अपनी सभाओं के अंत में भाजपा के थीम गीत 'एक और बार, मोदी सरकार' पर ऐसा जमकर नृत्य किया कि दर्शक भी झूम उठे। शिवसागर और मरियानी में रैली के अंत में मुख्यमंत्री ने गीत गाया और नृत्य किया और जनता से भी साथ देने की अपील की। शर्मा ने अपने भाषणों में केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा नीत सरकारों के कल्याणकारी कदमों का उल्लेख किया और लोगों से लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए वोट मांगे। नृत्य का वीडियो 'एक्स' पर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, हम सभी 'मोदी का परिवार' हैं।

अजमेर में मोदी...

राजस्थान के अजमेर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली में मतदाताओं के सिर पर मोदी फिर एक बार का जादू चढ़कर बोला। कई बच्चे भाजपा के चुनाव चिह्न कमल और मोदी के कट आउट लेकर पहुंचे।

पत्नी कांग्रेस से विधायक, बसपा प्रत्याशी ने छोड़ा घर

बालाघाट। मध्य प्रदेश के बालाघाट से बहुजन समाज पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार कंकर मुंजारे ने शनिवार को अपने उस घर को छोड़ दिया है, जिसमें वह कांग्रेस विधायक पत्नी अनुभा मुंजारे के साथ रहते थे। मुंजारे के कहा कि उन्होंने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि चुनाव के दौरान अलग-अलग विचारधारा वाले दो व्यक्तियों को एक छत के नीचे नहीं रहना चाहिए। पूर्व विधायक और सांसद कंकर मुंजारे ने कहा कि अब वह 19 अप्रैल को मतदान के बाद ही घर लौटेंगे। उन्होंने कहा कि मैंने अपना घर छोड़ दिया है। एक बांध के पास एक झोपड़ी में रह रहा हूं। अगर अलग-अलग विचारधारा वाले दो व्यक्ति एक छत के नीचे रहते हैं, तो लोग सोचेंगे कि यह मैच फिक्सिंग है। उधर, विधायक पत्नी ने कहा कि वह पति के रुख से आहत हैं। जब वह परसवाड़ा से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के उम्मीदवार थे और मैं कांग्रेस के टिकट पर बालाघाट से चुनाव लड़ रही थी, तब हम लोग साथ-साथ रहे थे।

सपा के शाक्य प्रत्याशी ने यहां बढ़ाई भाजपा की चुनौती

संवाददाता, एटा

अमृत विचार: सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस बार एटा लोकसभा सीट से शाक्य जाति के प्रत्याशी पर दांव लगाया है, इसके चलते भाजपा खेमे में बैचेनी महसूस की जा रही है। भाजपा से मौजूदा सांसद राजवीर सिंह तीसरी बार ताल ठोंक रहे हैं। बसपा ने अभी इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन माना जा रहा है कि पार्टी किसी मुस्लिम चेहरे को मैदान में उतार सकती है। एटा लोकसभा सीट पर सात मई को मतदान होना है।

एटा लोकसभा सीट पर मुख्य मुकाबला लोधी और यादवों वोटों के बीच रहता है। इन्हीं जातियों के मतदाताओं की संख्या यहां सर्वाधिक हैं, जो अपनी एकजुटता से उम्मीदवार की जीत-हार का फैसला करते हैं। लेकिन शाक्य मतदाता भी अच्छी-खासी संख्या में हैं। सपा से देवेश शाक्य के उतरने से इस बार समीकरण बदले हुए हैं। दोनों दलों का परंपरागत वोट तो अपनी-अपनी जगह है। लेकिन शाक्य मतदाताओं को हमेशा अपने पाले में समझने वाली भाजपा में सपा से शाक्य उम्मीदवार उतरने के कारण थोड़ी बेचैनी की स्थिति है। इसकी वजह यह है कि शाक्य मतदाता एकजुट होकर अगर सजातीय उम्मीदवार के साथ जाते हैं तो भाजपा के सामने मुश्किल खड़ी हो सकती है। सपा प्रत्याशी देवेश शाक्य इटावा के रहने वाले हैं। दो बार जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं।

पूर्व के चुनावों में एटा सीट से तमाम शाक्य प्रत्याशी किस्मत आजमा चुके हैं। इसी वर्ग से महादीपक सिंह शाक्य एटा लोकसभा सीट पर पांच बार और कासगंज लोकसभा सीट पर एक बार सांसद रहे थे। यहां दो बार यादव और तीन बार लोध वर्ग से सांसद चुने गए हैं। सामान्य रूप से यहां भाजपा को शाक्य मतदाताओं का साथ मिलता रहा है। इसके चलते जातीय समीकरण के लिहाज से पार्टी का पलड़ा भारी हो जाता है। इसी समीकरण को कमजोर करके अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए सपा ने शाक्य प्रत्याशी को उतारा है।

सपा के देवेश शाक्य लगातार सजातीयों में बैठकें कर उनका समर्थन मांग रहे हैं। वहीं भाजपा पदाधिकारी इन मतदाताओं को पार्टी से जोड़े रखने के लिए ताकत लगा रहे हैं। शाक्य समाज के भाजपा नेताओं को चेहरा बनाकर बैठकें की जा रही हैं। यूं तो मोदी के व्यक्तित्व और अयोध्या मंदिर की हवा में लड़े जा रहे चुनाव में भाजपा की स्थिति मजबूत मानी जा रही है। लेकिन पीडीए का फार्मूला लेकर उतरी सपा के साथ यहां शाक्य फैक्टर भी जुड़ गया है। इसके साथ ही गठबंधन में कांग्रेस का साथ है। ऐसे में भाजपा जीत के लिए मेहनत कर रही है।



2019 का परिणाम

दल	प्रत्याशी
भाजपा	राजवीर सिंह
सपा	देवेंद्र यादव
निर्दलीय	हरिओम

2014 का परिणाम

दल	प्रत्याशी
भाजपा	राजवीर सिंह
सपा	देवेंद्र यादव
बसपा	नूर मो. खान

राजनीति का ककहरा सीख रहे शाह कितना कर पाएंगे कमाल

हरिओम चतुर्वेदी, अंबेडकरनगर

अमृत विचार : जो जिला कभी बहुजन समाज पार्टी का गढ़ हुआ करता था। जहां से बसपा का सिम्बल मिलना ही जीत की गारंटी मानी जाती थी। पार्टी में एक से बढक़र एक कद्दावर नेता हुआ करते थे, उसी बसपा ने इस बार के लोकसभा चुनाव में एक ऐसे प्रत्याशी को मैदान में उतारा है जिसे राजनीति का नवजात शिशु कहा जा सकता है। बसपा ने जिसे अपना जिला प्रभारी/प्रत्याशी घोषित किया है, उसका कोई राजनीतिक इतिहास ही नहीं है। जिस दिन बसपा ने कमाल शाह को अपना प्रत्याशी घोषित किया उस दिन तक उनका कुल राजनीतिक अनुभव 28 दिनों का था। कमाल शाह कभी भी राजनीति में नहीं थे और न ही किसी पार्टी से उनका कोई वास्ता रहा है।

जनपद के किछौछा निवासी कमाल शाह की पहचान उनके अपने लोगों मे एक बड़े प्रॉपर्टी डीलर के रूप में थी। प्रॉपर्टी डीलिंग का काम भी उनका ज्यादातर जनपद से बाहर था। अचानक से वह 26 फरवरी को बसपा की सदस्यता लेते हैं।

कमाल शाह।

- **घनश्याम चन्द्र खरवार, मायावती, त्रिभुवन दत्त, राकेश पांडे और रितेश पांडे जनपद से बसपा के सिम्बल पर ही चुनाव लड़कर बने हैं सांसद**

फिर 28 दिन बाद ही पार्टी ने उन्हें अपना जिला प्रभारी/प्रत्याशी घोषित कर दिया। अंबेडकरनगर ऐसा जिला है जहां से बसपा में कभी प्रदेश अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय महासचिव तक हुआ करते थे। बसपा सुप्रीमो मायावती ने इसे अपनी कर्मभूमि बनाया था। लोकसभा और विधान सभा का चुनाव यहां से वह लड़ी थी। यह जिला कभी बसपा का गढ़ हुआ करता था। जनपद को बसपा ने एक नहीं कई सांसद दिए। घनश्याम चन्द्र खरवार, मायावती, त्रिभुवन दत्त, राकेश पांडे, रितेश पांडे यहां से बसपा के सिंबल पर ही चुनाव लडक़र सांसद बने। सूबे में जब बसपा की सरकार हुआ करती थी तब जनपद से ही तीन-तीन मंत्री हुआ करते थे।

दलित व सजातीय मुस्लिम मतों का है भरोसा

बसपा में आज हालत यह हो गई है कि कोई बड़ा नेता ही नहीं बचा है जो अंबेडकरनगर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सके। जिसके कारण बसपा ने ऐसे नेता को अपना प्रत्याशी बनाया है जिसने अभी राजनीति का ककहरा सीखना शुरू किया है। इसको लेकर राजनीति के गलियारे में चर्चा जोरों से है। भाजपा और सपा के दो दिग्गजों के बीच राजनीति का ककहरा सीख रहे कमाल शाह कितना कमाल कर पाएंगे यह तो आने वाला समय ही बताएगा। हालांकि उनको बसपा के बेस वोट दलित और सजातीय मुस्लिम मतों पर पूरा भरोसा है। उनकी सारी चुनावी गणित इन्ही वोट के सहारे है।

बहराइच सीट पर छह बार बाहरी प्रत्याशियों ने जमाया कब्जा

केरल, मुरादाबाद व बुलंदशहर के प्रत्याशियों ने दर्ज की जीत

भाजपा ने सबसे अधिक बार जिले के प्रत्याशियों को दिया मौका

राजू जायसवाल बहराइच

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में बहराइच सीट से 6 बार दूसरे जिले के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। इसमें गैर प्रांत के केके नैयर ने भी चुनाव में जीत दर्ज कर जिले का प्रतिनिधित्व किया था। हालांकि भारतीय जनता पार्टी ने सबसे अधिक बार जिले के प्रत्याशियों को अवसर दिया है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बाहर के जिलों के प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारा है।

लोकसभा चुनाव में प्रथम चरण का मतदान होने के लिए बस कुछ दिन ही बाकी है। जिले में मई माह में बहराइच और कैसरगंज सीट के लिए अलग अलग तिथियों में चुनाव होना है। अब बात करें जिले के सीट पर प्रत्याशियों के चुनाव लड़ने की तो बहराइच सीट पर छह बार दूसरे जिले और प्रांत के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। इसमें आरिफ मोहम्मद खान (वर्तमान में केरल के राज्यपाल) ने सर्वाधिक तीन बार चुनाव जीता है। उन्होंने यह जीत दो बार कांग्रेस और एक बार जनता दल से हासिल की। आरिफ मोहम्मद खान बुलंदशहर के निवासी हैं। इसके बाद भी जिले की जनता ने आरिफ मोहम्मद खान को दिल खोलकर समर्थन दिया। बहराइच सीट से केरल राज्य के निवासी केके नैयर ने जनसंघ पार्टी से वर्ष 1967 में चुनाव जीता। आजादी के बाद वर्ष 1952 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में बहराइच सीट से रफी अहमद किदवई ने जीत दर्ज की। वह बाराबंकी जिले के निवासी थे। जनता पार्टी से ओम प्रकाश त्यागी ने 1977 के चुनाव में जीत दर्ज की। वह मुरादाबाद जिले के निवासी थे। इसी तरह अंबेडकर नगर जिले के किछौछा निवासी मुजफ्फर हुसैन ने वर्ष 1980 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी से जीत दर्ज की थी।



परिसीमन में हुआ था वर्ष 2009 का चुनाव

- बहराइच सीट पर वर्ष 2009 का लोकसभा चुनाव परिसीमन के बाद हुआ था। यह सीट वर्ष 2009 में सुरक्षित हो गई थी। इसी वर्ष गांधी परिवार के नजदीकी कमांडों कमल किशोर ने भाजपा प्रत्याशी को हराकर चुनाव में जीत दर्ज की थी। उस समय मनरेगा योजना ने भी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।

इस बार गठबंधन ने उतारा बाहरी प्रत्याशी

- बहराइच सीट से इस बार इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रमेश गौतम को चुनाव मैदान में उतर गया है। वे गोंडा जनपद के निवासी हैं लेकिन जिले में सक्रिय रहे हैं, जिसके चलते सपा की ओर से होने प्रत्याशी बनाया गया है।

पुनः कांग्रेस ने वर्ष 2009 के चुनाव में गोरखपुर के निवासी कमांडों कमल किशोर को चुनाव मैदान में उतारकर जीत हासिल की थी। ऐसे में अनुमान लगाया जा सकता है कि छह बार बहराइच सीट से दूसरे जिले के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की। वहीं आठ बार क्षेत्रीय प्रत्याशियों ने जीत का परचम फहराया है। इनमें भाजपा की ओर से सर्वाधिक बार क्षेत्रीय प्रत्याशियों को मैदान में उतारा गया है।

प्रियंका ने बनाया था जीत का रिकॉर्ड

पूर्व सांसद प्रियंका सिंह रावत

स्व. राम सेवक यादव (फाइल फोटो)

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में बाराबंकी सीट से अब तक की सबसे बड़ी जीतका रिकॉर्ड भाजपा की प्रियंका सिंह रावत के नाम है। 2014 में हुए लोकसभा चुनाव में प्रियंका रावत ने 2.11 लाख से अधिक मतों से जीत हासिल की थी। प्रियंका रावत ने कांग्रेस के कद्दावर नेता पीएल पुनिया को शिकस्त दी थी। 73 सालों में 17 चुनावों में यह सबसे बड़ी जीत साबित हुई। उनका यह रिकार्ड अब तक नहीं टूट सका है। वहीं सबसे कम अंतर से जीत हासिल करने वाले सांसदों में में स्व. राम सेवक यादव का नाम दर्ज है।

बाराबंकी सीट से बाहरी प्रत्याशी के रूप में आईं प्रियंका सिंह रावत पहली बार सियासत में उतरीं और अब तक की सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड अपने नाम कर लिया। मोदी लहर में पहली बार में ही वह सांसद बन गईं और संसद में जिले का प्रतिनिधित्व करने का मौका यहां के मतदाताओं ने उन्हें दिया। 1951 से लेकर 2019 तक चुनावी सफर पर गौर किया जाए तो बाराबंकी के 73 साल के चुनावी इतिहास में सबसे बड़ी जीत प्रियंका सिंह रावत के ही नाम है। इसके साथ ही वह संसद पहुंचने वाली जिले की दूसरी महिला सांसद भी बनीं। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के डॉ. पीएल पुनिया को 2 लाख 11 हजार 878 मतों से हराया था।

हालांकि इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में इनका टिकट पार्टी ने काट दिया और उपेंद्र सिंह रावत को मैदान में उतारा। इस बार भी जिले के मतदाताओं ने उपेंद्र को जिताकर लगातार दूसरी बार जिले में कमल खिलाया लेकिन प्रियंका सिंह के मुकाबले उपेंद्र सिंह रावत ने भले ही अधिक मत हासिल किए हों पर जीत का अंतर कम जरूर रहा। उपेंद्र सिंह रावत ने सपा के रामसागर रावत को 1 लाख 10 हजार 140 वोटों से हराया था। भाजपा के बैजनाथ रावत को सन् 1998 में पहली बार जिले में कमल खिलाने का तमगा हासिल है। अब तक दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने की बात करें तो इसमें कांग्रेस के डॉ.पीएल पुनिया का नाम आता है। जिन्होंने 2009 में जीत हासिल की थी। उन्होंने बसपा के कमला प्रसाद रावत को 1 लाख 68 हजार 575 मतों से शिकस्त दी थी। लेकिन भाजपा की प्रियंका सिंह रावत की अब तक की सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड आज तक कायम है।

कब किसने कितने वोटों से हासिल की जीत

चुनाव	विजेता	जीत का अंतर
1951	गंगा देवी	13064
1957	आरएस यादव	30880
1962	आरएस यादव	321
1967	बी.कुरील	13469
1967	आरएस यादव	13374
1971	बैजनाथ कुरील	34829
1971	कुंवर रुद्र प्रताप सिंह	58345
1977	राम किंकर	147411
1980	राम किंकर	15641
1984	कमला प्रसाद	94671
1989	रामसागर रावत	64117
1991	रामसागर रावत	3798
1996	रामसागर रावत	14722
1998	बैजनाथ रावत	13785
1999	रामसागर रावत	55278
2004	कमला प्रसाद	20927
2009	पीएल पुनिया	168575
2014	प्रियंका सिंह रावत	211878
2019	उपेंद्र सिंह रावत	110140

रायबरेली में मोदी लहर में कम होता गया जीत का अंतर

04 बार लगातार सोनिया गांधी ही चुनी गईं सांसद

2019 में भाजपा के दिनेश सिंह ने दी थी कड़ी टक्कर

धर्मेन्द्र प्रधान, रायबरेली

अमृत विचार: 1957 में अस्तित्व में आई रायबरेली लोकसभा सीट पर वैसे तो ज्यादातर कांग्रेस का ही कब्जा रहा है। अब तक तीन बार ही गैर कांग्रेसी सांसद बने हैं।

2004 में सोनिया गांधी ने रायबरेली सीट पर कदम रखा और चुनाव में जीत दर्ज की थी। सोनिया गांधी के आने बाद से कांग्रेस की जीत का अंतर जरूर कम ज्यादा होता रहा लेकिन कोई मात नहीं दे सका। अब तक रायबरेली सीट पर आधी आबादी का ही ज्यादा कब्जा रहा है। 2004 के बाद से अब तक हुए चुनावों में पुरुष सांसद ही नहीं चुने गए। चार बार से लगातार रायबरेली से चुनकर जा रहीं सोनिया गांधी को 2019 के मोदी लहर में भी कोई नुकसान नहीं हुआ और वह यूपी से कांग्रेस की इकलौती सांसद चुनी गई थीं। पड़ोस की लोकसभा से बेटे राहुल गांधी को मात खानी पड़ी थी। पिछले लोकसभा चुनाव की बात की जाए तो इस बार भाजपा खेमा आत्मविश्वास से लबरेज है। इस बार उसे लगता है कि वह कांग्रेस को पटखनी दे देंगे।

कांग्रेस की ओर से सोनिया गांधी ने जीत का क्रम तो जरूर जारी रखा लेकिन मत प्रतिशत में लगातार गिरावट होती रही। भाजपा को जीत भले ही हासिल न हुई हो लेकिन उसका मत प्रतिशत जरूर बढ़ता गया। 2004 में जहां भाजपा का मत प्रतिशत 4.86 था। वही कांग्रेस का 58.75 प्रतिशत रहा। जबकि 2009 के चुनाव में कांग्रेस का मत प्रतिशत बढ़ कर 80 प्रतिशत के ऊपर चला गया। लेकिन साल 2014 में जहां कांग्रेस का मत प्रतिशत 63.90 रहा, वही भाजपा भी छलांग लगाते हुए 17.33 प्रतिशत पर पहुंच गई।

अतीत के झरोखे से

दर्ज की लेकिन जहां जीत अंतर कम हुआ वही मतदान प्रतिशत का भी नुकसान हुआ। इस बार भाजपा ने 38.35 प्रतिशत मत पाए वही कांग्रेस को 55.78 प्रतिशत से ही संतोष करना पड़ा था।

सबसे ज्यादा नुकसान बीते लोकसभा चुनाव में हुआ जब कांग्रेस से बागी होकर भाजपा से लड़े दिनेश प्रताप सिंह ने कांग्रेस को कड़ी टक्कर दी। इस बार सोनिया गांधी ने जीत जरूर

मतदान के प्रति ज्यादा जागरूक हैं अयोध्या की बेटियां

मतदाता सूची से मिले छोटे आंकड़ों में छिपा बड़ा संकेत

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार: चुनाव के दौर में सामने आए छोटे आंकडे से बड़ा संकेत है। अयोध्या की बेटियां लोकतंत्र में मतदान के प्रति ज्यादा जागरूक है। मतदाता सूची में इनकी संख्या बेटों से 3.35 फीसदी ज्यादा है।

यह आंकड़ा 18 से 19 आयु वर्ग का है। 13-19 साल की आयु को किशोरावस्था (टीन एज) के तहत रखा जाता है। मतदाता बनने की न्यूनतम आयु 18 साल है। इस उम्र में किशोरियां अमूमन शमीर्ली होती है। वह मतदाता बनने के लिए उत्सुक नहीं होती। इसके बावजूद यदि किशोरियां मतदाता बनने में आगे हैं तो लोकतंत्र में मतदान के प्रति उनकी जागरुकता ही कही जाएगी।

निर्वाचन विभाग की एक रिपोर्ट के मुताबिक 60 साल तक के मतदाताओं की संख्या में पुरुषों की संख्या ज्यादा होती है, लेकिन 60 साल के बाद धीरे-धीरे पुरुष मतदाताओं की संख्या महिला मतदाताओं के आंकड़े से नीचे आने लगती है। रिपोर्ट कहती है कि अयोध्या जिले में भी 60 साल से ज्यादा उम्र के कुल मतदाताओं की संख्या 3,06,656 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,48,572 है। जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1,58,084 है। महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं की संख्या से लगभग 9,512 ज्यादा है। लेकिन 20 से 60 साल के बीच मतदाताओं के आंकड़े में पुरुष मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। जिले में पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या में लगभग 1,11,382 का अंतर है। इससे इतर 23 फरवरी को सामने आए जिले के मतदाताओं के आंकड़ों के मुताबिक 18-19 आयु वर्ग के कुल मतदाताओं की संख्या 23,449 है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 11,332 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 12,117 है।

- **किशोर वर्ग में बेटों से 3.35 फीसदी ज्यादा हैं बेटियां**

महिला मतदाताओं की संख्या पुरुष मतदाताओं से लगभग 3.35 फीसदी है। जानकारों का कहना है कि ऐसा इस उम्र के मतदाताओं में जिले मे शायद पहली बार हुआ है। जब टीन एज के कुल मतदाताओं में किशोरियों की संख्या ज्यादा है। मानते हैं कि लोकतंत्र और मतदान के प्रति किशोरियों में रुझान बढ़ रहा है।

लूट व भ्रष्टाचार का केंद्र भाजपा की नीतियां : अखिलेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को दावा किया कि समाजवादी सरकारों ने उत्तर प्रदेश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाते हुए बड़ी सोच एवं बड़े लक्ष्य के साथ विकास कार्य किए हैं, साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकारें योजनाएं बनाते ही भ्रष्टाचार शुरू कर देती हैं तथा भाजपा की जितनी नीतियां और योजनाएं बनी हैं वे लूट और भ्रष्टाचार का केन्द्र रही हैं।

शनिवार को सपा प्रमुख ने कहा कि समाजवादियों ने देश और जनता के लिए हमेशा बड़े विजन के साथ काम किया है। दूसरी तरफ भाजपा सरकार ने विकास कार्य रोकने का कार्य किया। भाजपा की सोच संकुचित है। भाजपा सरकार में जो भी काम हुए उनमें भारी भ्रष्टाचार हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया था लेकिन उद्घाटन के साथ ही वह टूट गया था क्योंकि उसमें जमकर कमीशनखोरी हुई थी।

- **सपा प्रमुख बोले- समाजवादी सरकारों ने प्रदेश को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाते हुए किए थे विकास कार्य**

यादव ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा की सरकारें योजनाएं बनाते ही भ्रष्टाचार शुरू कर देती हैं। भाजपा की जितनी नीतियां और योजनाएं बनी हैं वे लूट और भ्रष्टाचार का केंद्र रही हैं। नोटबंदी, चुनावी बॉण्ड सबसे बड़े भ्रष्टाचार के उदाहरण हैं। समाजवादियों के कार्य आज भी देश और जनता के काम आ रहे हैं। देश के सबसे बड़े आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर पहली बार लड़ाकू विमानों की लैंडिंग के लिए हवाई पट्टी का निर्माण कराया गया।

गिनवाई सपा सरकार की उपलब्धियां

सपा नेता ने कहा कि आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे में उन्नाव के पास हवाई पट्टी बनाई गई थी जिस पर आज भी लड़ाकू विमान मिग, सुखोई अभ्यास कर रहे हैं। यह एक्सप्रेस-वे देश की सामरिक जरूरतों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी और भाजपा की सरकारों में यही अंतर है। समाजवादी पार्टी आपात स्थिति में देश की रक्षा के लिए लड़ाकू विमान उतारने के लिए मजबूत सड़के बनाती है और भाजपा जुमलों के कागज से बने झूठे हवा हवाई जहाज उड़ाती है। समाजवादी सरकार में इस एक्सप्रेस-वे का निर्माण रिकार्ड समय सिर्फ 22 महीने में तैयार हुआ था। निर्माण कार्य पूरा होने के समय भारतीय सेना ने एक्सप्रेस-वे की हवाई पट्टी पर भारत के सबसे शक्तिशाली सुखोई, मिराज, हरक्यूलिस जैसे विमानों को उतार कर अपनी ताकत का एहसास कराया। उस समय देश के पूर्व रक्षा मंत्री रहे नेताजी मुलायम सिंह यादव मौजूद रहे। सपा प्रमुख ने कहा कि कि समाजवादियों को इस बात का गर्व है कि उनकी सरकार में बनाये गये एक्सप्रेस-वे सदियों तक देश की सुरक्षा जरूरतों के काम आएगा।

आचार संहिता के उल्लंघन पर हरियाणा के मंत्री को नोटिस

अंबाला। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करने के एक दिन बाद राज्य के मंत्री असीम गोयल को आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया गया।

सहायक निर्वाचन अधिकारी ने शुक्रवार को अंबाला शहर के विधायक गोयल को नोटिस जारी किया। नोटिस में सहायक निर्वाचन अधिकारी सह उपसंभागीय अधिकारी ने गोयल से पूछा कि ओल्ड मॉडल टाउन रोड पर विशाल टेंट लगाने की अनुमति क्यों नहीं ली गई। सैनी बृहस्पतिवार को रैली करने के बाद गोयल के आवास पर रात्रिभोज के लिए गए थे। विशाल तंबू के कारण सड़क का एक हिस्सा आम लोगों की आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया था। परिवहन, महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गोयल को नोटिस का जवाब देने के लिए 72 घंटे का समय दिया गया है।

मध्य प्रदेश में 1.26 लाख लोग हुए एक ही दिन में भाजपा में शामिल

भोपाल, एजेंसी

मध्य प्रदेश में शनिवार को करीब 1.26 लाख लोग सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए। पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नरोत्तम मिश्रा ने दावा किया कि पिछले तीन माह में 2.58 लाख से अधिक लोग भाजपा में शामिल हुए।

मिश्रा नए लोगों को शामिल करने की जिम्मेदारी संभाल रही पार्टी की टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, सामाजिक संगठनों और अन्य सहित 1.26 लाख से अधिक लोग एक ही दिन में भाजपा में शामिल हुए। मिश्रा ने कहा कि पिछले तीन माह के दौरान मध्य प्रदेश में 2.58 लाख से अधिक लोग भाजपा में शामिल हुए। भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा में शामिल होने वालों में से 90 प्रतिशत से अधिक लोग कांग्रेस से हैं और बाकी सेवानिवृत्त कर्मचारी, अधिकारी है और विभिन्न क्षेत्र में काम करने वाले सामाजिक संगठनों से हैं।

- **पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ नेता नरोत्तम मिश्रा ने किया दावा, तीन माह में 2.58 लोगों ने थामा भाजपा का दामन**

पूर्व मंत्री ने कहा कि ये लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व और उनके नेतृत्व में किये गये विकास कार्यों तथा राष्ट्रवाद से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव तथा भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख वी.डी. शर्मा ने उन सभी का पार्टी में स्वागत किया। इससे पहले दिन में, घटिया (उज्जैन जिले) से तीन बार विधायक रहे कांग्रेस नेता रामलाल मालवीय कई अन्य पदाधिकारियों के साथ भाजपा के राज्य मुख्यालय में मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुए।

वीडियो कांफ्रेंसिंग से इरफान जुड़े, अन्य आरोपी कोर्ट पहुंचे

आगजनी मामले में पांच बिंदुओं पर बहस, 15 को फैसला संभव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : शनिवार को सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ चल रहे आगजनी मामले में कोर्ट में पांच बिंदुओं पर बहस हुई। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से दो और बचाव पक्ष से तीन बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा। सुनवाई के बाद कोर्ट ने अगली तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की, जिसमें फैसला आने की संभावना है। सुनवाई में सपा विधायक वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़े।

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आगजनी कांड के मामले में आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान सोलंकी, शौकत पहलवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ की शनिवार को एमपीएमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई की गई। इस मामले में बीते चार अप्रैल को फैसला आना था, लेकिन जजमेंट में कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण न होने के कारण न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी ने फैसला टाल दिया था। उन्होंने सुनवाई की तिथि छह अप्रैल निर्धारित की थी। शनिवार को मामले में सुनवाई की गई, जिसमें सपा विधायक इरफान की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। वहीं अन्य आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पांच बिंदुओं पर स्पष्टीकरण मांगा, जिसमें से तीन बचाव पक्ष और दो बिंदुओं पर अभियोजन पक्ष की ओर से अपने तथ्य रखे गए। एडीजीसी भास्कर मिश्रा ने बताया कि कोर्ट ने अगली तिथि 15 अप्रैल निर्धारित की है, जिसमें फैसला आने की संभावना है।

नजीर फातिमा ने आरोप लगाए थे

पीड़िता नजीर फातिमा ने आरोप लगाया था कि सात नवंबर 2022 को वह अपने परिवार के साथ भाई की शादी में गई थीं। इस दौरान सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान ने अपने गुर्गों के साथ उनकी झोपड़ी में आग लगा दी थी। प्लॉट को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। आरोप है कि प्लॉट पर कब्जा करने के लिए आग लगाई गई थी, जिसमें उनका टीवी, फ्रिज, सिलेंडर समेत अन्य गृहस्थी का सामान खाक हो गया था।

मामले में पांच बार टल चुका है फैसला

मामले में बीते एक मार्च को अभियोजन व बचाव पक्ष की बहस पूरी होने के बाद ट्रायल पूरा हो चुका है। इसके बाद कोर्ट ने फैसला सुनाने के लिए 14 मार्च की तिथि निर्धारित की थी। 14 मार्च को फैसला टलने के बाद 19, 22, 28 मार्च और फिर चार अप्रैल की तिथियां निर्धारित की गई थी, लेकिन इन तिथियों में भी फैसला नहीं आ सका।

एमपीएमएलए कोर्ट में मुख्तार मामले में सुनवाई, तारीख मिली

बाराबंकी कार्यालय, अमृत विचार : मुख्तार अंसारी एम्बुलेंस प्रकरण को लेकर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपीएमएलए कोर्ट के न्यायाधीश विपिन यादव की अदालत में शनिवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत पर अभियुक्तगणों की तरफ से उनके अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन व उनके सहयोगी उपस्थित रहे। रणधीर सुमन द्वारा न्यायालय के माध्यम से पिछली तारीख को मुख्तार की मौत से सम्बंधित रिपोर्ट बांदा जेल प्रशासन से उपलब्ध कराए जाने की बात कही थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए बांदा जेल प्रशासन के अधिकारी को तलब करते हुए आदेश में लिखा था। जेल अधिकारी न्यायालय पर रिपोर्ट के साथ उपस्थित होकर बताएं। उसी परिप्रेक्ष्य में शनिवार को बांदा जेल प्रशासन के वरिष्ठ जेल अधीक्षक वी के शर्मा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये न्यायालय में उपस्थित होकर मुख्तार अंसारी की मृत्यु से सम्बंधित उपलब्ध कराए गए प्रपत्रों को तस्दीक किया। हालांकि बचाव पक्ष के वकील सुमन ने बताया कि उन्होंने कोर्ट से बांदा जेल प्रशासन के अधिकारी के उपस्थित न होने पर एतराज भी जताया।

जल्द पूरी होगी अटल आवासीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश प्रक्रिया जल्द ही एक सप्ताह के अंदर पूरी हो जाएगी। विद्यालय का सत्र एक अप्रैल से शुरू हो चुका है, लेकिन आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कक्षा 6 और कक्षा 9 के लिए हुई प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम घोषित नहीं किए जा सके हैं। इसके लिए विद्यालय समिति की ओर से निर्वाचन आयोग से अनुमति मांगी गई है।

अटल आवासीय विद्यालय 16 मंडलों में शुरू हो चुके हैं, जबकि दो मंडलों मुरादाबाद और बरेली में भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसके चलते यहां के छात्रों को दूसरे विद्यालयों में स्थानांतरित किया गया है। भवन बनने के बाद उन्हें यहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित किए जा रहे अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र की शुरुआत एक अप्रैल से हो चुकी है। बोर्ड की सचिव गजल भारद्वाज ने बताया कि जो सत्र शुरू हुआ है, उसमें पिछले वर्ष जिन बच्चों ने कक्षा 6 में प्रवेश लिया था, अब वो पास होकर कक्षा 7 में पहुंच गए हैं और उनकी पढ़ाई भी शुरू हो गई है। नए सत्र में कक्षा 6 और कक्षा 9 में छात्रों को प्रवेश दिया जाना है जिसका परिणाम फिलहाल इंतजार में है। परिणाम बन चुका है, लेकिन आदर्श आचार संहिता के कारण कुछ जगह घोषित नहीं कर पाए। निर्वाचन आयोग से इस संबंध में अनुमति मांगी है। बताया कि तैयारी पूरी है और प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद पठन कार्य भी शुरू करा दिया जाएगा।

सचिव ने बताया कि बच्चों की यूनिफॉर्म, शूज और कॉपी-किताबों समेत सभी आवश्यक सामान के लिए बिड प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 6 में 140 बच्चे तथा कक्षा 9 में 140 बच्चे यानी कुल मिलाकर 280 बच्चों को प्रवेश दिया जाना है। लड़कों और लड़कियों का प्रतिशत 50-50 रहेगा।

सार-संक्षेप

व्हाट्सएप कॉल कर बदमाश ने पूर्व प्रमुख से मांगी 50 लाख की रंगदारी

प्रतापगढ़, अमृत विचार : होटल संचालक पूर्व ब्लाक प्रमुख के नम्बर पर व्हाट्सएप कॉल कर बदमाश ने 50 लाख रूपये की फिरौती मांगी। रूपये न देने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस आरोपी की छानबीन कर रही है। विजय कुमार नाम के एक अज्ञात बदमाश ने व्हाट्सएप कॉल करके शिवगढ़ ब्लाक के पूर्व प्रमुख विवेक त्रिपाठी से 50 लाख रूपये की रंगदारी मांगी है। इससे पूर्व प्रमुख के घर व के परिवार के लोग सहमे हुए हैं। शहर के बाबागंज निवासी विवेक शनिवार शाम स्टेशन के सामने स्थित अपने प्रतिष्ठान होटल विवेक पर बैठे थे। इसी बीच उनके मोबाइल नंबर पर एक व्हाट्सएप काल आई। कहा गया कि अगर 50 लाख रुपये नहीं पहुंचा दोगे तो 24 घंटे के अंदर तुम्हारी हत्या हो जाएगी। नगर कोतवाल आनंद पाल सिंह ने बताया कि डिजिट से नंबर पाकिस्तानी लग रहा है। तकनीकी ढंग से मामले की जांच की जा रही है।

3910 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त, जमा कराये गये

लखनऊ, अमृत विचार : आदर्श आचार संहिता के तहत कार्रवाई में 3990 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर दिए गए हैं। इन्हें जमा करा लिया गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 16 मार्च से पांच अप्रैल तक पुलिस विभाग के जरिए अपराधिक व्यक्तियों के 478 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये और 3910 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये हैं। निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 18,83,558 लोगों को पाबन्द किये जाने के लिए नोटिस जारी की गई, 11,59,360 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है।पुलिस विभाग की ओर से 4206 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 4467 कारतूस, 2066 .5 किलोग्राम विस्फोटक व 227 बम बरामद कर सीज किये गये।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अब तक 71,16,499 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई जा चुकी है। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 43,03,917 और निजी स्थानों से 28,12,582 सामग्री हटाई गई है। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 976 मामलों और लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1794 मामलों में कार्रवाई की गई है। बिना अनुमति के सभा और भाषण करने, मतदाताओं को नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग और अन्य मामलों में 32 एफआईआर दर्ज की गई है।

भाजपा ने लिया वैभवशाली राष्ट्रनिर्माण का संकल्प

लखनऊ, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल समेत 1 .63 लाख बूथों पर मनाते हुए पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अन्त्योदय पथ, अन्त्योदय प्रण, अन्त्योदय लक्ष्य के साथ वैभवशाली राष्ट्रनिर्माण का संकल्प लिया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सहारनपुर जिला कार्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी का ध्वज फहराकर बधाई देते हुए नींव तैयार करने वाले महान विभूतियों को नमन किया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पार्चन करने के बाद अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए कार्यकर्ताओं का आह्वान किया। शनिवार को पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस मनाते हुए कार्यालयों तथा अपने-अपने घरों पर भाजपा का ध्वज फहराया। मि मोदी सरकार की उपलब्धियों का पत्रक लेकर घर-घर कार्यकर्ता पहुंचे और प्रत्येक बूथ पर स्थापना दिवस का कार्यक्रम आयोजित कर बूथ समिति, पन्ना प्रमुख तथा स्थानीय नागरिकों के बीच पार्टी के गौरवशाली इतिहास तथा ऐतिहासिक उपलब्धियों पर चर्चा की गई। प्रदेश मुख्यालय में मंत्री दयाशंकर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सहप्रभारी हिमांशु दुबे, प्रदेश मुख्यालय सहप्रभारी अतुल अवस्थी व कुश त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

प्रियंका गांधी सहारनपुर में जल्द करेंगी रोड शो

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राहुल गांधी समेत स्टार प्रचारक उतरेंगे प्रचार में

अमृत विचार : प्रत्याशियों के पक्ष में भाजपा की ताबड़तोड़ जनसभाओं के बाद अब कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार में उतरेंगी। प्रियंका के सहारनपुर में रोड शो की तैयारी शुरू हो गई है। इसके साथ ही, प्रचार में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी व अन्य स्टार प्रचारक उतरेंगे।

इंडिया गठबंधन के तहत मिली 17 सीटों में से कांग्रेस अब तक 14 प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। रायबरेली, अमेठी व प्रयागराज सीट के प्रत्याशियों के जल्द घोषित होने की संभावना है। पहले व दूसरे चरण की सीटों पर नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशियों की ओर से रोड शो व जन सभाओं की मांग शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस ने प्रत्याशियों की मांग के अनुरूप चुनाव प्रचार कार्यक्रम पर मंथन शुरू कर दिया है। पार्टी सूत्रों के अनुसार पहले व दूसरे चरण की सभी सीटों पर स्टार प्रचारकों के जनसभाएं करने को लेकर कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि प्रत्याशी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की जनसभाओं पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। सूत्रों के अनुसार प्रियंका गांधी के सहारनपुर में जनसभा व रोड शो करने की संभावना है। इसके साथ ही, प्रयागराज, अमेठी व रायबरेली सीटों के लिए प्रत्याशियों के जल्द घोषित होने की संभावना है।

अनाथालय में आग, 16 बच्चे व 3 केयरटेकर सकुशल निकाले गए

नोएडा, एजेंसी : थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के सेक्टर 26 स्थित रामकृष्ण विवेकानंद मिशन ट्रस्ट के अनाथालय में शुक्रवार देर रात अज्ञात कारण से आग लग गई। मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने आग पर काबू पाया। आग में फंसे 16 बच्चों और तीन कर्मचारियों को सकुशल बाहर निकाला गया। दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार आग भवन के स्टोर रूम में लगी थी। मुख्य दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि शुक्रवार देर रात दो बजे के करीब दमकल पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर 26 के सी- ब्लॉक स्थित रामकृष्ण विवेकानंद मिशन ट्रस्ट के अनाथालय में आग लग गई है। उन्होंने बताया कि दमकल विभाग की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- बरेली, बदायूं, रामपुर व मुरादाबाद के न्यायिक अधिकारी शामिल

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 322 अपर जिला सत्र न्यायाधीश, 73 सिविल जज (जूनियर डिवीजन) और 192 सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रैंक के न्यायिक अधिकारियों के स्थानांतरण को लेकर शुक्रवार को एक अधिसूचना जारी की है। यह जानकारी हाईकोर्ट के महानिबंधक राजीव भारती द्वारा दी गई है।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रैंक के न्यायिक अधिकारियों की सूची में अनुतोष कुमार शर्मा वाराणसी से कासगंज, चंद्र विजय श्रीनेत मुरादाबाद से बुलंदशहर, सुश्री छवि अस्थाना गाजियाबाद से रामपुर, राहुल सिंह (द्वितीय) सीतापुर से कानपुर नगर, चंद्रशेखर मिश्रा मिर्जापुर से मेरठ, सुश्री कविता निगम बरेली से बहराइच, रामानंद आजमगढ़ से बरेली, कुमारी पारुल जैन बिजनौर से लखीमपुर खीरी, श्रीमती मोना पंवार गौतम बुद्ध नगर से मुरादाबाद, कुमारी अलका चौधरी महोबा से बिजनौर, शैलेंद्र सचान मुरादाबाद से फर्रुखाबाद स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) रैंक के स्थानांतरित न्यायिक अधिकारियों की सूची में श्रीमती काव्या श्रीवास्तव लखनऊ से रामपुर, श्रीमती बिंदु यादव रामपुर से फतेहपुर, सुश्री स्वाति वर्मा (द्वितीय) बरेली से जालौन (उरई), सुश्री पूजा शर्मा बिजनौर से लखीमपुर खीरी, मनाली चंद्रा बदायूं से सुल्तानपुर, सुश्री रचना रावत मैनपुरी से बरेली, प्रगति रघुवंशी आगरा से मुरादाबाद शामिल हैं।

सिविल जज (सीनियर डिवीजन) रैंक न्यायिक अधिकारियों में अविनाश चंद्र गौतम को लखीमपुर खीरी से सुल्तानपुर, सर्वेश सिंह यादव को मुरादाबाद से इटावा, अनूप कुमार पांडेय को मुरादाबाद से बलरामपुर, विनोद शर्मा को मेरठ से अयोध्या, श्रीमती किरण गोंड को सुल्तानपुर से लखीमपुर खीरी, आशुतोष (द्वितीय) को बरेली से फतेहपुर, देवेंद्र कुमार (प्रथम) को बरेली से बस्ती, श्रीमती श्वेता चौधरी को मऊ से मुरादाबाद, प्रशांत मिश्रा (द्वितीय) को लखनऊ से अमरोहा, विमलेश सरोज को बरेली से मैनपुरी, सुमित कुमार (प्रथम) को रायबरेली से बरेली, श्रीमती स्मिता गोस्वामी को मुरादाबाद से हरदोई व सचिन कुमार दीक्षित को मुरादाबाद से चित्रकूट स्थानांतरित किया गया है।इनके अतिरिक्त अन्य कई न्यायिक अधिकारी भी स्थानांतरित किये गए हैं।

दिसंबर तक तैयार हो जाएगा राम दरबार

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक के दौरान मंदिर के प्रथम तल को दिसंबर 2024 तक तैयार करने का निर्णय लिया गया है। प्रथम तल पर राम दरबार होगा। इसके साथ ही मंदिर के परिधि में 795 मीटर लंबे परकोटे के निर्माण का कार्य दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

मंदिर निर्माण समिति की दूसरे दिन शनिवार की बैठक चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में हुई। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि राम मंदिर एक हजार वर्ष तक सुरक्षित रहेगा। निर्माण में एलएंडटी, टाटा कंसल्टेंसी के साथ राजकीय निर्माण निगम को भी शामिल किया गया है। इस दौरान गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा। चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि निर्माण का मुख्य लक्ष्य 2024 के अंत तक पूरा कर लेना है। निर्माण पूरा करने के बाद ट्रस्ट को मंदिर सौंप दिया जाएगा।

बंद रहीं हनुमानगढ़ी की 250 लड्डू प्रसाद की दुकानें : रामनवमी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर हनुमानगढ़ी पर स्टील रेलिंग लगाए जाने को लेकर शनिवार को हनुमानगढ़ी की करीब 250 लड्डू प्रसाद की दुकानें पूरे दिन बंद रहीं। रेलिंग के विरोध में उतरे दुकानदारों ने आक्रोश जताते हुए जिला प्रशासन के प्रतिनिधि को ज्ञापन भी सौंपा। लड्डू प्रसाद की दुकानों की बंदी के चलते श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अभूतपूर्व बंदी के चलते शनिवार को 50 क्विंटल से अधिक देशी घी के लड्डू नहीं बिके और करीब दो सौ क्विंटल फूलमाला भी पड़ी रही।

20 क्विंटल फूलों से सजेगा कनक भवन

अयोध्या। रामनवमी पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कनक भवन मंदिर में कनक बिहारी सरकार के जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंदिर परिसर को 20 क्विंटल फूलों के साथ-साथ आकर्षक लाइटों से सजाया जाएगा। जरबेरा व रजनीगंधा जैसे खुशबूदार फूलों की खेप, लखनऊ, वाराणसी, कोलकाता व दिल्ली से मंगाई गई है। इसके साथ ही कनक बिहारी सरकार का विशेष श्रृंगार भी किया जाएगा।

मुरादाबाद के वीर सिंह और बरेली की साधना समेत कई दिग्गज हुए भाजपाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस, सपा व बसपा को झटका देते हुए कई पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक शनिवार को भाजपा में शामिल हुए। पूर्व मुख्यमंत्री स्व रामनरेश यादव के पुत्र समेत कई एनजीओ संचालक भी भाजपाई हुए।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सदस्यता ग्रहण कराई। इसमें प्रमुख रूप से बसपा के पूर्व सांसद वीर सिंह (मुरादाबाद), कांग्रेस से पूर्व सांसद व पूर्व विधायक संतोष कुमार कटाई (आजमगढ़), सपा से पूर्व सांसद व जिला पंचायत के अध्यक्ष प्रेमदास कठेरिया (इटावा), पूर्व मंत्री सपा नेता डॉ. के.सी. पाण्डेय (गोरखपुर), पूर्व मंत्री सपा नेत्री साधना मिश्रा (बरेली), सपा से पूर्व विधायक रमेश कुमार कुशवाहा (ललितपुर) और पूर्व मुख्यमंत्री स्व रामनरेश यादव के पुत्र अजय नरेश यादव (आजमगढ़) शामिल रहे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र और अपने-अपने बूथ पर भाजपा को मजबूत करने के काम में जुट जाइए।

बीजेपी कार्यालय पर विभिन्न दलों के लोगों को सदस्यता ग्रहण कराते ब्रजेश पाठक।

वर्ग पहेली-32

बाएं से दाएं

1. बाज़ या गिद्ध की जाति का एक बड़ा पक्षी
4. 1. सघन, गहरा 2. बहुत घना 3. भयंकर, ज़बरदस्त।
7. 1. घंटे की-सी ध्वनि निकलना 2. घन-घन की आवाज़ निकलना।
9. 1. त्रुटि, भूल, गलती 2. दोष, अपराध।
10. लोहा

ऊपर से नीचे

2. उनचना, पैताने (पैर की ओर) की रस्सी खींचकर खटिया की बुनावट के ढीलेपन को दूर करना।
3. नागरिक, नगर का निवासी।
5. अपनी मरज़ी से।
6. नौका संबंधी
8. एक प्रकार का प्रत्यय जो 'भरा हुआ' या 'पूर्ण' होने का अर्थ देता है



वर्ग पहेली -31 का हल

			1 म		2 टे	
	3 उ	दि	त	यौ	व	4 ना
5 रे			वि			ग
टि			भा			र
ना			6 ज	7 ब	कि	
	8 वै	9 खा	न	स		10 ताँ
		म		र		11 ता

सुडोकू -111

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8			1				2	
7		4		2		1		6
		6			3		9	
	2	1		4		5		
		7		8		6	4	
	7		5			8		
5		3		1				7
	6				9			4

सुडोकू -110 का हल

9	2	1	5	3	7	4	8	6
3	8	7	6	9	4	2	1	5
4	6	5	2	1	8	7	3	9
7	4	8	9	6	3	1	5	2
1	5	3	7	8	2	9	6	4
2	9	6	1	4	5	3	7	8
8	7	4	3	2	6	5	9	1
5	1	2	8	7	9	6	4	3
6	3	9	4	5	1	8	2	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 अप्रैल रविवार 2024 संवत-2080,शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-त्रयोदशी 06 .53 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 8 अप्रैल 03 .21 तक तत्पश्चात अमावस्या।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 12 .58 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

मेष — आज खर्चों की अधिकता रहेगी। अति आत्मविश्वास से आपको बचना चाहिए। नए कार्यों की शुरुआत न करें। वैवाहिक जीवन तनाव युक्त हो सकता है। गैस और कब्ज के कारण दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

वृष — आज व्यापारियों को नए अनुबंध मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। संपत्ति को लेकर डील होने की संभावना है। प्रेमीजन का सहयोग मिलेगा। धन कमाने के नए स्रोत प्राप्त होंगे।

मिथुन — आज आप आलस्य वश काम टालने का प्रयास कर सकते हैं। बोलचाल के दौरान नम्रता का भाव अवश्य रखें। जॉब में बदलाव करना फिलहाल उचित नहीं है। व्यवसाय में महत्वपूर्ण लक्ष्यों को प्राप्त करने से मन प्रफुल्लित रहेगा।

कर्क — आज धार्मिक स्थानों की यात्रा कर सकते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। रूठे मित्रों को मनाने के लिए दिन बहुत अच्छा है। समस्याओं का निवारण होगा। नया निवेश करने से आपको लाभ प्राप्त होगा।

सिंह — आज घर के बड़े बुजुर्गों के साथ वैचारिक तनाव हो सकता है। स्वास्थ्य में थोड़ी नरमी रहेगी। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का प्रयोग सावधानी से करें। पड़ोसियों के साथ थोड़ी कहासुनी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में कुछ अनमने से रहेंगे।

कन्या — आज उधार दिया हुआ धन वापस मिल सकता है। आर्थिक स्थिति में सुधार आने के योग बन रहे हैं। सभी कार्य योजनाबद्ध तरीके से करने के कारण इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे। जॉब में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। जीवनसाथी को पर्याप्त समय अवश्य दें।

तुला — आज नसों में खिंचाव और दर्द की समस्या हो सकती है। घर में रिश्तेदार आ सकते हैं। अपनी क्षमताओं और योग्यता का सही उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। व्यापार के लिए लोन लेने का विचार बना रहे हैं तो थोड़ी सावधानी रखें।

वृश्चिक — आज संतान की सफलता से उत्साहित रहेंगे। मन में नए और रचनात्मक विचार जन्म लेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों में परेशानी होगी। धार्मिक कार्यों में रुझान बढ़ेगा। अपना व्यवहार हमेशा मधुर बनाए रखें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

धनु — आज आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। किसी मित्र के प्रति गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है। कर्मचारियों के साथ मतभेद बढ़ सकते हैं। नया व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। कारोबारी कार्यों से यात्रा करनी पड़ सकती है।

मकर — आज आप किसी धार्मिक स्थल की यात्रा की योजना बना सकते हैं। कमर और पैरों में दर्द की शिकायत हो सकती है। धैर्यवान होकर के काम करना लाभकारी होगी। व्यस्तता के बावजूद अपने काम को प्राथमिकता देंगे। गुरु तुल्य व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

कुंभ — आज मन में किसी के भी प्रति बैरभाव न रखें। छाती में जलन की शिकायत हो सकती है। अपने स्वभाव को संयमित रखें। किसी परिजन को लेकर चिंतित हो सकते हैं। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। लोग आपके सही कार्यों का भी विरोध करेंगे।

मीन — आज जॉब में अधीनस्थ कर्मचारियों से सहयोग प्राप्त होगा। उच्चाधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। बच्चों के भविष्य को लेकर कुछ निर्णय कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं। पुरानी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
कहानी किस्मत की — दोपहर : 12 .02
लोहा — रात : 07 .57

&pictures
एंटरटेनमेंट — सुबह : 09 .20
दिल चाहता है — शाम : 04 .30

SONY PIX
इन द हार्ट ऑफ द सी — सुबह : 10 .05
स्पाइडर मैन — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
डॉन — सुबह : 11.30
रईस — रात : 07 .40

colors CINEPLEX
भगवंत केसरी — दोपहर : 12 .55
पिचैककरण — रात : 07 .03

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07 .40 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चल कर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति-पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे मोदी

राजस्थान की चुनावी सभा में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री पर बोला हमला

जयपुर, एजेंसी

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए शनिवार को कहा कि वह खुद को महान मानकर देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं। सोनिया गांधी ने कहा-आज हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है। संविधान को बदलने का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा- यह देश सिर्फ चंद लोगों की जागीर नहीं हैं, ये देश हम सबका है। इसे हमारे पुरखों ने अपने खून से सींचा है। सोनिया गांधी यहां विद्याधर नगर में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा-देश से ऊपर हो जाने की बात सपने में भी नहीं सोची जा सकती। क्या कोई देश से बड़ा हो सकता है? जो ऐसा सोचता है देश की जनता, मेरी प्यारी बहनें, नौजवान, किसान, मजदूर, आदिवासी उसे सबक सिखा देते हैं। दुर्भाग्य से आज हमारे देश में ऐसे नेता सत्ता में विराजमान हैं। मोदी जी खुद को महान मानकर देश और लोकतंत्र की मर्यादा का चीरहरण कर रहे हैं।

जयपुर में लोकसभा चुनाव से पहले बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी नेताओं सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी के साथ नजर आए। ● एजेंसी

उन्होंने कहा-विपक्षी नेताओं को डराने धमकाने, भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) में शामिल कराने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। सोनिया गांधी ने कहा- हमारा देश पिछले 10 साल से एक ऐसी सरकार के हवाले है जिसने बेरोजगारी, महंगाई, आर्थिक संकट, असमानता व अत्याचार को बढ़ावा देने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस मोदी सरकार ने जो-जो किया है वो हमारे, आपके सामने है। इसलिए यह समय हताशा से भरा हुआ है। उन्होंने कहा, लेकिन जान लीजिए हताशा के साथ ही उम्मीद का भी जन्म होता है। मुझे पूरा यकीन है कि कांग्रेस के हमारे साथी न्याय के दीपक को अपने सीने की आग से जलाएंगे और हजार आंधियों से संभालकर आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा-क्योंकि ये देश सिर्फ चंद लोगों की जागीर नहीं है, ये देश हम सबका है। इसे हमारे पुरखों ने अपने खून से सींचा है। इसकी हवाओं में हमारी मां बहनों के पसीने का नमक है।

लोस चुनाव : कांग्रेस ने छह और उम्मीदवार घोषित किए

नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए शनिवार को छह और उम्मीदवार घोषित किए जिनमें सबसे प्रमुख नाम विरियाटो फर्नांडिस का है जिन्हें दक्षिण गोवा लोकसभा क्षेत्र से वर्तमान सांसद फ्रांसिस्को सारदिन्हा का टिकट काटकर उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सारदिन्हा गोवा के मुख्यमंत्री भी रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने उत्तरी गोवा लोकसभा क्षेत्र से पूर्व केंद्रीय मंत्री रमाकांत खलप को टिकट दिया है। मध्य प्रदेश के मुरैना से सत्यपाल सिंह सीकरवार, ग्वालियर से प्रवीण पाठक और खंडवा से नरेन्द्र पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं दादरा एवं नगर हवेली से अजीत रामजी भाई महला को टिकट दिया गया है। कांग्रेस अब तक कुल 241 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। इससे पहले उसने 13 अलग-अलग सूचियों में 235 उम्मीदवार घोषित किए थे।

भाजपा भारत की पसंदीदा पार्टी है : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

● भाजपा के 44वें स्थापना दिवस के मौके पर बोले प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के 44वें स्थापना दिवस के मौके पर शनिवार को कहा कि भाजपा भारत की पसंदीदा पार्टी बन गई है और उन्होंने भरोसा जताया कि लोग पार्टी को केंद्र में एक और कार्यकाल के लिए चुनेंगे ताकि बीते एक दशक में विकसित भारत के लिए तैयार की गई नींव को मजबूत किया जा सके।

मोदी ने भाजपा के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि देश की युवाशक्ति भाजपा को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखती है, जो उनके सपनों को साकार करने में सक्षम होने के साथ ही 21वीं सदी में भारत को मजबूत नेतृत्व देने की भी क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और वोट बैंक की राजनीति से मुक्त करने के लिए संकल्पबद्ध है जबकि दशकों

तक शासन करने वाले दलों ने इसी राजनीतिक संस्कृति को देश की पहचान बना दिया था। मोदी ने कहा कि नए भारत में स्वच्छ और पारदर्शी शासन होने से विकास का लाभ आज अंतिम पायदान पर खड़े गरीबों तक बिना किसी भेदभाव के पहुंच रहा है।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा-केंद्र हो या राज्य, हमारी पार्टी ने सुशासन को नए सिरे से परिभाषित किया है। हमारी योजनाओं और नीतियों ने देश के गरीब और वंचित भाई-बहनों को एक नई ताकत दी है। जो लोग दशकों तक हाशिए पर रहे थे, उन्हें अपने लिए भाजपा में उम्मीद की बड़ी किरण दिखी। भाजपा उनकी सशक्त आवाज बनकर सामने आई। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा समग्र विकास के लिए काम किया है, जिससे हर देशवासी का जीवन आसान बना है। मोदी ने कहा- भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर देशभर के मेरे कर्मठ और परिश्रमी कार्यकर्ताओं को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। आज भाजपा की उन सभी महान विभूतियों को नमन करने का दिन है, जिन्होंने वर्षों की अपनी कड़ी मेहनत, संघर्ष और त्याग से पार्टी को सींचकर इस ऊंचाई तक पहुंचाया है। मैं आज पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि भाजपा देश की सबसे पसंदीदा पार्टी है, जो 'राष्ट्र प्रथम' के मंत्र के साथ जन-जन की सेवा में जुटी है।

एक नजर

लुधियाना के एसीपी और गनमैन की सड़क दुर्घटना में मौत

लुधियाना। पंजाब में लुधियाना जिले में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) और उनके गनमैन की शुक्रवार देर रात एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि घटना उस समय हुई जब चंडीगढ़ से लौट रहे एसीपी संदीप सिंह का वाहन समराला में दयालपुरा बाईपास पर एक अन्य वाहन से टकरा गया। सिंह और उनके गनमैन परमजोत सिंह को घायलावस्था में सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई।

एचडीआईएल के प्रमोटर वधावन की नहीं हुई रिहाई

मुंबई। बॉम्बे उच्च न्यायालय ने पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव (पीएमसी) बैंक धोखाधड़ी में कथित संलिप्तता के मामले में हाउसिंग डेवलपमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एचडीआईएल) के प्रमोटर राकेश वधावन और सारंग वधावन को शुक्रवार को जमानत दे दी लेकिन दोनों पर कई अन्य मामले चलने के कारण उन्हें जेल से रिहा नहीं किया गया है। उच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा दर्ज मामलों में दोनों को कल जमानत मंजूर कर ली थी।

राजस्थान में पढाई नहीं करने पर एक युवक ने बेटी को पीटा, मौत

जयपुर। राजस्थान में सिरोही जिले के आबूरोड थाना क्षेत्र में एक युवक ने परीक्षा की तैयारी नहीं करने पर अपनी बेटी को कथित रूप से पीटा जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपाधीक्षक पुष्पेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्रेम नगर में फतेह मोहम्मद (42) ने 11वीं कक्षा में पढ रही अपनी 17 वर्षीय बेटी को बृहस्पतिवार को पढ़ाई नहीं करने के कारण पीटा। उन्होंने बताया कि छात्रा के चाचा की ओर से दर्ज शिकायत के आधार पर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया तथा पिटाई के लिये उपयोग में लाया गया डंडा शनिवार को बरामद कर लिया गया।

केरल के कन्नूर में विस्फोट के मामले में चार लोग गिरफ्तार

कन्नूर, एजेंसी

● पुलिस ने कहा-गिरफ्तार आरोपी माकपा के कार्यकर्ता थे

केरल के कन्नूर जिले के उत्तरी हिस्से पनूर के पास एक दिन पहले हुए विस्फोट के सिलसिले में शनिवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी, तीन घायल व्यक्ति और मृतक, सभी व्यक्ति मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के कार्यकर्ता अथवा समर्थक थे। वामपंथी दल ने पुलिस के इस दावे को खारिज कर दिया है। पनूर पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उन्होंने विस्फोट के सिलसिले में शेबिन लाल, के अतुल, के के अरुण और सयूज को गिरफ्तार कर लिया है, ये सभी कथित तौर पर उस समय मौजूद थे जब बम विस्फोट हुआ था। पुलिस ने बताया कि सयूज को कथित तौर पर पड़ोसी राज्य तमिलनाडु के कोयंबटूर भागने की कोशिश करते समय पालक्कड से पकड़ा गया था। इसमें कहा गया है कि विस्फोट में घायल हुए तीन अन्य - विनीश, विनोद और अश्वनाथ का भी इलाज चल रहा है।

कोर्ट ने अमानतुल्ला खान के खिलाफ ईडी की अर्जी पर आदेश सुरक्षित रखा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली वक्फ बोर्ड की नियुक्तियों में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में समन से बचने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान के खिलाफ ईडी की एक अर्जी पर शनिवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा नौ अप्रैल को फैसला सुनाएंगी कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर जवाब के लिए खान को तलब किया जाए या नहीं। ईडी ने आरोप लगाया है कि खान ने अग्रिम जमानत याचिका दायर करके और जांच से भागकर अपनी भूमिका संदिग्ध कर ली है।

आतिशी ने ईडी से की भाजपा पर कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी

● कहा-शक के आधार पर आप के नेताओं को किया गया गिरफ्तार

दिल्ली की मंत्री आतिशी ने निर्वाचन आयोग का नोटिस मिलने के एक दिन बाद शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कथित धनशोधन के लिए भाजपा के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए निर्वाचन आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया। आतिशी ने दावा किया था कि भाजपा ने उसे पार्टी में शामिल होने अथवा एक माह के भीतर ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहने को कहा है, इसके बाद आयोग ने आतिशी को नोटिस जारी किया। मंत्री ने कहा-महज शक के आधार पर ईडी ने आप नेता संजय

सिंह, मनीष सिसोदिया और यहां तक की हमारी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ धन के लेन-देन का कोई सबूत नहीं मिला। उन्होंने कहा-ईडी ने भाजपा नेताओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की है, जहां जांच एजेंसी धन के लेन-देन को साबित करने में सक्षम है। आप ने पिछले महीने ईडी से कहा था कि वह भाजपा के खिलाफ मामला दर्ज करे। पार्टी ने आरोप लगाया था कि कथित आबकारी नीति घोटाले के एक आरोपी से भाजपा को चुनावी बॉण्ड के माध्यम से करोड़ों रुपये मिले हैं।

तिहाड़ में पूछताछ की याचिका के विरोध में कोर्ट पहुंचीं कविता

दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार बीआरएस नेता के. कविता ने शनिवार को अदालत में सीबीआई की उस याचिका का विरोध किया, जिसमें कथित घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में तिहाड़ जेल में उनसे पूछताछ करने की अनुमति मांगी गई थी। राष्ट्रीय राजधानी की अदालत ने कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ की सीबीआई को शुक्रवार को अनुमति दे दी थी। कविता को ईडी ने 15 मार्च को गिरफ्तार किया था और वह अभी न्यायिक हिरासत में हैं।

डीआरआई ने तमिलनाडु से बरामद किया 4.9 किलो सोना

रामनाथपुरम (तमिलनाडु)। तटरक्षक बल और सीमा शुल्क विभाग के एक संयुक्त अभियान में, राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने श्रीलंका से तस्करी करने के बाद समुद्र में फेंका गया तीन करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का सोना बरामद किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया-एजेंसियों ने पांच अप्रैल को समुद्र से कुल 4.9 किलोग्राम सोना बरामद किया। तटरक्षक बल और रामनाथपुरम की सीमा शुल्क इकाई के साथ एक संयुक्त अभियान में डीआरआई ने मंडपम के वेदलाई तट के निकट समुद्र से 4.9 किलोग्राम सोना बरामद किया। सोने की छड़ों का कुल वजन 4.9 किग्रा है और इसका मूल्य 3.43 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

मोदी को इतिहास नहीं पता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने मुस्लिम लीग के साथ किया था गठबंधन: रमेश

नई दिल्ली, एजेंसी

● कांग्रेस महासचिव ने प्रधानमंत्री की टिप्पणी का दिया जवाब

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप होने संबंधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी को लेकर शनिवार को पलटवार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री अपने इतिहास से परिचित नहीं हैं, क्योंकि वह कोई और नहीं बल्कि जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी थे, जो 1940 के दशक की शुरुआत में लीग के साथ बंगाल में गठबंधन सरकार का हिस्सा थे।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने भाजपा पर विभाजन की राजनीति करने का भी आरोप लगाया। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को सहारनपुर में एक चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में

वही सोच झलकती है, जो आजादी के आंदोलन के समय मुस्लिम लीग में थी। मोदी ने यह भी कहा कि कांग्रेस के घोषणापत्र में पूरी तरह मुस्लिम लीग की छाप है और इसका जो कुछ हिस्सा बचा रह गया, उसमें वामपंथी पूरी तरह हावी हो चुके हैं। कांग्रेस इसमें दूर-दूर तक दिखाई नहीं देती है। प्रधानमंत्री की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री को अपना इतिहास ही नहीं पता है।

इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत हासिल करेगा

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि लोकसभा चुनाव निष्पक्ष नहीं हैं और इसमें विपक्षी दलों को निशाना बनाया जा रहा है, फिर भी पांच न्याय, 25 गारंटी पर जनता की प्रतिक्रिया के कारण चुनाव में इंडिया गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि देश के लोग चुनाव की स्वतंत्रता एवं निष्पक्ष खत्म करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सभी प्रयासों को खारिज कर देंगे। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि अंदरखाने से बहुत हुआ 10 साल अन्याय काल की लहर है।

कारोबार/कृषि

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 995 फ्लैग 1110 बोल्ड 1160 डीएमओ 880।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 -106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता :145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

एक नजर

वोडा आइडिया के बोर्ड ने 2,075 करोड़ रुपये जुटाने की दी मंजूरी

नई दिल्ली। कर्ज में डूबी दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया ने शनिवार को कहा कि उसके बोर्ड ने आदित्य बिड़ला समूह से 2,075 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दी है कंपनी ने बताया कि इसके साथ ही आदित्य बिड़ला समूह की अधिकृत शेयर पूंजी को एक लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने की मंजूरी भी दी गई है। वोडाफोन आइडिया ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी इन प्रस्तावों पर आठ मई को एक असाधारण आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी लेगी।

सिडबी ने कर्मालाइफ के साथ की साझेदारी

नई दिल्ली। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने गिग श्रमिकों को लघु उद्यम ऋण प्राप्त करने में मदद के लिए फिनटेक कंपनी ओनियन लाइफ प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। इसके तहत गिग श्रमिक फिनटेक कंपनी के प्रौद्योगिकी मंच कर्मलाइफ का उपयोग करेगी।

गेहूं की फसल पर जलवायु संकट का सामना करने में भारत की तैयारी पाकिस्तान से बेहतर

कृषि वैज्ञानिक बोले-मौसम इस साल रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन हासिल करने में कर रहा मदद

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और पाकिस्तान, दोनों देशों में मौसम की अनुकूल स्थिति उन्हें इस साल रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन हासिल करने में मदद कर रही है। कृषि वैज्ञानिकों का कहना है कि हालांकि, भारत जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने के लिए पड़ोसी देश की तुलना में बेहतर ढंग से तैयार है। उन्होंने बताया कि भारत ने बीज की कई स्वदेशी गर्मी प्रतिरोधी और कम अवधि वाली किस्में विकसित की हैं।

वैज्ञानिकों ने कहा भारत दुनिया का दूसरा और पाकिस्तान आठवां सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक देश है। जहां भारत गेहूं उत्पादन में

आत्मनिर्भर है, वहीं पाकिस्तान 20-30 लाख टन गेहूं आयात करता है। घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पाकिस्तान के अभी भी आयात पर निर्भर है। इसकी एक बड़ी वजह उसका जलवायु-अनुकूल स्वदेशी किस्मों को विकसित नहीं कर पाना है। फिलहाल दोनों देशों में गेहूं की फसल की कटाई चल रही है। भारत का अनुमान है कि फसली वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में गेहूं उत्पादन 11.4 करोड़ टन के नए रिकॉर्ड तक पहुंचेगा। दूसरी ओर पाकिस्तान ने 3.22 करोड़ टन पैदावार का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। जहां दोनों देश 2010 से गेहूं की फसल पर जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव का सामना कर रहे हैं, वहीं चालू वर्ष असाधारण रूप से अनुकूल रहा है। इस दौरान न तो गरम हवा देखने को मिली और न ही फसल को प्रभावित करने वाली बेमौसम बारिश हुई।

हम भारी पैदावार की उम्मीद कर रहे : ज्ञानेंद्र सिंह

आईसीएआर-भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-आईआईडब्ल्यूबीआर) के निदेशक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया-इस साल मौसम अनुकूल है। मध्य जनवरी और फरवरी की महत्वपूर्ण अवधि के दौरान, गर्म हवा और बेमौसम बारिश की कोई घटना नहीं हुई। हम भारी पैदावार की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि नए बीजों की उपलब्धता और किसानों के बीच अधिक जागरूकता के कारण इस साल गेहूं के कुल रकबे के 80 प्रतिशत से अधिक में जलवायु-अनुकूल गेहूं की किस्मों को बोया गया है।

डॉ. मीनेष शाह चुने गए राष्ट्रीय सहकारी डेरी फेडरेशन के अध्यक्ष

नई दिल्ली। डेरी सहकारिता की शीर्ष संस्था नेशनल कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीडीएफआई) ने सर्वसम्मति से डॉ. मीनेष शाह को अपना अध्यक्ष चुना है। चुनाव निर्वाचन अधिकारी आनंद के जिलाधिकारी प्रवीण चौधरी की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। इससे पहले 4 अप्रैल, 2024 को हुई फेडरेशन की आम सभा की बैठक में आठ निदेशकों को चुना गया, जिसमें झारखण्ड दुग्ध महासंघ से डॉ. मीनेश शाह, सिक्किम दुग्ध महासंघ से डॉ. मंगत जीत राय, गुजरात दुग्ध महासंघ से शामलभाई बी पटेल, हरियाणा दुग्ध महासंघ से रणधीर सिंह, केरल दुग्ध महासंघ से के एस मणि, कर्नाटक दुग्ध महासंघ से बालचंद्र एल जाराकिहोली, पंजाब दुग्ध महासंघ से नरिंदर सिंह शेरगिल और पश्चिमी असम दुग्ध महासंघ से समीर कुमार परीदा शामिल हैं।

भारत और सिंगापुर के बीच व्यापार 18.2% बढ़कर 35.6 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक ने दी जानकारी

सिंगापुर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो सालाना आधार पर 18.2 प्रतिशत अधिक है। भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक ने यहां शनिवार को यह जानकारी दी।

उच्चायोग में प्रथम सचिव (वाणिज्य) टी प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर भारत का आठवां सबसे बड़ा व्यापार भागीदार (2022-23) है, जिसकी भारत के कुल व्यापार में 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वह सिंगापुर में आयोजित इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) के तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर और भारत के बीच व्यापार में 2022-23

के दौरान 18.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। उन्होंने बताया कि 2022-23 में सिंगापुर से हमारा आयात 23.6 अरब अमेरिकी डॉलर था, जो सालाना आधार पर 24.4 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह सिंगापुर को भारत का निर्यात सालाना आधार पर 7.6 अरब डॉलर से बढ़कर 12 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	82,900
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	72,750
गिन्नी (प्रति नग)	54,200-54,400
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	71,100
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	70,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	78,500
चांदी तैयार	78,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90, 500
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	70,700
सोना जेवरात गिन्नी	69,700
चांदी पक्की	783 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	70,700
चांदी आभूषण	79,100।

98 प्रतिशत से ज्यादा पायलटों ने नए अनुबंध पर किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

● विस्तारा एयरलाइन के सीईओ विनोद कन्नन ने दी जानकारी

विमानन कंपनी विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विनोद कन्नन ने शनिवार को कहा कि 98 प्रतिशत से अधिक पायलटों ने नए अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और इस महीने का परिचालन सप्ताहांत तक स्थिर होने की उम्मीद है। चालक दल की कमी के कारण इस सप्ताह की शुरुआत में एयरलाइंस को परिचालन में भारी व्यवधान का सामना करना पड़ा और कई उड़ानें रद करनी पड़ीं।

कन्नन ने कहा कि हालात में सुधार हुआ है और इस सप्ताहांत तक अप्रैल, 2024 के बाकी दिनों के लिए परिचालन स्थिर हो जाएगा। पायलटों के लिए नए अनुबंध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ पायलटों के मन में अनुबंध को लेकर कुछ चिंताएं और सवाल हैं। कहा कि एयरलाइन चिंताओं को दूर करने के लिए उनसे बातचीत कर रही है और 98 प्रतिशत से अधिक पायलटों ने नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। विस्तारा में लगभग 1,000 पायलट हैं। इससे पहले सूत्रों ने कहा था कि पायलटों के एक वर्ग ने नए अनुबंध के बारे में चिंता जताई है।

विप्रो के सीईओ थिएरी डेलापोर्टे ने अपने पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। भारत की प्रमुख सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो ने शनिवार को कहा कि उसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) थिएरी डेलापोर्टे ने इस्तीफा दे दिया है।

कंपनी ने बताया कि उनके स्थान पर श्रीनिवास पल्लिया को नया सीईओ बनाया गया है। उनकी नियुक्ति सात अप्रैल से पांच वर्षों के लिए प्रभावी है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि विप्रो के बोर्ड ने छह अप्रैल, 2024 को डेलापोर्टे के इस्तीफे पर विचार किया और उन्हें 31 मई, 2024 को कंपनी के कामकाज से पूरी तरह से मुक्त कर दिया जाएगा।

पनबिजली क्षमता 2031-32 तक 50% तक बढ़ जाएगी

नई दिल्ली, एजेंसी

● विद्युत मंत्रालय ने दावा करते हुए की भविष्यवाणी

वर्तमान में निर्माणाधीन 15 गीगावॉट की कुल क्षमता के साथ, देश अपनी पनबिजली क्षमता में पर्याप्त वृद्धि के लिए तैयार है। यह वर्तमान के 42 गीगावॉट से बढ़कर 2031-32 तक प्रभावशाली तरीके से 67 गीगावॉट हो जाएगा, यानी इसमें 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होगी।

भारत अपने ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के शिखर पर है, क्योंकि विद्युत मंत्रालय ने पनबिजली परियोजनाओं की प्रगति की घोषणा की है, जो देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को काफी हद तक बढ़ाने के लिए तैयार हैं। विद्युत मंत्रालय के

अनुसार, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुकूल मानसून की भविष्यवाणी की है, जिससे जलाशय के स्तर में महत्वपूर्ण सुधार होने की उम्मीद है।

विशेष रूप से महत्वपूर्ण हिमालयी क्षेत्र में बर्फ पिघलने से भी मदद मिलेगी। यह जलविद्युत परियोजनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करता है। नतीजतन, तापमान में किसी भी वृद्धि के कारण बर्फ पिघलने में वृद्धि इन परियोजनाओं की क्षमता को और मजबूत करेगी। पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स (पीएसपी), जिन्हें अक्सर वाटर बैटरी कहा जाता है, देश के ऊर्जा संचरण के लिए भी महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। ग्रिड को अधिक जड़ता और संतुलन शक्ति प्रदान करने के उद्देश्य से ये परियोजनाएं वर्तमान में 2.7 गीगावॉट की कुल क्षमता के साथ निर्माणाधीन हैं, जबकि अतिरिक्त 50 गीगावॉट विकास के विभिन्न चरणों में है।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	05	316
रियान पराग (आरआर)	04	185
संजू सैमसन (आरआर)	04	178

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
युजवेंद्र चहल (आरआर)	04	08
मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके)	03	07
मोहित शर्मा (जीटी)	04	07

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
राजस्थान रॉयल्स	04	04	00	00	08	+1.120
कोलकाता नाइट राइडर्स	03	03	00	00	06	+2.518
चेन्नई सुपरकिंग्स	04	02	02	00	04	+0.517
लखनऊ सुपर जायंट्स	03	02	01	00	04	+0.483
सनराइजर्स हैदराबाद	04	02	02	00	04	+0.409
पंजाब किंग्स	04	02	02	00	04	-0.220
गुजरात टाइटंस	04	02	02	00	04	-0.580
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	05	01	04	00	02	-0.843
दिल्ली कैपिटल्स	04	01	03	00	02	-1.347
मुंबई इंडियंस	03	00	03	00	00	-1.423

खेल डायरी

स्टार गोल्फर भुल्लर ने चंडीगढ़ ओपन ट्राफी जीती

चंडीगढ़। भारत के स्टार गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए शनिवार को अंतिम दिन चार अंडर 68 का कार्ड खेलकर चंडीगढ़ ओपन खिताब जीत लिया और चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में जीत का सबसे कम कुल स्कोर का रिकॉर्ड भी बनाया। भुल्लर (67-67-65-68) का कुल स्कोर 21 अंडर 267 का रहा जो चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में खिताब जीतने वाला सबसे कम स्कोर है। 12 बार के अंतरराष्ट्रीय विजेता भुल्लर का यह 25वां करियर खिताब और पीजीटीआई पर 13वीं ट्राफी है।

टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने कोबोली को हराया

मोंटे कार्लो (फ्रांस)। भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में जीत से शुरुआत करते हुए शनिवार को क्वालीफायर में दुनिया के 63वें नंबर के खिलाड़ी इटली के फ्लेवियो कोबोली को सीधे सेटों में शिकस्त दी। गैर वरीय और 95वीं रैंकिंग पर काबिज भारतीय ने आठवीं वरीयता प्राप्त कोबोली पर 6-2, 6-3 से जीत दर्ज की। नागल अब अपने अंतिम क्वालीफायर मैच में अर्जेंटीना के दो खिलाड़ियों फाकुंडो डियाज अकोस्टा और डिएगो श्वार्टजमैन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे।

विदित ने नाकामुरा और गुकेश ने प्रगानानंदा को हराया

टोरंटो। विदित गुजराती ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अमेरिका के हिकारू नाकामुरा की सभी रणनीतियों को नाकाम करते हुए जीत हासिल की जबकि आर प्रगानानंदा को हमवतन डी गुकेश से हार झेलनी पड़ी। पहले दौर में चार ड्रा के बाद शनिवार को दूसरे दौर की सभी चार बाजियों में नतीजे निकले। शीर्ष वरीय अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने अजरबैजान के निजात अबासोव को मात दी और रूस के इयान नेपोमनियाच्ची ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की झोंग्यी टैन से हार मिली जबकि रूस की एलेक्जेंड्रा गोरयाचकिना ने यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को पराजित किया। कोनेरू हम्पी ने रूस की कैटरीना लैग्नो से बाजी ड्रा करायी और नुरग्यूल सालिमोवा ने चीन की टिन्जी लेई से अंक बांटे।

सेंथिल कुमार जर्मन ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट से बाहर

नयी दिल्ली। भारत के राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार को हैम्बर्ग में जर्मन ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के इयान योव एनजी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व में 59वें नंबर के खिलाड़ी और 2023 के एशियाई रजत पदक विजेता सेंथिल कुमार इस 50000 डॉलर इनामी पीएसए विश्व टूर प्रतियोगिता में शुक्रवार को चौथी वरीयता प्राप्त मलेशियाई खिलाड़ी से 7-11, 6-11, 4-11 से हारकर बाहर हो गए। योव एनजी ने पीएसए वेबसाइट से कहा, ''यह हमेशा की तरह हमारे बीच करीबी मुकाबला रहा। वह हमेशा कुछ उलटफेर करने के बाद मेरा सामना करता है।'' दोनों खिलाड़ियों ने पीएसए की प्रतियोगिताओं में अभी तक तीन बार एक दूसरे का सामना किया है।

भांबरी-ओलिवेटी की जोड़ी सेमीफाइनल से बाहर

मराकेश (मोरक्को)। भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के उनके जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी यहां एटीपी मराकेश ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रिया के लुकास मीडलर और अलेक्जेंडर एर्लर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी से हारकर बाहर हो गए। भांबरी और ओलिवेटी की जोड़ी को एटीपी 250 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 5-7, 6-3, 7-10 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमों ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी। मीडलर और एर्लर की जोड़ी ने पहला सेट जीता लेकिन भांबरी और ओलिवेटी ने दूसरा सेट जीतकर शानदार वापसी की। सुपर टाइब्रेकर में भी कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन आखिर में मीडलर और एर्लर जीत दर्ज करने में सफल रहे। भांबरी और ओलिवेटी ने तीसरी वरीयता निकोलस बैरिएंटोस और राफेल माटोस को हराकर पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

सेलेक्टर होने पर शिवम को टी20 विश्वकप के लिए जरूर लेता

मुबंई, एजेंसी

भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और टीवी कमेंटेटर इरफान पठान ने उभरते सितारे शिवम दुबे की वकालत करते हुये कहा कि अगर वह चयनकर्ता की भूमिका में होते तो वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी20 विश्वकप के लिये न सिर्फ भारतीय टीम में उसका चयन करते बल्कि उनके प्रदर्शन पर भी पैनी निगाह बनाकर रखते।

स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव शो पर इरफान ने कहा " मैं निश्चित रूप से टी20 विश्वकप के लिये उसका चयन करूंगा। मैं चयनकर्ता होता, तो मैं उस पर कड़ी नजर रखता। मैं वास्तव में उसे टी20 विश्व कप टीम में लूंगा क्योंकि उनमें स्पिन खेलने की अद्भुत क्षमता है। सही मायनों में कहा जाये तो वह स्पिनरों की धज्जियां उड़ा रहा है। उसे क्रीज पर जाकर स्पिनरों के खिलाफ सेट होने की कोशिश करने की जरूरत नहीं है।" उन्होंने कहा " हमने इसे इस आईपीएल और पिछले सीज़न में भी देखा है, हमने उन्हें गुणवत्ता वाले कलाई के स्पिनरों के खिलाफ, फिंगर स्पिनरों के खिलाफ देखा है। और जब आपके पास ऐसा बल्लेबाज है तो आप उसका फायदा क्यों नहीं उठाना चाहते।

पूरी तरह फिट और शानदार फॉर्म में हैं ऋषभ पंत

- टी20 विश्व कप में चयन की संभावना पर बोले गांगुली
- रविवार को मुंबई इंडियंस से होगा दिल्ली का सामना

मुंबई, एजेंसी। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने शनिवार को कहा कि ऋषभ पंत पूरी तरह से फिट हैं लेकिन वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में चयन के लिये खुद को तैयार करने में उन्हें कुछ और समय दिया जाना चाहिये। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान पंत ने दिसंबर 2022 की कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद आईपीएल के मौजूदा सत्र के जरिये वापसी की है। यह पूछने पर कि क्या पंत भारतीय टीम में चयन के लिये तैयार हैं, दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक गांगुली ने टीम के अभ्यास सत्र के बाद कहा, '' कुछ मैच हो जाने दीजिये। वह अच्छा खेल रहा है। विकेटकीपिंग, बल्लेबाजी सब कुछ अच्छा किया है।'' उन्होंने कहा, '' उसका फॉर्म शानदार है। एक हफ्ता और बीत जाने दीजिये, फिर आपके सवाल का जवाब दे सकूंगा। यह भी देखना होगा कि चयनकर्ता उसे लेना चाहते हैं या नहीं। वह फिट है, पूरी तरह से फिट।''

बटलर के जोश के आगे बेंगलुरु पस्त राजस्थान ने 6 विकेट से दी शिकस्त

विराट कोहली का नाबाद शतक नहीं आया काम, आरसीबी की 5 मैचों में चौथी हार

विराट कोहली

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान संजू सैमसन (69) और जोस बटलर (100 नाबाद) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मुकाबले में दूसरे विकेट लिये 148 रन की तेज भागीदारी कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपनी टीम को छह विकेट से जीत दिलाने के साथ अंकतालिका में शीर्ष स्थान पर काबिज कर दिया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये तीन विकेट पर 184 रन बनाये, जिसके जवाब में राजस्थान ने विजय लक्ष्य पांच गेंद शेष रहते चार विकेट पर 189 रन बनाकर हासिल कर लिया।

सवाई मानसिंह स्टेडियम पर विराट कोहली (113 नाबाद) ने अपने आईपीएल करियर का सर्वाधिक स्कोर बनाया। लेकिन संजू सैमसन और जोस बटलर ने आरसीबी के गेंदबाजों की बखिया उधेड़ते हुये विजय लक्ष्य को बौना कर दिया। आरसीबी की तरह राजस्थान के भी तीन विकेट जल्दी जल्दी आउट हुये मगर बटलर और शिमरान हेटमायर (11 नाबाद) ने टीम को लगातार चौथी जीत दिलाकर ही सांस ली। बटलर ने अपना शतक और जीत के लक्ष्य को छक्के के साथ पूरा किया। इससे पहले विराट और फाफ डुप्लेसी (44) के साथ 125 रन की शतकीय भागीदारी की मदद से राजस्थान ने तीन विकेट पर 183 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया था। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी की सलामी जोड़ी ने आक्रामक शुरुआत की। दोनो बल्लेबाजों ने पहले 14 ओवर में 125 रन ठोक कर बड़े स्कोर का संकेत दे दिया था। डुप्लेसी केओवर की पहली गेंद पर फिरकी गेंदबाज यजुवेंद्र चहल का शिकार बने जिसके बाद आखिरी के छह ओवर के खेल में विराट ने अपनी रफ्तार बढायी और मैदान के चारों ओर चौकों छक्कों की बौछार कर दी। उन्होने अपनी शतकीय परी में 72 गेंद खेल कर 12 चौके और चार ऊंचे छक्के लगाये। उन्होने पारी के आखिरी गेंद पर भी गेंद को सीमारेखा के पार पहुंचा हालांकि डुप्लेसी के बाद दूसरे छोर पर उन्हे अपेक्षित मदद नहीं मिली वरना आरसीबी का स्कोर 200 के करीब पहुंच सकता था।

जोस बटलर

मयंक के खिलाफ शॉट लगाओ या ओवर को निपटा लो : मिलर

लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स के मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से इस सत्र में बल्लेबाजों को इतना परेशान कर दिया है कि गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर ने शनिवार को अपने साथी खिलाड़ियों को सुझाव दे डाला कि जब वे आईपीएल मैच में इस युवा गेंदबाज का सामना करें तो उन पर शॉट लगाएं या फिर सावधानी से खेलकर उनके ओवर निपटा दें। यादव की सटीक और दनदनाती गेंदों ने लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम मौजूदा सत्र में अपने प्रतिद्वंद्वियों से ज्यादा मजबूती दिलायी है और वह 2024 आईपीएल सत्र में सबसे खतरनाक गेंदबाजों में से एक बन गये हैं। 21 वर्षीय यादव ने दो मैच में छह विकेट झटके हैं, जिसमें उनका औसत 6.83 का रहा है। मिलर चोट के कारण पंजाब किंग्स के खिलाफ नहीं खेल पाये थे।

बेंगलुरु 183/3 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली नाबाद	113	72	12/4
फाफ डु प्लेसी का बटलर बो चहल	44	33	2/2
ग्लेन मैक्सवेल बो बर्गर	01	03	0/0
सौरव चौहान का जायसवाल बो चहल	09	06	0/1
कैमरन ग्रीन नाबाद	05	06	0/0

गेंदबाजी : बोल्ट 3-0-30-0, बर्गर 4-0-33-1, अश्विन 4-0-28-0, आवेश 4-0-46-0, चहल 4-0-34-2, पराग 1-0-10-0

राजस्थान 189/4 — 19.1 ओवर, अतिरिक्त : 03

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल का मैक्सवेल बो टॉपली	00	02	0/0
जोस बटलर नाबाद	100	58	9/4
संजू सैमसन का दयाल बो सिराज	69	42	8/2
रियान पराग का कोहली बो दयाल	04	04	1/0
ध्रुव जुरेल का कार्तिक बो टॉपली	02	03	0/0
शिमरोन हेटमायेर नाबाद	11	06	2/0

गेंदबाजी : टॉपली 4-0-27-2, दयाल 4-0-37-1, सिराज 4-0-35-1, डागर 2-0-34-0, ग्रीन 1-0-27-0, शर्मा 2-0-29-0

डिकॉक, पूरन और मयंक के भरोसे हैट्रिक लगाने उतरेंगे जायंट्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस के मध्य मुकाबला आज रात 7:30 बजे से

अमृत विचार: एक बार फिर वही मैदान जहां आईपीएल के इस सत्र में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने जीत का अभियान शुरू किया। इस अभियान में एलएसजी के क्विंटन डिकॉक और निकोलस पूरन ने जहां रनों की बारिश की, वहीं रफ्तार के नये बादशाह मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से विरोधी टीम को उखाड़ फेंका। तीन मैचों में एलएसजी ने दो मैच जीते हैं, जिनमें जीत के हीरो यह तिकड़ी रही। एलएसजी के सामने अब जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है। रविवार को अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में एलएसजी के सामने गुजरात टाइटंस की टीम होगी।

पिछले दो मैच में एलएसजी की जीत में दिल्ली स्पीड स्टार मयंक यादव का विशेष योगदान रहा। पंजाब और बेंगलुरु के खिलाफ वह मैन ऑफ द मैच रहे। टीम प्रबंधन को एक बार फिर होम ग्राउंड पर उनसे उसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है, जैसा उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ किया था।

लखनऊ के लिए उपकप्तान पूरन और सलामी बल्लेबाज क्विवंटन डिकॉक बेहतरीन फार्म में चल रहे हैं। पंजाब के खिलाफ इन बल्लेबाजों ने शानदार बल्लेबाजी की थी। इकाना स्टेडियम में पंजाब और लखनऊ के मुकाबले में खूब रन बरसे थे। रविवार को होने वाले मुकाबले में भी एक बार मुकाबला हाईस्कोरिंग होगा। ऐसे में क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें रविवार को होने वाले मुकाबले में इस तिकड़ी पर ही होंगी। केएल राहुल, पडिक्कल और स्टोइनिस अभी तक तीनों मैचों में कुछ विशेष नहीं कर सके हैं। इन खिलाड़ियों को अपनी खोई फार्म वापस पानी होगी। गुजरात के खिलाफ आयुष बडोनी की जगह दीपक हुड्डा खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

जीत का अजेय क्रम बरकरार रखने उतरेंगे जायंट्स : कप्तान शुभमन गिल और बल्लेबाज साई सुदर्शन को छोड़कर टीम के अन्य खिलाड़ी विशेष प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। एलएसजी के अजेय क्रम को बरकरार रखने के लिए शुभमन को टीम के साथ दमदार प्रदर्शन करना होगा। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव को इकोनॉमी रेट में सुधार करने की जरूरत होगी। अनुभवी स्पिनर राशिद खान को भी फार्म में आना होगा। खास बात यह है कि राशिद खान लखनऊ की पिच से अच्छी तरह वाकिफ होने के कारण बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं।

लखनऊ सुपर जायंट्स : केएल राहुल (कप्तान), आयुष बडोनी, मयंक यादव, अरशद खान, एम सिद्धार्थ, अर्शिन कुलकर्णी, के गौतम, क्रुणाल पंड्या, एशटन टर्नर, यश ठाकुर, क्विंटन डिकॉक, नवीन उल हक, देवदत्त पडिक्कल, निकोलस, पूरन, रवि बिश्नोई, प्रेरक मांकड, अमित मिश्रा, काइल मायर्स, मोहसिन खान, युद्धवीर सिंह, डेविड विली, शमर जोसेफ, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुड्डा। **गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), अजमतुल्लाह ओमरजई, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक त्यागी, जॉश लिटिल, अभिनव मनोहर, डेविड मिलर, सुशांत मिश्रा, दर्शन नालकंडे, नूर अहमद, राशिद खान, ऋद्धिमान साहा, साई किशोर, साई सुदर्शन, संदीप वारियर, शाहरुख खान, विजय शंकर, बीआर शरत, मोहित शर्मा, मानव, राहुल तेवतिया, मैथ्यू वेड, केन विलियमसन, जयंत यादव, उमेश यादव।

बॉलीवुड हलचल

आयुष्मान खुराना ने वार्नर म्यूजिक के साथ अपना गाना 'अख दा तारा' रिलीज किया

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड के जाने माने अभिनेता-गायक आयुष्मान खुराना ने वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ अपना पहला गाना 'अख दा तारा' रिलीज कर दिया है। आयुष्मान खुराना ने पना नवीनतम सिंगल, ''अख दा तारा'' रिलीज किया है, जो वार्नर म्यूजिक इंडिया के साथ उनका पहला सहयोग है। गाना 'अख दा तारा' में आयुष्मान खुराना एक लवर के किरदार में नजर आ रहे हैं, जो ब्रेकअप के बाद की स्थिति को दिखा रहा है। वे एक लवर के मनोभावों जैसे उपेक्षा, गुस्सा, निराशा, सौदेबाजी और स्वीकृति को जाहिर कर रहे हैं। आयुष्मान खुराना ने बताया, मुझे लगता है कि मैंने ''अख दा तारा'' के साथ अपनी संगीत यात्रा में खुद को फिर से स्थापित किया है। यह ट्रैक मेरे द्वारा पहले गाए गए किसी भी ट्रैक से अलग है, इसमें पॉप संगीत के साथ दिल टूटने की भावना को इस तरह से मिश्रित किया गया है कि दोनों गहराई से महसूस होते हैं। गहरे धुनों और छंदों से भरा यह गाना ग्लोबल अपील रखता है, जो विश्व स्तर पर हमारी दस्तक का प्रतीक है। हम और अधिक गाने रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। मैं निश्चित रूप से रचना में शामिल रहूंगा और उनमें से कुछ लिखूंगा।

अक्षरा और मनकीरत का गाना 'डिफेंडर' रिलीज

मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अक्षरा सिंह का पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख के साथ गाना 'डिफेंडर' रिलीज हो गया है। अक्षरा सिंह और पंजाबी रॉक स्टार मनकीरत औलख की जोड़ी ने अपने नए गाने 'डिफेंडर' से धमाल मचा दिया है। गाने में मनकीरत औलख अपने चिर परिचित स्वैग वाले अंदाज में नजर आ रहे हैं। डिफेंडर एक हरियाणवी पॉप ट्रैक है, जिसे मनकीरत औलख के साथ हरियाणा की फीमेल सिंगर रेणुका पंवार ने आवाज दी है। इस गाने में अक्षरा सिंह ने अभिनय किया है। म्यूजिक सेवी, लिरिक्स रईस का है। निर्देशक शेरा हैं। अक्षरा सिंह ने अपने इस गाने को लेकर खुशी जाहिर की और कहा कि यह नए स्टाइल का गाना है जो ट्रेंड सेट करता है। मैं खुश हूं कि देश के दिग्गज कलाकारों के साथ इस गाने को किया है और उम्मीद करती हूं कि सबों को यह पसंद आयेगा।

ओटीटी पर 'कल्कि 2898 एडी' का एनिमेटेड वर्जन होगा रिलीज!

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म ''कल्कि 2898 एडी' का एनिमेटेड वर्जन रिलीज किया जायेगा। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य ''कल्कि 2898 एडी'' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी की अहम भूमिका है। सिनेमाघरों में रिलीज के पहले ओटीटी पर प्रभास की फिल्म ''कल्कि 2898 एडी'' का एनिमेटेड वर्जन रिलीज होगा, जिसके लिये प्रभास ने डबिंग की है। चर्चा है कि नाग अश्विन ने 'कल्कि' से जुड़ा एक एनिमेटेड वर्जन बनाया है, जो फिल्म के बैकड्रॉप पर सेट है। बताया जा रहा है कि मेकर्स फिल्म को थिएटर में रिलीज करने से पहले उस एनिमेटेड वर्जन को ओटीटी पर रिलीज करेंगे। कहा जा रहा है कि उस एनिमेटेड वर्जन के जरिए मेकर्स ऑडियंस को 'कल्कि' की दुनिया से रुबरू करायेंगे। वैजयंती मूवीज निर्मित ''कल्कि 2898 एडी'' एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 09 मई 2024 को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

हिंदी भाषा व भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रचार पर गहन चर्चा

नामपेन्ह। हिंदी भाषा और भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए भारत का 50 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल इन दिनों थाईलैंड और कंबोडिया की यात्रा पर है।

बता दें, कि यह यात्रा 2 से 8 अप्रैल तक रहेगी। बैंकॉक स्थित भारतीय दूतावास में राजदूत नागेश सिंह द्वारा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार, विश्व हिन्दी परिषद महासचिव डॉ. विपिन कुमार और प्रतिनिधिमंडल के लिए चाय की मेजबानी की गई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संघ के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश कर रहे हैं और पूरे प्रतिनिधिमंडल का समन्वय पंचमधाम के सचिव शैलेश वत्स द्वारा किया जा रहा है। इस भेंट के दौरान सभी गणमान्यों के बीच, हिंदी और भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रचार-प्रसार को लेकर काफी गहरी चर्चा हुई।

सहमति से बनाए संबंध को नहीं कह सकते गलतफहमी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने दुष्कर्म का मामला रद करते हुए की टिप्पणी

आपसी सहमति से बने शारीरिक संबंध से जुड़े दुष्कर्म मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद करने को लेकर दायर याचिका का निपटारा करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि जब महिला आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बनाने का निर्णय लेती है और इसके परिणामों को जानती हो तो उसे गलत धारणा पर आधारित सहमति नहीं कहा जा सकता।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता की पीठ ने कहा कि जब तक कोई स्पष्ट सुबूत न हो तब तक सहमति को गलत धारणा पर आधारित कहना उचित नहीं है। सहमति को लेकर किया गया वादा तत्काल प्रासंगिक होना चाहिए और इसका महिला के यौन कृत्य में शामिल होने के निर्णय से सीधा संबंध होना चाहिए। याचिकाकर्ता ने अदालत को बताया कि शिकायतकर्ता और उसने अदालत की कार्यवाही के दौरान ही आपसी सहमति से कोर्ट मैरिज कर ली और वो दोनों खुशी-खुशी रह रहे हैं। शिकायतकर्ता ने अदालत को बताया कि वह गलत धारणा के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी के साथ आगे नहीं बढ़ना चाहती थी क्योंकि परिवार के विरोध के कारण आरोपित की ओर से विवाह के लिए अनिच्छा थी। बता दें, शिकायतकर्ता ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराकर आरोप लगाया था युवक ने बार-बार शारीरिक संबंध बनाए और बाद में शादी से मुकर गया। कोर्ट ने कहा कि कार्यवाही को रद करने से दोनों पक्षों के बीच वैवाहिक संबंधों में बेहतर सामंजस्य होगा।

मालदीव ने वस्तुओं के निर्यात पर भारत का आभार जताया

माले। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर नेबरहुड फर्स्ट और सागर की अपनी नीतियों के प्रति नई दिल्ली की प्रतिबद्धता दोहराई है। मालदीव से रिश्तों में तनाव के बावजूद भारत ने द्वीप राष्ट्र को जरूरी चीजों का निर्यात करने का फैसला बरकरार रखा है। इस पर मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भारत का आभार जताया, जिस पर जयशंकर ने नई दिल्ली की नीतियों की प्रतिबद्धता दोहराई।

मूसा जमीर ने ट्वीट किया, 'मैं मालदीव को वर्ष 2024 और 2025 के दौरान भारत से आवश्यक वस्तुओं का आयात करने में सक्षम करने के लिए कोटा के नवीनीकरण के लिए जयशंकर और भारत सरकार को धन्यवाद देता हूं। भारत का यह कदम दीर्घकालिक मित्रता को दर्शाता है।

मेटा ने नेटफ्लिक्स को दी यूजर के प्राइवेट मैसेज पढ़ने की मंजूरी

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक ने नेटफ्लिक्स को डेटा के बदले में यूजर्स के प्राइवेट मैसेज एक्सेस करने की मंजूरी दी है। इस बारे में दोनों प्लेटफॉर्म के बीच एक करार हुआ था। फेसबुक की मूल कंपनी मेटा द्वारा अपने स्ट्रीमिंग व्यवसाय को बंद करने के फैसले के बीच ये खुलासा कुछ कोर्ट दस्तावेज से हुआ है। ये दस्तावेज डिजाइन, प्रौद्योगिकी वेबसाइट गिजमोडो के हाथ लगे हैं। लीक डॉक्यूमेंट में दावा किया गया है कि दोनों कंपनियों के बीच यह सौदा 2013 में हुआ था। इस एक्सेस के बदले में नेटफ्लिक्स ने फेसबुक को डेटा दिया कि यूजर ने नेटफ्लिक्स की सिफारिशों के साथ कैसे इंटरैक्ट किया, जैसे कि उन्होंने कितनी बार दूसरों को सिफारिशें भेजीं और उन सिफारिशों पर कितने क्लिक प्राप्त हुए।

- आरोपों पर कहा कि नेटफ्लिक्स के साथ उसका समझौता इंडस्ट्री में होने वाला सामान्य करार हैं। हालांकि, उसने सीधे तौर पर ये नहीं बताया कि क्या करार ने नेटफ्लिक्स से प्रतिस्पर्धा में फेसबुक वॉच को बंद करने के निर्णय में कोई भूमिका निभाई है।

मैसेज के बदले नेटफ्लिक्स ने दिए विज्ञापन

रिपोर्ट के अनुसार, नेटफ्लिक्स ने फेसबुक पर अपना विज्ञापन खर्च बढ़ा दिया था, जो 2019 की शुरुआत तक लगभग 15 करोड़ डॉलर (करीब 1250 करोड़ रुपए) प्रति वर्ष तक पहुंच गया था। नेटफ्लिक्स के संस्थापक और पूर्व पूर्व सीईओ रीड हेस्टिंग्स ने 2019 के अंत में फेसबुक बोर्ड छोड़ दिया। फेसबुक की मूल कंपनी मेटा ने इन यानी नेटफ्लिक्स ने फेसबुक को डेटा दिया और बताया कि उसके यूजर्स प्लेटफॉर्म रिकमंडेशन के हिसाब से कैसे इंटरैक्ट करते हैं और कैसे अपनी पंसद-नापसंद का चुनाव करते हैं। इससे पहले, मेटा ने एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन लागू करने का दावा किया था। कहा था कि मैसेंजर और फेसबुक पर सभी व्यक्तिगत चैट और कॉल इंक्रिप्टेड हैं।

क्या बोला मेटा

इस पर मेटा के एक प्रवक्ता ने कहा कि मुकदमे के दावे निराधार हैं। गिजमोडो के मुताबिक दोनों कंपनियों के बीच यह दोस्ताना करार एक दशक से चला आ रहा है। यह छिपा नहीं है कि ये नजदीकी साझेदारी कैसे विकसित हुई और इसका प्रबंधक कौन था। 2011-2019 तक नेटफ्लिक्स के तत्कालीन सीईओ हेस्टिंग्स फेसबुक के बोर्ड में शामिल हुए और इस साझेदारी को आगे बढ़ाया।

एक नजर

पाकिस्तान में आतंकी हमले में दो पुलिसकर्मियों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक वाहन पर घात लगाकर किए गए आतंकवादी हमले में पुलिस उपाधीक्षक और कांस्टेबल की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने बताया है कि आतंकवादियों ने लक्की मरवत जिले के मंजीवाला चौक के निकट पुलिस वाहन पर हमला किया, जिसमें डीएसपी गुल मोहम्मद खान और कांस्टेबल नसीम गुल की मौत हो गई। पुलिस की एक बड़ी टुकड़ी घटनास्थल पर पहुंची और बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने कहा कि अफगानिस्तान सीमा के निकटवर्ती क्षेत्र में हमला हुआ है, जिससे आतंकी सीमा लांघ कर दूसरी ओर भाग गए। बता दें, हाल के दिनों में प्रांत के दक्षिणी जिलों में आतंकवाद हमलों में वृद्धि हुई है।

मिस्र में फूलों की बहार

काहिरा। अफ्रीकी देश मिस्त्र में इन दिनों गेंदा, गुड़हल और अन्य प्रजाति के फूलों की कटाई चल रही है। इन फूलों का इस्तेमाल आमतौर पर सौंदर्य प्रसाधन, फार्मास्यूटिकल्स और पारंपरिक चिकित्सा में होता है। मिस्र से हर साल करीब 4 .50 लाख करोड़ रुपए का फूल निर्यात किया जाता है।

पाकिस्तान में 4.5 की तीव्रता से आया भूकंप, दहशत में आए लोग

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए हैं। शनिवार शाम चार बजकर 13 मिनट पर पड़ोसी मुल्क में धरती डोली, जिससे लोग दहशत में आ गए। बताया जा रहा है कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4 .5 रही। भूकंप के कारण कितने लोग हताहत हुए हैं इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। बता दें, कुछ दिन पहले ताइवन में भूपंक से कई क्षेत्र तबहा हो गए थे।

यूक्रेन पर रूसी हमले में 10 लोगों की मौत, कई घायल, 40 घर तबाह

कीव। पिछले 24 घंटों में यूक्रेन पर रूसी हमलों में कम से कम 10 लोगों की मौत हुई है, जबकि कई अन्य घायलय हुए हैं। जापोरिझिया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि रूसी मिसाइल हमलों में दक्षिणी शहर जापोरिझिया में 10 लोगों की मौत हुई है और अन्य 23 घायल हो गए। इसके अलावा हमले में 24 निजी घरों समेत 40 से अधिक घरों और नौ आपर्टमेंट को नुकसान पहुंचा है। जबकि इससे एक दिन पहले यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकिव पर रात भर हुए मिसाइल हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और 11 अन्य घायल हुए हैं। कमांडर ओलेशुक के अनुसार तीन मिसाइलों और 28 ड्रोनों को हवा में ही मार गिराया गया था।

बाइडन की चेतावनी के बाद नेतन्याहू के तेवर नरम, सीमा खोलने पर राजी

राहत : गाजा में भुखमरी झेल रहे लोगों तक 6 महीने बाद मदद पहुंचने की उम्मीद जगी

वाशिंगटन/यरूशलम, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की चेतावनी के बाद इजराइल के तेवर नरम पड़ गए हैं। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने बताया कि गाजा में फिलिस्तीनी नागरिकों तक मानवीय सहायता पहुंचाने की दिशा में कदम उठा रहा है।

एक अधिकारी ने उत्तरी गाजा के बीच इरेज क्रॉसिंग को फिर से खोलने की मंजूरी दी है। साथ ही इजराइली पोर्ट अशदोद के इस्तेमाल की भी इजाजत रहेगी। हालांकि घोषणा में यह नहीं बताया गया कि किन वस्तुओं को आने दिया जाएगा और किस मात्रा में आने दिया जाएगा। इससे पहले, व्हाइटहाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा कि दोनों जगहों के अलावा इजराइल ने जॉर्डन से भी मदद में वृद्धि करने पर सहमति जताई है।

बता दें कि गुरुवार को फोन पर नेतन्याहू से बाइडन ने कहा था कि गाजा में युद्ध के लिए भविष्य में अमेरिकी समर्थन नागरिकों और सहायता कर्मियों की सुरक्षा के लिए इजराइल की ओर से कदम उठाए जाने पर निर्भर करेगा। जंग के चलते गाजा में हालात खराब हैं और भुखमरी फैली है।



अंतर्राष्ट्रीय अदालत भी राहत के लिए दे चुकी है आदेश

संयुक्त राष्ट्र समेत दुनिया के कई देश गाजा में बिगड़ रहे हालात पर चिंता जता चुके हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ने भी इजराइल से क्रॉसिंगों के माध्यम से आने वाली सहायता में वृद्धि किए जाने पर जोर दिया था। पिछले महीने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने इजराइल को आदेश दिया था कि गाजा में सहायता पहुंचाने में आने वाली बाधाएं खत्म करे। तब इजराइल ने कहा था वह देरी के लिए जिम्मेदार नहीं है।

नेतन्याहू ने पहली बार हमले के चलते दो अफसरों को किया बर्खास्त

इजराइल ने सेना के दो अफसरों को बर्खास्त कर दिया है, जो गाजा में एक खाद्य चैरिटी के काफिले पर हवाई हमले में शामिल इकाई का हिस्सा थे। जिन पर कार्रवाई हुई है, उनमें ब्रिगेड फायर सपोर्ट कमांडर और ब्रिगेड चीफ ऑफ स्टाफ शामिल हैं। इसके अलावा, अतिरिक्त कमांडरों को भी इस हवाई हमले के लिए फटकार लगाई गई है। यह कार्रवाई उस घटना की जांच के बाद हुई।

ईरानी धमकी के बाद इजराइल ने सैनिकों की छुट्टी रोकी

सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले में ईरान के शीर्ष जनरल की मौत के बाद मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है। ईरान के जवाबी हमले की चेतावनी के बाद इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने सभी लड़ाकू सैनिकों की छुट्टी पर रोक लगा दी है। आईडीएफ ने कहा कि हमारे सैनिक पहले से युद्ध में हैं। स्थिति को देखते हुए अस्थायी रूप से लड़ाकू इकाइयों की छुट्टी रद्द की गई है। इसी बीच पत्रकारों और तेल अवीव में रहने वाले लोगों ने बताया कि जीपीएस सेवाएं बंद कर दी गई हैं। माना जाता है कि गाइडेड मिसाइलों को रोकने के लिए जीपीएस को बंद किया जाता है। बता दें कि दमिश्क में ईरानी दूतावास पर हुए हमले में ईरान के टॉप जनरल रेजा जहेदी और उनके डिप्टी समेत 5 अन्य अधिकारी मारे गए थे। ईरान और सीरिया ने इसके लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है। ईरान ने कहा कि यह बर्बरता पूर्ण कृत्य है और इसका हम बदला लेंगे और अपने अनुसार लेंगे।

छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए

रायपुर। तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर बड़ा नक्सल विरोधी ऑपरेशन देखने को मिला है। दरअसल, पुजारी कांकेर के कर्रीगुटा जंगलों में छत्तीसगढ़ पुलिस के सहायक सहयोग से तेलंगाना के सुरक्षा बलों के नेतृत्व में एक नक्सल विरोधी अभियान में तीन नक्सली मारे गए। मौके से नक्सलियों के शव और एलएमजी और एके-47 हथियार भी बरामद किए हैं। बता दें कि इससे पहले भी कई नक्सल अभियानों में सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है।

तेलंगाना की सीमा से लगे घने जंगल में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गये। यहां एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इलाके में अभी भी तलाशी अभियान जारी है। इस सप्ताह की शुरुआत में छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन महिलाओं सहित कम से कम 13 नक्सली मारे गए थे। बीजापुर एसपी जितेंद्र यादव ने मुठभेड़ होने की जानकारी दी है। यह उसूर थाना क्षेत्र का मामला है। छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी है।

अब बच्चे के जन्म पर माता पिता दोनों देंगे धर्म का ब्योरा

नई दिल्ली, एजेंसी

- अब तक बच्चे के जन्म के समय परिवार का धर्म का विवरण दर्ज होता था

अब बच्चे के जन्म के रजिस्ट्रेशन में माता और पिता के धर्म का ब्योरा अलग- अलग दर्ज होना जरूरी होगा। अब तक बच्चे के जन्म के समय परिवार का धर्म का विवरण दर्ज होता था। गृह मंत्रालय ने इस बारे में मसौदा तैयार किया है। मसौदा राज्यों को भी भेजा गया है। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया है कि, प्रस्तावित फॉर्म नंबर-1 में बच्चे के परिवार के धर्म के साथ-साथ एक कॉलम और जोड़ा गया है जिसमें माता-पिता के धर्म का उल्लेख होगा।

गोद लेने की प्रक्रिया में भी फॉर्म नंबर- 1 जरूरी होगा। पिछले साल पारित जन्म-मृत्यु पंजीयन (संशोधन) कानून के अनुसार राष्ट्रीय स्तर पर जन्म और मृत्यु का पंजीयन होगा। 1 अक्टूबर 2023 से प्रभावी हुए इस कानून के अनुसार जन्म और मृत्यु का डिजिटल रजिस्ट्रेशन होगा। बच्चे के माता-पिता के धर्म के बारे में जानकारी सांख्यिकी विभाग के साथ साझा होगी। इस डेटाबेस से आधार, एनपीआर और वोटर लिस्ट भी अपडेट होगी

जानकारी के अनुसार जन्म रजिस्ट्रेशन के नए फॉर्म नंबर-1 से

मिले डेटाबेस के आधार पर एनपीआर (नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर), आधार कार्ड, वोटर लिस्ट, राशन कार्ड, पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस जैसे दस्तावेज को भी अपडेट किया जा सकेगा। जन्म का यह डिजिटल सर्टिफिकेट सिंगल डॉक्यूमेंट (एकल दस्तावेज) के रूप में मान्य होगा। ये किसी भी शिक्षण संस्थान में दाखिले के लिए जन्म का मान्य दस्तावेज भी होगा। गृह मंत्रालय के तहत आरजीआई ने मृत्यु प्रमाण-पत्र में अब मृत्यु के तात्कालिक कारणों के साथ-साथ पुरानी बीमारी के उल्लेख को भी जरूरी किया है। आरजीआई देश भर में जन्म और मृत्यु के डेटा का संधारण राष्ट्रीय स्तर पर करेगा। आरजीआई को राज्यों के चीफ रजिस्ट्रार से लेकर पंचायत स्तर के अधिकारियों के साथ को-ऑर्डिनेशन के अधिकार भी सौंपे गए हैं।

असामान्य बर्फबारी...

कैलिफोर्निया : अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित बिग बेयर माउंटेन रिजॉर्ट में भीषण बर्फबारी का दौर अब तक जारी है। एक हफ्ते में इस क्षेत्र में दो फीट बर्फबारी हुई। यह असामान्य है, क्योंकि मार्च के आखिर तक बर्फबारी थमने लगती है। अभी आगे भी एक से दो दौर तक अच्छी बर्फबारी के आसार हैं। कैलिफोर्निया के मौसम विभाग के मुताबिक सर्दियों में जमकर बारिश हुई थी। उसके बाद अक्टूबर के आखिर से ही बर्फबारी होने लगी। यह घटनाएं भी असामान्य रहीं। आमतौर पर बर्फबारी नवंबर से शुरू होती है। ● एजेंसी

लाओस में अवैध काम में फंसे 17 भारतीय लौट रहे स्वदेश : जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लाओस में धोखे से गैरकानूनी काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगारों को स्वदेश वापस लाया जा रहा है। जयशंकर ने कहा, मोदी की गारंटी सभी के लिए देश-विदेश में हर कहीं काम करती है।

बता दें, विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को भारतीय नागरिकों को कंबोडिया में आकर्षक नौकरी के अवसरों का वादा करने वाले मानव तस्करों का शिकार बनने के प्रति आगाह किया था। विदेश मंत्रालय कहा था, कंबोडिया में आकर्षक नौकरी के अवसरों के फर्जी वादों से आकर्षित होकर भारतीय नागरिक मानव तस्करों के जाल में फंस रहे हैं। लेकिन अब सभी भारतीयों को सुरक्षित स्वदेश लौट रहे हैं।

अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत, जांच जारी

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- भारतीय वाणिज्य दूतावास ने घटना की दी जानकारी

अमेरिका में लगातार भारतीय छात्रों की मौतें हो रही हैं। एक और अमेरिकी राज्य ओहियो में एक भारतीय छात्र की मौत की खबर आई है। इसकी जानकारी न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को दी। दूतावास ने कहा कि पुलिस जांच चल रही है। हमारा भारत में परिवार के संपर्क में बना हुआ है। टीआरए सहित हरसंभव सहायता दी जा रही है। वहीं, मौत का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

वाणिज्य दूतावास ने कहा कि मृतक छात्र के परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की गई है, वहीं, छात्र के शव को जल्द से जल्द भारत पहुंचाने के लिए भी हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ओहियो के क्लीवलैंड में एक भारतीय छात्र श्री उमा सत्य साईं गड्डे के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से गहरा दुख हुआ। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका में भारतीय मूल के छात्रों की मौतें बढ़ रही हैं। इससे पहले मार्च में, एक 25 वर्षीय भारतीय छात्र अमेरिका के क्लीवलैंड इलाके से लापता हो गया था, जिसके कुछ दिन बाद पीड़ित के परिवार से फोन करके फिरौती मांगी गई थी।

केरल में प्रवासी मजदूर की पीट-पीटकर हत्या 10 लोग गिरफ्तार

तिरुवनंतपुरम। केरल के मुवातुपुझा में एक मॉब लिंचिंग का कथित सनसनीखेज मामला सामने आया है। दो दिन पहले भीड़ ने एक प्रवासी मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी है। पुलिस ने इस मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान अशोक दास (24) के तौर पर की गई है। वह अरुणाचल प्रदेश का रहने वाला बताया गया है। मृतक नौकरी के लिए केरल आया था और मुवातुपुझा के करीब वलकम में एक किराए के घर में रह रहा था। पुलिस ने जो एफआईआर दर्ज की है, उसके मुताबिक, दास को एक खंभे में बांधकर पीटा गया। बाद में अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

विज्ञान नए शोध से हुआ खुलासा, हमारी आकाशगंगा में सदी में एक बार सुपरनोवा विस्फोट की होती है संभावना

ब्रह्मांड के सौवें हिस्से में हर सेकंड में होता है सुपरनोवा विस्फोट

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: सुपरनोवा विस्फोट से उत्पन्न होने वाले विकिरण से पृथ्वी पर जीवन के लिए खतरे की संभावना से इंकार नही किया जा सकता। ब्रह्मांड में प्रत्येक सेकंड में सौवें हिस्से में एक सुपरनोवा विस्फोट होता है, जबकि हमारी आकाशगंगा में सदी में एक बार सुपरनोवा विस्फोट होने की संभावना रहती है।

हाल में हुए शोध में यह जानकारी सामने आई है। पृथ्वी बाहरी खतरों से कभी भी अछूती नही रही है। क्षुद्रग्रहों से अनगिनत मार सहती रही है। मगर इन सब में ऊपर एक बड़ा खतरा सुपरनोवा से है। जिससे उत्पन्न विकिरण पृथ्वी पर

सुपरनोवा विस्फोट के बाद का दृश्य।

जीवन के लिए भयानक खतरा हो सकता है। सुपरनोवा विस्फोट सूर्य से कई गुना बड़े तारों में होता है। यह विस्फोट तारे के अंत समय में होता है।

यानि विस्फोट के साथ उसकी मौत हो जाती है। सूर्य के आकार के बराबर तारों की बात करें तो उनके अंत समय के बाद वह सफेद बौना तारे में बदल जाते हैं, लेकिन सूर्य से आठ गुना विशाल तारे की मौत सुपरनोवा विस्फोट के साथ बेहद हिंसक रूप से होती है। सुपरनोवा विस्फोट से होने वाले खतरे की संभावना को लेकर किए अध्ययन के मुताबिक किसी भी आकाशगंगा में सुपरनोवा विस्फोट की घटना एक शताब्दी में केवल कुछ ही बार घटित होती है। ये हिंसक विस्फोट आम तौर पर इतने दूर होते हैं कि पृथ्वी पर लोगों को इसका पता ही नहीं चलता। किसी मरते हुए तारे का हमारे ग्रह पर जीवन पर प्रभाव डालने के लिए उसे पृथ्वी से 100 प्रकाश वर्ष के भीतर ये घटना होनी चाहिए।

यदि यह दूरी 30 प्रकाश वर्ष के भीतर हो तो पृथ्वी के जीवों के लिए बेहद खतरनाक हो सकती है। यूनिवर्सिटी ऑफ़ एस्ट्रोनॉमी व एरिज़ोना यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के सामुहिक शोध के अनुसार ब्रह्मांड में 100 अरब आकाशगंगाओं में कहीं न कहीं एक सेकंड के सौवें हिस्से में एक सुपरनोवा विस्फोट होता है।

2.5 मिलियन वर्ष पूर्व सुपरनोवा विस्फोट के सबूत समुद्र में खोजे

खगोलविदों ने 300 प्रकाश वर्ष दूर एक सुपरनोवा विस्फोट के सबूत समुद्र की गहराई से खोज निकाले हैं। यह विस्फोट 2 .5 मिलियन वर्ष पहले हुआ था। समुद्र तल की तलछट में फंसे रेडियोधर्मी परमाणु इस घटना के स्पष्ट संकेत हैं। विस्फोट में गामा किरणों के विकिरण ने ओजोन परत को नष्ट कर दिया था। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस घटना ने जलवायु को ठंडा कर दिया होगा। जिससे कुछ प्राचीन प्रजातियाँ विलुप्त हो गईं।

जयपुर में बांग्लादेशी की किडनी निकाली फिर गुरुग्राम भेजा

गुरुग्राम। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शनिवार को गुरुग्राम में किडनी रैकेट का भंडाफोड़ किया। यह रैकेट जयपुर में चलाया जा रहा था। टीम ने गुरुग्राम के सेक्टर-39 के बाबिल पाला होटल के गेस्ट हाउस में छापा मारा तो एक बांग्लादेशी मो. शमीम नामक युवक मिला। इसकी किडनी जयपुर के फोर्टिस अस्पताल में निकाली गई और फिर डे-केयर के लिए गुरुग्राम के होटल में रखा गया था।

टीम ने बाद में 4 और किडनी ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीज पकड़े। पुलिस ने गेस्ट हाउस संचालक रोहित सहित अन्य पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। हरियाणा स्वास्थ्य विभाग के डिप्टी सीएमओ डॉ. पवन चौधरी ने बताया कि एक होटल में किडनी प्रत्यारोपण रैकेट की सूचना मिली थी, जिसके बाद छापा मारा गया।

बड़ी कंपनियां ट्रांसजेंडर कर्मियों की कर रहीं भर्ती

नई दिल्ली, एजेंसी

- टाटा स्टील अब तक 120 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की कर चुकी है नियुक्ति

देश में टाटा स्टील, आरजे कॉर्प, पब्लिसिस सेपिएंट जैसी और अन्य बड़ी कंपनियां ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की भर्ती कर रही है। कुछ कंपनियों ने इसके लिए अपनी पॉलिसी भी बदली है।

टाटा स्टील तो अब तक 120 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की नियुक्ति भी कर चुकी है। कंपनी ने हाल ही में 50 नए ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की भर्ती की पहल की है। इसके लिए करीब 300 आवेदन आए। कंपनी ने इस कई कंपनियां अपनी नीतियों को ट्रांसजेंडरों के अनुकूल बना रही हैं। इसके लिए नियुक्ति नियमों में बदलाव शुरू किया है। कुछ लोग ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर रहे हैं।

हार्मोन थेरेपी के लिए ज्यादा स्टाइपेंड दे रही हैं। अधिकांश कंपनियां अब ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा लाभ दे रही हैं जिनमें हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी के साथ-साथ लिंग परिवर्तन सर्जरी भी शामिल है।

बैच में 14 ट्रांसजेंडरों को नियुक्ति भी की है। डिजिटल सर्विस कंपनी पब्लिसिस सैपिएंट ने रेनबो इंटर्नशिप जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को काम पर रखा है। ईएसएल स्टील भी प्रशासन/सुरक्षा कार्यों में ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को नियुक्त करने की योजना तैयार की है। पेप्सिको ने भी ऐसी योजना बनाई है।